दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

बाज नहीं आया पाकिस्तान 3 घंटे में ही

तोड़ा संघर्ष विराम !

पाकिस्तान ने नहीं माना सीजफायरः कई इलाकों में ब्लैकआउट, उधमपुर में धमाका; श्रीनगर-बारामूला-छंब में गोलीबारी

भारत ने इन जगहों पर की कार्रवाई

भारत ने नूर खान एयर बेस, रावलपिंडी, मुरिद एयर बेस, चकवाल, रफीकी एयर बेस, शोरकोट, रफीकी, मुरीद, चकलाला, रहीम यार खान, सुकूर और चूनिया में मौजूद एयरबेस, रडार और मिलिट्री इंस्टालेशन को नुकसान पहुंचाया।

ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के ये शीर्ष 5 आतंकवादी मारे गए

1) अबू जुंदाल- (लश्कर-ए-तैयबा) मुरीदके में मरकज तैयबा का प्रभारी था।	2) हाफिज मुहम्मद (जैश-ए-मोहम्मद) मसूद अजहर का बहनोई	3) मो. यूसुफ अजहर (जैश-ए-मोहम्मद) मसूद अजहर का साला	4)खालिद/अबू अकाशा (लश्कर-ए-तैयबा) जम्मू और कश्मीर में कई आतंकी में शामिल।	5) मोहम्मद हसन खान (जैश-ए-मोहम्मद) पीओके में जैश के ऑपरेशन कमांडर मुफ्ती असगर का बेटा।

आज बेबाक

इसे ही कहते हैं मारो घुटना फूटे आंख। भारतीय सेना पाकिस्तान की बैंड बजा रही है लेकिन तकलीफ हो रही है भारत में रहने वाले पाकिस्तान परस्तो को। जो भारतीय सेना की सैन्य कार्यवाही से आहत हो रहे हैं और दुखी आत्मा बनकर अब इस कार्यवाही को रोकने की जरूरत पर बल दे रहे हैं। कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने भी ऐसी मांग कर यह साबित कर दिया है कि वे आज भी पाकिस्तान की पैरोकार बनी हुई हैं। पहली फुर्सत में भारतीय सेना और सरकार को एक सर्जिकल स्ट्राइक ऐसे लोगों के खिलाफ भी करनी चाहिए।

ऐसे बदलते गए घटनाक्रम

- सीजफायर पर पाक-भारत में शाम पांच बजे सहमत
- अमेरिकी राष्ट्रपति की मध्यस्था से सीजफायर पर भारत अपनी शर्तों पर सहमत हुआ
- चीन ने भी पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की
- फ्रांस ने सीजफायर का स्वागत किया
- ठीक 3 घंटे बाद नियंत्रण रेखा पर ड्रोन से पाक का हमला शुरू
- जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुला का बयान, ये कैसा सीजफायर
- विदेश सचिव ने पाक द्वारा सीजफायर उल्लंघन करने की जानकारी दी

पाक का दोगलापन फिर उजागर
भारत ने उल्लंघन पर दी कड़ी चेतावनी
सेना को कड़ी जवाबी कार्रवाई के लिए खुली छूट दी गई है : मिस्री

नयी दिल्ली (वार्ता)। आतंकी देश पाकिस्तान ने सीजफायर के कुछ ही घंटे में उल्लंघन कर दिया है, इससे एक बार फिर पाक का दोगलापन उजागर हो गया है, इसे देखते हुए केंद्रीय गृह विभाग के सचिव ने सभी राज्यों के गृह सचिवों को अलर्ट रहने के दिशा-निर्देश जारी किए है। महज तीन घंटे के बाद से ही नियंत्रण रेखा पर ड्रोन से हमलों की कोशिश जम्मू-कश्मीर सहित कई राज्यों के रिहायशी इलाकों पर की, जिसे सेना ने हवा ही में मार गए। तेजी से बदलते घटनाक्रम की कड़ी में कूटनीतिक तौर पर जहां चीन ने पाकिस्तान की संप्रभुता का समर्थन देते हुए भारत में हुए पहलगाम में आतंकी घटना की निंदा की है। इसी बीच फ्रांस ने भी सीज फयार का स्वागत करते हुए भारत-पाक को बधाई दी, वैसे पूरी सीजफायर करने में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मध्यस्थता की थी, जिसे भारत ने अपनी शर्त अगर भविष्य में आतंकी हमला हुआ तो उसे पाक द्वारा युद्ध की घोषणा मानी जाएगी। इन प्रतिक्रियों के बीच आतंकी पाकिस्तानी सेना ने अपना दोगलापन फिर उजागर करते हुए नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी के साथ ड्रोन से हमले की नापाक कोशिश की। इस में एक भारतीय जवान के जख्मी होने की सूचना मिल रही है।

सैन्य कार्रवाई रोकने पर बनी सहमति का चंद घंटे में ही उल्लंघन करने पर भारत ने शनिवार रात पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी कि यदि वह स्थिति को जल्द ही नियंत्रित नहीं करता है तो भारतीय सशस्त्र बल किसी भी तरह के दुस्साहस का करारा जवाब देने से पीछे नहीं हटेंगे।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने शनिवार देर रात वर्चुअल मीडिया ब्रीफिंग में कहा, ÷पिछले कुछ दिनों से चल रही सैन्य कार्रवाई को रोकने के लिए भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ के बीच आज शाम एक सहमति बनी। लेकिन पिछले कुछ घंटों से पाकिस्तान इस सहमति का उल्लंघन कर रहा है।÷

श्री मिस्री ने कहा कि भारतीय सेना जवाबी कार्रवाई कर रही है और सीमा पर इससे निपट रही है। यह उल्लंघन बेहद निंदनीय है और इसके लिए पाकिस्तान जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि पाकिस्तान को इस स्थिति को ठीक से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

श्रीनगर में कई विस्फोट, पाकिस्तान से भेजे ड्रोन ध्वस्त

जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में शनिवार सुबह कई विस्फोटों की आवाजें सुनी गयीं, कम से कम आधे घंटे तक रुक-रुक कर विस्फोट होते रहे। इस बारे में हालांकि कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है कि विस्फोट कहां हुये, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। शुक्रवार शाम को कश्मीर के बारामूला से लेकर गुजरात के भुज तक, अंतरराष्ट्रीय सीमा और पाकिस्तान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पाक को हमने बहुत भारी नुकसान पहुंचाया' : कर्नल सोफिया कुरैशी

नई दिल्ली (ए.)। अमेरिका की मध्यस्थता के बाद भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्ध विराम पर सहमत हो गए हैं. भारत की ओर से विदेश मंत्री विक्रम मिसरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताया कि पाकिस्तान की ओर उसकी सेना के डीजीएमओ ने तनाव कम करने के लिए भारतीय सेना के डीजीएमओ से संपर्क किया. इसके बाद भारत अपनी शर्तों पर युद्धविराम के लिए राजी हुआ।

अमेरिका की मध्यस्थता के बाद भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्ध विराम पर सहमत हो गए हैं। भारत की ओर से विदेश मंत्री विक्रम मिसरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राष्ट्रपति ट्रंप ने की मध्यस्थता-युद्धविराम को मान गए थे भारत-पाक
कोई भी आतंकी हमला युद्ध 'मानेगा' भारत

नई दिल्ली (ए.)। भारत और पाकिस्तान ने संयुक्त राज्य अमेरिका की मध्यस्थता में चली लंबी बातचीत के बाद युद्धविराम पर सहमति जता दी है। इसे लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्वीट किया है। इशके पहले पीएम और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल सहित तीनों सेनाओं की बैठक में भारत ने निर्णय लिया है कि भविष्य में उसकी जमीन पर किसी भी आतंकवादी हमले को भारत के विरुद्ध युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और उसका जवाब उसी प्रकार दिया जाएगा। भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव जारी है। जम्मू-श्रीनगर से लेकर पठानकोट और पोखरण तक पाक के ड्रोन हमले की कोशिश सेना ने नाकाम कर दिया है। शुक्रवार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मोदी ने उच्च स्तरीय बैठक में सीमा की स्थिति का आंकलन किया

नईदिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर शनिवार को यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में सीमा की मौजूदा स्थिति का जायजा लिया और पाकिस्तान के सैन्य दुस्साहस का जवाब देने की रणनीति पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास पर हुई बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफमार्शल एपी सिंह और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 7, लोक कल्याण मार्ग पर एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एनएसए अजीत डोभाल, सीडीएस जनरल अनिल चौहान, सशस्त्र बलों के प्रमुख और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस बैठक को इसलिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि पाकिस्तान ने आज सुबह विभिन्न सैन्य और हवाई प्रतिष्ठानों पर हवाई हमले किए, जिन्हें भारतीय रक्षा बलों ने नाकाम कर दिया।

अफगानिस्तान को लेकर भी पाक ने बोला झूठ

पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों ने दावा किया था कि भारत द्वारा किए गए मिसाइल हमलों में अफगानिस्तान का क्षेत्र भी प्रभावित हुआ है. हालांकि अफगानिस्तान ने न केवल इस दावे को झूठा बताया, बल्कि यह भी संकेत दिया कि पाकिस्तान क्षेत्रीय तनाव को बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने पाकिस्तान के उस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है जिसमें कहा गया था कि भारत ने अपनी मिसाइलों से अफगान क्षेत्र पर हमला किया है। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इनायतुल्लाह खावरिज़मी ने हुर्रियत रेडियो से बातचीत में कहा कि ऐसे किसी भी हमले का कोई आधार नहीं है, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रस्तावित 'होलसेल कॉरिडोर' प्रोजेक्ट पर फिलहाल ब्रेक लगा

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर अटल नगर में प्रस्तावित 'होलसेल कॉरिडोर' प्रोजेक्ट पर फिलहाल ब्रेक लग गया है। पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में तैयार किए गए होलसेल कॉरिडोर प्रोजेक्ट को निरस्त किया जा चुका है। होलसेल कॉरिडोर निर्माण के लिए अब नए सिरे से प्रोजेक्ट तैयार किया जाएगा। नवा रायपुर में बसाहट, निवेश व वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए होलसेल कॉरिडोर विकसित करने का निर्णय लिया गया था. पूर्व में 'होलसेल कॉरिडोर' के लिए नवा रायपुर में 1083 एकड़ जमीन चिन्हित कर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

देश के पहले हाइड्रोजन ईंधन चलित ट्रक का मुख्यमंत्री साय ने किया शुभारंभ

■ **अडानी कार्गो परिवहन के लिए बैटरी से चलने वाले ट्रक विकसित कर रहा**

रायपुर /नवप्रदेश। सीएम विष्णुदेव साय ने शनिवार को सीएम हाउस रायपुर से भारत के पहले हाइड्रोजन ईंधन चलित ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने अडानी समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज के स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने के लिए देश के पहले हाइड्रोजन ईंधन सेल ट्रक को हरी झंडी दिखाकर गतव्य के लिये रवाना किया।

इस ट्रक का इस्तेमाल गारे पेल्मा थर्ड ब्लॉक से राज्य के बिजली संयंत्र तक कोयले के परिवहन के लिए किया जाएगा। स्मार्ट तकनीक से लैस ये ट्रक 200 किलोमीटर की दूरी तक 40 टन तक का माल ले जा सकते हैं। हाइड्रोजन से चलने वाले ये ट्रक धीरे-धीरे कंपनी के लॉजिस्टिक्स संचालन में इस्तेमाल होने वाले डीजल वाहनों की जगह ले लेंगे। एक भारतीय और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी फर्म और एक प्रमुख ऑटो निर्माता के सहयोग से अडानी कार्गो परिवहन के लिए हाइड्रोजन ईंधन सेल बैटरी से चलने वाले ट्रक विकसित कर रहा है।

25 साल बाद आतंक का खात्मा : ऑपरेशन सिंदूर में मसूद अजहर का साला ढेर

नई दिल्ली/ए.। भारतीय सेना ने सात मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ठिकानों पर बड़ा हमला किया। इस ऑपरेशन में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया और कई बड़े आतंकवादी मारे गए। सबसे अहम बात यह रही कि इस हमले में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के चीफ मसूद अजहर का साला मो. यूसुफअजहर मारा गया।

2002 में अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल की हत्या के मामले में भी अप्रत्यक्ष रूप से यूसुफअजहर का नाम जुड़ा हुआ था। डेनियल पर्ल के पिता जुडिया पर्ल ने इस ऑपरेशन के बाद कहा कि यूसुफ का संगठन जैश-ए-मोहम्मद उस समय डेनियल के अपहरण के लिए जिम्मेदार उमर शेख की रिहाई में अहम भूमिका में था। उन्होंने कहा, 'हालांकि यूसुफ सीधे मेरे बेटे के अपहरण में शामिल नहीं था, लेकिन उसी ने उस हाईजैकिंग की साजिश रची थी जिससे उमर शेख रिहा हुआ और बाद में डेनियल पर्ल का किडनैपर बना।'

IC-814 अपहरण का मुख्य आरोपी था यूसुफअजहर

बहावलपुर : आतंक की फैक्ट्री

पूर्व पत्रकार और डेनियल पर्ल की साथी असरा नोमानी ने भी भारत की इस कार्रवाई का समर्थन किया। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के बहावलपुर शहर को आतंकवादी तैयार करने का अड्डा बनाया गया है। उन्होंने कहा, 'जब मैंने सुना कि भारत ने बहावलपुर में आतंकियों के ठिकानों पर बमबारी की, तो मुझे वही शहर याद आया जहां मेरे दोस्त डेनियल पर्ल ने 2001 में रिपोर्टिंग की थी। बहावलपुर जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ है।' बहावलपुर में जैश का मुख्यालय 'मरकज सुब्हान अल्लाह' है, जो 2015 से सक्रिय है। यहीं मसूद अजहर और उसका परिवार रहता है। इस सेंटर को 2019 के पुलवामा हमले समेत कई आतंकी हमलों से जोड़ा गया है।

पाकिस्तान की नीतियों पर सवाल

असरा नोमानी ने पाकिस्तान पर आरोप लगाया कि उसने अपने ही आतंकियों को कभी भी काबू में नहीं किया। उन्होंने कहा, 'उमर शेख और मसूद अजहर जैसे आतंकियों को पाकिस्तान ने जेल में डालने के बजाय सरकारी सुरक्षा में रखा। उन्होंने न सिर्फभारत, बल्कि पाकिस्तान के भीतर भी निर्दोष लोगों पर हमले किए।' उन्होंने भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' की तारीफकरते हुए कहा, 'पाकिस्तान को खुद अपने इन आतंकी अड्डों को खत्म करना चाहिए था। अब भारत ने जो किया है, वह रणनीतिक तौर पर सही कदम है।'

आतंकवाद के खिलाफ भारत का सख्त संदेश

भारतीय सेना का यह ऑपरेशन साफ संकेत देता है कि भारत अब आतंकवाद के खिलाफ सीधी कार्रवाई के रास्ते पर है। इस बार न सिर्फ आतंकियों को निशाना बनाया गया, बल्कि उनके परिवार और मुख्यालय तक पहुंच कर उन्हें सबक सिखाया गया। बहावलपुर और मुजफ्फराबाद जैसे इलाकों में आतंकवादी ठिकानों पर बमबारी करके भारत ने यह भी दिखा दिया कि अब वह सिर्फबचाव नहीं, बल्कि हमला करेगा।

कौन था यूसुफअजहर ?

मो. यूसुफअजहर न सिर्फमसूद अजहर का रिश्तेदार था, बल्कि जैश-ए-मोहम्मद का बड़ा ऑपरेशनल कमांडर भी था। वह आतंकियों को हथियार चलाने की ट्रेनिंग देता था और जम्मू-कश्मीर में कई बड़े आतंकी हमलों में शामिल रहा। सबसे कुख्यात उसकी भूमिका 1999 में हुई इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट आईसी-814 के अपहरण में रही, जिसे काठमांडू से दिल्ली आते वक्त हाईजैक कर लिया गया था। उस घटना में भारत को मजबूरी में तीन बड़े आतंकियों को रिहा करना पड़ा था- जिनमें मसूद अजहर और ब्रिटिश-पाकिस्तानी आतंकी उमर शेख भी शामिल थे। यूसुफअजहर पर इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी कर रखा था।

भारत ने आईएमएफ को पाकिस्तान के नियत को लेकर आगाह किया

नई दिल्ली/ए.। आतंकियों का पनाहगाह पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति बद से बदतर है। यही कारण है कि भारत के साथ तनाव के बीच पाकिस्तान को अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के सामने हाथ फैलाने पड़े। इसी बीच भारत ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) को पाकिस्तान के नियत को लेकर आगाह किया कि पाकिस्तान को दिए जा रहे एक अरब डॉलर के कर्ज का इस्तेमाल सीमा पार प्रायोजित आतंकवाद के लिए हो सकता है।

मामले में भारत के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि भारत ने आईएमएफ से पाकिस्तान के खराब रिकॉर्ड और कर्ज के दुरुपयोग की संभावना पर गंभीर सवाल उठाए हैं।सरकार ने कहा कि पाकिस्तान लंबे समय से आईएमएफसे कर्ज लेता आ रहा है, लेकिन वह शर्तों को पूरा करने और आर्थिक सुधारों को लागू करने में लगातार विफल रहा है।

आईएमएफदेगा पाकिस्तान को एक अरब का कर्ज

बता दें कि भारत सरकार यह बयान तब आया जब आईएमएफने शुक्रवार को पाकिस्तान के लिए एक्सटेंडेड फंड फैसिलिटी (EFF) के तहत 1 अरब डॉलर की रकम जारी करने को मंजूरी दी। मामले में आईएमएफने कहा कि इस फैसले से अब तक पाकिस्तान को कुल 2.1 अरब डॉलर की राशि मिल चुकी है।



भारत ने बैठक में नए कर्ज का किया विरोध

हालांकि भारत ने आईएमएफकी बैठक में पाकिस्तान को कुल 2.3 अरब डॉलर का नया कर्ज दिए जाने के प्रस्ताव का विरोध किया और बैठक में वोटिंग से दूर रहकर अपना विरोध दर्ज कराया। साथ ही भारत ने चेताया कि ऐसे देशों को लगातार कर्ज देना जो सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं, न केवल वैश्विक मूल्यों का अपमान है, बल्कि इससे दाताओं और वित्तीय संस्थानों की छवि को भी खतरा पहुंचता है।

भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ता तनाव

गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को आतंकियों ने पर्यटकों पर हमला किया। धर्म पूछकर उन्हें गोली मारी, जिसके बाद पूरे भारत में आक्रोश का माहौल बढ़ गया। देश में आतंकियों के खिलाफकड़ी कार्रावई की मांग तेज हो गई। इसी दौरान 6-7 मई की दरमियानी रात भारत ने जवाबी कार्रवाई की और ऑपरेशन सिंदूर के तहत 24 मिसाइलें दागी। साथ ही आतंकियों के नौ ठिकानों को नष्ट कर दिया। इसके बाद आठ मई को पाकिस्तान ने भारत के 15 शहरों पर हमला करने की कोशिश की। गुरुवार देर रात को भी पाकिस्तान ने जम्मू, जैसलमेर समेत तमाम जगह ड्रोन हमले की कोशिश की। इसका भी भारत ने करारा जवाब दिया।

हरियाणा के खेतों में मिले पाक के 'फतेह-2' के टुकड़े

सेना ने हिरासत में ले लिया; लक्ष्य था दिल्ली..

नई दिल्ली/ए.। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव अब बहुत बढ़ गया है। कल रात हरियाणा के सिरसा जिले में एक पाकिस्तानी मिसाइल को भी मार गिराया गया। इसके टुकड़े अब एक खेत में पाए गए हैं। रक्षा सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तान ने कल रात दिल्ली को निशाना बनाकर फतेह-2 मिसाइल दागी, जिसे भारतीय सेना ने सिरसा में मार गिराया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना सिरसा के रानिया के पास हुई। इस स्थान पर रात करीब साढ़े बारह बजे रोशनी देखी गई और फिर जोरदार विस्फोट की आवाज सुनी गई। विस्फोट के बाद एक घर में लगे सीसीटीवी फुटेज में रात को दिन जैसा प्रकाश दिखाई दिया। दूसरी ओर, शनिवार सुबह रानिया रोड स्थित खाजा खेड़ा गांव के एक खेत में पाकिस्तानी मिसाइल के टुकड़े पड़े मिले, जिन्हें सेना के जवानों ने बरामद कर लिया।

वास्तव में क्या हुआ?

अचानक, एक चमकीली रोशनी हुई और तीन विस्फोट हुए। इसके बाद शहर की बिजली काट दी गई और सभी घरों की लाइटें बंद कर दी गईं। यह कहानी सिरसा मिसाइल हमले की घटना के प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा बताई गई है।

एक कार्यक्रम से घर लौट रहे एक व्यक्ति ने बताया हमारी कार में चार लोग थे और हमने फ्लाईओवर के पास कार रोकी। इसी दौरान आसमान में एक रोशनी दिखाई दी और फिर एक धमाका हुआ। उस समय वहां करीब 10-15 लोग खड़े थे, वे सभी भाग गए।

लेकिन हमें आया कि यह आवाज किसकी है और हमने कार की लाइट बंद कर दी। फिर 2 मिनट बाद शहर की बिजली चली गई। एक अन्य व्यक्ति ने बताया इसके बाद पुलिस हमारे पास भी आई और हमसे पूछताछ की। हमने पुलिस को घटना की जानकारी दी।

सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

मीडिया को खबर हटाने को कहना कोर्ट का काम नहीं

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मीडिया को उसकी सामग्री या खबर हटाने के लिए कहना अदालतों का काम नहीं है। शीर्ष अदालत ने इस टिप्पणी के साथ न्यूज एजेंसी एएनआई के मामले से जुड़े विकिपीडिया पेज को हटाने का निर्देश देने वाले दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को खारिज कर दिया।

मामले में जस्टिस अभय एस ओका व जस्टिस उज्ज्ल भुइयां की पीठ ने इस सिद्धांत को दोहराया कि अदालतें जनता के लिए खुली संस्थाएं हैं। न्यायिक कार्यवाही के बारे में मीडिया रिपोर्टिंग पर हल्के ढंग से अंकुश नहीं लगाया जा सकता।

पीठ ने कहा कि एक सार्वजनिक संस्था के रूप में अदालतों को हमेशा जनता के लिए खुला रहना चाहिए और जो मुद्दे विचाराधीन हैं, उन पर जनता और प्रेस में बहस की जा सकती है। न्यायालय का यह कर्तव्य नहीं है कि वह मीडिया को कहे कि इसे हटाओ और उसे हटाओ। एएनएआई ने विकिपीडिया के स्वामित्व वाली विकिमीडिया फाउंडेशन पर आरोप लगाया था कि उसके पेज न्यूज एजेंसी के एक मामले के संदर्भ में दी गई जानकारी अपमानजनक है और अदालती कार्यवाही में हस्तक्षेप के समान है।

न्यायपालिका मीडिया दोनों लोकतंत्र के आधारभूत स्तंभ

जस्टिस भुइयां ने कहा, न्यायपालिका और मीडिया दोनों ही लोकतंत्र के आधारभूत स्तंभ हैं, जो संविधान की एक बुनियादी विशेषता है। उदार लोकतंत्र के लिए, दोनों को एक-दूसरे का पूरक होना चाहिए। किसी भी व्यवस्था में सुधार के लिए, जिसमें जिम्मेदार भी शामिल है, आत्मनिरीक्षण महत्वपूर्ण है। यह तब हो सकता है जब न्यायालय के मौजूदा विद्वानों पर भी बहस हो।

जज आलोचनाओं का जवाब नहीं दे सकते

इसके साथ ही पीठ ने कहा, हालांकि आलोचना करने वालों को याद रखना चाहिए कि जज ऐसी आलोचना का जवाब नहीं दे सकते। लेकिन अगर कोई प्रकाशन न्यायालय या जजों बदनाम करता है और अगर अवमानना का मामला बनता है, तो निश्चित रूप से अदालत को कार्रवाई करनी चाहिए।

भारत-पाक तनाव : एमपी में रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा बढ़ी

भोपाल (आईएएनएस)। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते एक तरफजहां सीमा पर सुरक्षा बल चौकस हैं। वहीं, देश के भीतर भी सुरक्षा के बेहतर बंदोबस्त किए गए हैं। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा बलों ने चौकसी बढ़ा दी है। हर संदिग्ध व्यक्ति पर नजर रखी जा रही है। देश के भीतर नापाक इरादे कामयाब न हों, इसके लिए सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। भोपाल के रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा बलों ने विशेष अभियान चलाया है। संदिग्ध यात्रियों पर नजर रखी जा रही है, वहीं डॉग स्क्वॉड के जरिए संदिग्ध सामान की तलाशी ली गई। जीआरपी के थाना प्रभारी जहीर खान ने बताया कि भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के चलते हाई अलर्ट किया गया है, उसी के चलते प्रमुख स्थानों पर नजर रखी जा रही है। आम यात्रियों की सुरक्षा के लिए संयुक्त रूप से एक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की बैठक में ली जानकारी, सेना प्रमुखों से की मुलाकात

'ऑपरेशन सिंदूर' भारत का हमला-आतंकवादियों को मांद से बाहर निकाला

नई दिल्ली (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'ऑपरेशन सिंदूर' पर नजर बनाए हुए हैं। शनिवार को इसी सिलसिले में उन्होंने एक महत्वपूर्ण बैठक की अगुवाई की। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता वाली इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, चीफ ऑफडिफेंस स्टाफजनरल अनिल चौहान, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी शामिल रहे। यह बैठक ऐसे समय में हुई जब भारत ने पाकिस्तान के ड्रोन हमलों को पूरी तरह से विफल कर दिया है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी को इस दौरान पाकिस्तान द्वारा किए गए हमले, भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई और सैन्य तैयारियों की पूरी जानकारी दी गई।

प्रधानमंत्री लगातार हर घटनाक्रम पर नजर रख रहे हैं। बीते 24 घंटे में प्रधानमंत्री मोदी की सेना प्रमुखों और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ यह दूसरी और महत्वपूर्ण बैठक है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को भी ऐसी ही एक बैठक की अध्यक्षता की थी। इससे पहले 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पाकिस्तान के साथ जारी तनाव पर सैन्य अधिकारियों ने कहा कि उधमपुर, पठानकोट, आदमपुर और भुज एयरबेस को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा, पाकिस्तान ने मिसाइलें दागीं और अस्पताल तथा स्कूल को निशाना बनाया गया। विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने एयर फोर्स स्टेशन सिरसा और एयर फोर्स स्टेशन सूरतगढ़ के शनिवार सुबह की फोटो दिखाई और कहा कि ये सुरक्षित हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया, ÷पाकिस्तानी सेना पश्चिमी सीमाओं पर लगातार हमले कर रही है, उसने भारत के सैन्य ठिकानों पर हमला करने के लिए ड्रोन, लंबी दूरी के हथियार, युद्धक हथियार और लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया है। भारत ने कई खतरों को नाकाम कर दिया, लेकिन पाकिस्तान ने 26 से अधिक स्थानों पर हवाई मार्ग से घुसपैठ करने की कोशिश की। पाकिस्तान ने पंजाब के वायुसेना बेस को निशाना बनाने के लिए रात 1:40 बजे हाई-स्पीड मिसाइलों का इस्तेमाल किया। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं और स्कूलों पर भी हमला किया। यह भी बताया गया, पाकिस्तान की इन हरकतों के बाद तुरंत जवाबी हमले का एक्शन लिया गया। रफीकी, मुरीद, चकलाला, रहमयार खान पर पाक सैन्य ठिकानों पर सटीक हथियारों और लड़ाकू जेट से हमला किया गया। सियालकोट का एयरबेस भी टारगेट किया गया।

पाक के इतिहास का सबसे बड़ा खलनायक है मुनीर

भारत पर हमला करने के बाद पाकिस्तान आर्मी चीफ बन गया भस्मासुर

नई दिल्ली/ए.। पहलगाम अटैक के बाद भारत-पाक के बीच बढ़े तनाव के बीच पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर पाकिस्तान में सबसे बड़े खलनायक बन कर उभर रहे हैं। भारत ही नहीं पाकिस्तान में भी लोग मान रहे हैं कि भारत-पाक के बीच युद्ध जैसी स्थिति के लिए मुनीर ही जिम्मेदार हैं। आज 1971 के बाद पहली बार पाकिस्तान इतना कमजोर नजर आ रहा है तो उसके पीछे भी मुनीर को ही कारण बताया जा रहा है। पाकिस्तान के सेना प्रमुख के रूप में उन्होंने कई ऐसे कार्य किए हैं जिनके कारण पाकिस्तान को आंतरिक और बाह्य चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। जनरल आसिम मुनीर ने अपनी भड़काऊ बयानबाजी, आतंकवाद को बढ़ावा देने, और गलत रणनीतिक फैसलों के जरिए पाकिस्तान को अभूतपूर्व संकट में डाल दिया है। पहलगाम हमले और उनके टू-नेशन थ्योरी को बढ़ावा देने के कारण भारत के साथ तनाव को चरम पर पहुंच गया है। जबकि बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा, और पीओके में विद्रोह ने देश को अंदर से खोखला कर दिया है।

मुनीर के बयानों से आतंकियों को मिली हरी झंडी

आसिम मुनीर पर आरोप है कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में अप्रैल 2025 में हुए आतंकी हमले को प्रायोजित किया, जिसमें 26-27 हिंदू पर्यटकों की हत्या हुई। यह हमला उनके भारत-विरोधी जहरीले बयानों के ठीक बाद हुआ, जिसमें उन्होंने दो-राष्ट्र सिद्धांत को बढ़ावा देते हुए कहा कि हिंदू और मुस्लिम पूरी तरह अलग हैं और कश्मीर पाकिस्तान की रगों का हिस्सा है। समझा जाता है कि उनका ये बयान आतंकवादियों के लिए इशारा था। माइकल रुबिन का कहना है कि मुनीर का बयान आतंकवादी समूहों के लिए हरी झंडी का काम किया। रुबिन ने कहा कि मुनीर के इन बयानों ने लश्कर-ए-तैयबा और उसकी प्रॉक्सी द रेसिस्टेंस फ्रंट जैसे समूहों को पहलगाम हमले के लिए प्रेरित किया।

माइकल रुबिन, एक पूर्व पेंटागन अधिकारी और अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ फेलो, ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर की तीखी आलोचना की है। रुबिन ने मुनीर को आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला और अल-कायदा सरगना ओसामा बिन लादेन के समकक्ष बताया है। मुनीर की अलोकप्रियता, सेना के भीतर असंतोष, और जनता का गुस्सा दर्शाता है कि वह न केवल भारत के लिए, बल्कि पाकिस्तान के लिए भी खलनायक साबित हो रहे हैं। कहा जा रहा है कि मुनीर का नेतृत्व जारी रहा, तो पाकिस्तान का विखंडन और गृहयुद्ध जैसे हालात हो सकते हैं।

पाक में उभरते लोकतंत्र के दमन कारण बने

मुनीर पर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का आरोप रहा है। खान 2023 से जेल में हैं, और उनके खिलाफ200 से अधिक मुकदमे दर्ज किए गए। 2024 के आम चुनावों में कथित धांधली के जरिए पीटीआई को सत्ता से दूर रखा गया। पीटीआई नेताओं की गिरफ्तारी और सैन्य अदालतों में मुकदमे चलाने का आदेश भी मुनीर से जुड़े हैं। इमरान खान की लोकप्रियता के बावजूद उनके दमन से पाकिस्तान में राजनीतिक अशांति बढ़ी है। पीटीआई समर्थकों और अन्य विपक्षी दलों जैसे मौलाना फजलुर रहमान ने मुनीर के खिलाफ आंदोलन शुरू किए, जिससे मुनर ऑउट जैसे ट्रेंड सोशल मीडिया पर वायरल हुए।

भारत की सैन्य शक्ति पाक पर भारी, हर मोर्चे पर दुश्मन फेल

नई दिल्ली (आईएएनएस)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी बढ़ चुका है। भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की, जिसमें किसी नागरिक और सैन्य ठिकाने को टारगेट नहीं किया गया। इसके जवाब में पाकिस्तान की ओर से लगातार भारत के सैन्य और नागरिक ठिकानों पर हमले जारी हैं। दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देशों के बीच तनाव पर वैश्विक चिंताएं भी बढ़ गई हैं। पाकिस्तान ने कोई कार्रवाई होने पर भारत के खिलाफ कई बार परमाणु बम का इस्तेमाल करने की गीदड़ भभकी दी है। मौजूदा स्थिति में पाकिस्तान लगातार भारत पर ड्रोन, मिसाइल के साथ हवाई क्षेत्रों में हमले कर रहा है और सीमापार से बिना उकसावे के गोलाबारी भी कर रहा है। भारतीय सेना लगातार प्रभावी जवाबी कार्रवाई कर रही है और पाकिस्तान को करारा जवाब दिया जा रहा है।

शनिवार को भी पाकिस्तान ने भारत के कई क्षेत्रों में हमले किए। पाकिस्तान की तरफ से भारत की पश्चिमी सीमा और एलओसी पर अपनाए गए आक्रामक रवैये के जवाब में, भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कई अहम सैन्य ठिकानों पर जोरदार हमला किया। जिन जगहों को निशाना बनाया गया, उनमें पाक सेना के तकनीकी केंद्र, कमांड सेंटर, रडार और गोला-बारूद के बड़े भंडार शामिल थे।

इलेट्रिक वाहन खरीदी पर सब्सिडी का लंबित भुगतान पुनः प्रारंभ

■ जारी हुई करोड़ों की राशि, जल्दी जमा कराएं दस्तावेज

■ आपके खाते में आने वाले हैं पैसे

रायपुर /नवप्रदेश। प्रदेश में इलेट्रिक वाहन खरीदने वालों को घोषित राज्य सब्सिडी का लंबित भुगतान एक बार फिर पुनः प्रारंभ किया जा रहा है. 2022 में ईवी के प्रति लोगों को आकर्षित करने और खरीदारों को प्रोत्साहन हेतु केन्द्रीय योजना के तहत सब्सिडी देने की घोषणा की गई थी. केन्द्रीय सब्सिडी वाहन कंपनियों को दी जानी थी, जो लगातार मिलती रही, लेकिन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीदारों के लिए घोषित सब्सिडी के तहत 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का भुगतान किया गया। बाद में राशि के अभाव में प्रक्रिया रोक दी गई। शासन से परिवहन विभाग द्वारा लगातार राशि की मांग की जाती रही. हाल ही में 30 करोड़ रुपए मिलने के बाद भुगतान की प्रक्रिया फिर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के जरिए प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक 2022 से 2025 मार्च तक की स्थिति में ही 90 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाना शेष है. उम्मीद है कि 30 करोड़ रुपए से 2023 तक ईवी खरीदने वाले वाहन स्वामियों को भुगतान देना संभव हो जाएगा। विभाग को उम्मीद है कि 30 करोड़ रुपए वितरित होते तक और अतिरिक्त राशि मिल जाएगी। ऐसी स्थिति में अब भुगतान की प्रक्रिया नहीं रुकेगी।

आरटीओ ने आरसी बुक, आधार कार्ड जमा कराने कहा इधर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय रायपुर ने 2022 में पंजीकृत ईवी एवं हाईब्रिड वाहन स्वामियों से आरसी कार्ड, बैंक विवरण (पास बुक या कैंसिल चेक) व आधार कार्ड की छाया प्रति जमा कराने की अपील की है। आरटीओ अधिकारियों के मुताबिक ऐसे ईवी व हाईब्रिड वाहनों के स्वामी, जिन्हें सब्सिडी रशि का भुगतान आज तक नहीं हुआ है. वे आरसी बुक व बैंक विवरण तथा आधार कार्ड रावांभाठा रायपुर काउंटर नंबर 21 में जमा करा सकते हैं. उन्हें लंबित सब्सिडी राशि का भुगतान जल्द किया जाएगा।

वार्ड 48 के कांशीराम उद्यान में तेज आंधी-तूफान में गिरे पेड़ों को तत्काल उठवाया

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 3 के अंतर्गत गुरू घासीदास वार्ड नम्बर 48 के अंतर्गत कांशीराम उद्यान में टीम भेजकर विगत दिनों रायपुर शहर क्षेत्र में आई तेज आंधी-तूफान के दौरान उद्यान परिसर के भीतर अचानक टूटकर गिरे पेड़ों को अभियान चलाकर तत्काल हटाने का कार्य किया गया और नगर निगम रायपुर को प्राप्त जन शिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निराकरण किया गया।

एकादशी पर सरोना, रोहिणीपुरम केंद्रों ने किया विष्णु सहस्त्रनाम पाठ

■ महाराष्ट्र मंडल की ऑनलाइन सहित केंद्रों में विविध आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। एकादशी पर महाराष्ट्र मंडल के सरोना और रोहिणीपुरम केंद्रों की महिला सभासदों ने विष्णु सहस्त्रनाम का सामूहिक पाठ किया। इससे पहले मंडल की ही आध्यात्मिक समिति की ओर से सुबह ऑनलाइन ये पाठ किया गया। तीनों ही आयोजनों में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने इसमें हिस्सा लिया।

सरोना केंद्र की श्रद्धालु महिला सभासदों ने एकादशी पर विष्णु सहस्त्रनाम, रामरक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। पाठ करने वालों में जयश्री ढेकणे, प्रियंका बोरवणकर, विभा पांडे, नेहा किल्लेदार, सुरेखा पाठक, शुभा गोवर्धन, आरती ठोंबरे, अलका मोडक, रमा धारवाडकर, शांति महाजन, दीप्ति शिलेदार उपस्थित रहीं। सामूहिक पाठ के बाद सभी महिलाओं ने एक साथ महाआरती की और प्रसाद ग्रहण किया।

प्रहलाद जैसी भक्ति हो तो.....

मोहिनी एकादशी पर रोहिणीपुरम केंद्र की महिलाओं ने आरोही भजन मंडली के स्वरूप में शताब्दी पांडे के निवास पर आयोजित नृसिंह नवरात्र के अवसर भजन प्रस्तुत किए। इस मौके पर शताब्दी पांडे ने कहा कि भगवान विष्णु ने हिरण्यकश्यप का वध करने के लिए नृसिंह रूप धारण कर किया था। दुष्ट हिरण्यकश्यप के बढ़ते अत्याचार को समाप्त करने के लिए भगवान विष्णु ने नृसिंह का रूप धारण कर प्रहलाद को अभयदान दिया था। शताब्दी के अनुसार भक्त प्रहलाद की तरह भक्ति होने पर भगवान स्वयं भक्त की रक्षा करते हैं और आतताई का वध करते हैं। यह विश्वास प्रत्येक भक्त के हृदय में नृसिंह अवतार को लेकर है। आवश्यकता है प्रहलाद की तरह भक्ति की।

संक्षिप्त खबरें

शहर ब्लॉक में प्रधान पाठक सेमिनार का सफल आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर शहर ब्लॉक के अंतर्गत न्यू कन्या सरस्वती विद्यालय, पुरानी बस्ती में एक दिवसीय प्रधान पाठक सेमिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस आयोजन में कुल 77 प्राथमिक शालाओं के प्रधान पाठकों ने सहभागिता की। अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के।सहयोग से कार्य संपन्न हुआ। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य था-प्रधान पाठकों द्वारा अपने विद्यालयों में कक्षा-कक्ष में प्रिंट रिच वातावरण, प्रत्येक कक्षा में पठन कोना (रीडिंग कॉर्नर) का निर्माण एवं सक्रिय पुस्तकालय के माध्यम से शिक्षण को समृद्ध बनाने हेतु किए गए नवाचारों को साझा करना। कई प्रधान पाठकों ने कार्यशाला स्थल को सजीव कक्षा के रूप में रूपांतरित कर प्रतिभागियों को व्यवहारिक अनुभव भी प्रदान किया।इन नवाचारों के प्रभाव की चर्चा करते हुए प्रधान पाठकों ने बताया कि इससे छात्रों को FLN (Foundational Literacy and Numeracy) प्राप्त करने में मदद मिली और स्तरह प्राप्त कर चुके छात्र अब ग्रेड स्तर के अधिगम तक पहुंचने लगे हैं। इस अवसर पर जनपद सीईओ रायपुर, जिला कार्यक्रम समन्वयक पटले , एवं शहरी स्त्रोत समन्वयक शिरीष तिवारी जी भी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक उद्बबोधनों के माध्यम से सभी प्रधान पाठकों की सराहना की और उन्हें निरंतर नवाचार करते रहने के लिए प्रेरित किया।प्रस्तुति देने वाले प्रधान पाठक आनंद मसीह (प्रा. शा. अमलीडीह) पुस्तकालय के प्रभावी उपयोग और बच्चों की अभिव्यक्ति पर कार्य।ममता देवांगन (प्रा. शा. घनश्यामनगर), सरिता शर्मा (प्रा. शा. सड्डू), मीरा साहू (प्रा. शा. कांपा), किरण सिंह (प्रा. शा. भनपुरी), एवं एम. गुरुनाथ (गोकुल राम वर्मा प्रा. शा.) प्रिंट रिच वातावरण और पठन कोने पर नवाचार।

सुशासन तिहार : 40 लाख आवेदनों का निराकरण करने का दावा खोखला

रायपुर/नवप्रदेश। सुशासन तिहार में मिले 40 लाख से अधिक आवेदनों में से 39 लाख से अधिक आवेदनों का निराकरण होने के दावा पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए, जो आम जनता से 40 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें 10 लाख से अधिक आवेदन प्रधानमंत्री आवास की मांग, 2 लाख से अधिक आवेदन उज्जवला गैस योजना के लिए लगभग पौने दो लाख से अधिक आवेदन नया राशन कार्ड के लिए, 70000 से अधिक आवेदन सड़क पुल पुलिया निर्माण की मांग की एवं 25 लाख से अधिक आवेदन अन्य मांगों से जुड़ी हुई है। कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए की इतनी आवेदनों का निराकरण कैसे किये है? आवेदनों को निरस्त करना निराकरण कैसा हो गया। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि सरकार दावा कर रही है कि 10 लाख प्रधानमंत्री आवास की मांग का आवेदन को निराकरण कर दिया गया है तो क्या प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति प्रदान कर दी है या आवेदनों को भविष्य में पीएम आवास सूची बनने पर पात्र अपात्र आधार पर लाभ मिलने की जानकारी देकर सारे आवेदनों को निरस्त कर दिया गया है।

भारत-पाक तनाव : जारी तनाव के बीच राज्य सरकार भी युद्ध स्तर पर हुई सक्रिय

■ सायबर अटैक से निपटने के लिए जारी किए जाएंगे दिशा-निर्देश

■ गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा-सायबर अटैक के लिए हमारी संस्थाएं तैयार

रायपुर /नवप्रदेश । भारत और पकिस्तान में जारी तनाव के बीच छत्तीसगढ़ सरकार एक्टिव है। आज पुलिस और स्वास्थ्य विभाग को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए जा सकते हैं। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि केंद्र के सभी निर्देशों का पालन कर रहे हैं। राष्ट्रीय विषय है सबको पालन भी करना चाहिए।

पाकिस्तान की ओर से भारत में किए गए हमलों को लेकर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पाकिस्तान ड्रोन से हमला कर रहा है। यह भारतीय सेना की खूबी है कि भारतीय सेना ने हवा में ही मिसाइल और ड्रोन नष्ट किए है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान समझ लें, अन्यथा अंतिम निर्णय होगा।

सायबर अटैक की आशंका

बौखलाए पाकिस्तान की ओर से सायबर अटैक की आशंका जताई जा रही है। इससे निपटने के लिए आज राज्य गृह विभाग की ओर से दिशा-निर्देश जारी हो सकते हैं। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि अगर पाकिस्तान की ओर से सरकारी संस्थानों पर सायबर अटैक होता है तो हमारी संस्थाएं इसके लिए तैयार है। हम मुस्तैदी के लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं। आज इस विषय पर कुछ दिशा निर्देश भी दिए जाएंगे।

भारत-पाक जंग के बीच छत्तीसगढ़ में हाई अलर्ट

भारत-पाकिस्तान में तनाव के बीच छत्तीसगढ़ में भी हाई अलर्ट जारी किया गया है। रायपुर एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। डीजीपी अरुण देव गौतम ने आदेश जारी कर पुलिसकर्मियों की छुट्टियों पर रोक लगा दी है। पुलिस इकाई के प्रमुखों को अलर्ट रहने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। आदेश के मुताबिक, अफसरों को मुख्यालय नहीं छोड़ने कहा गया है. अफसर और कर्मचारी शासकीय कार्य से ही जिला मुख्यालय छोड़ सकेंगे।

भारत पाकिस्तान तनाव के बाद के बाद छत्तीसग? पुलिस अलर्ट मोड में है। रायपुर एयरपोर्ट के अलावा, रेलवे स्टेशन, बस स्टैड और एमपी के राजा भोज एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है। एयरपोर्ट के बाहरी सर्किल पर वाहनों की जांच की जा रही है। हर एक गाड़ी की सघन जांच हो रही है। बता दें कि राजधानी रायपुर समेत अन्य हिस्सों में स्टूडेंट ऑफ इस्लामिक मूवमेंट इंडिया (सिमी) का छह साल पहले मजबूत नेटवर्क था। ऐसे में जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा तो रायपुर में सिमी के सदस्यों की गतिविधियों की आशंका बढ़ गई। ऐसे में सुरक्षा एजेंसी किसी भी तरह की चूक नहीं करना चाहते हैं।

2013 में 17 सिमी कार्यकर्ताओं की हुई थी गिरफ्तारी

इस नेटवर्क को नवंबर 2013 में छत्तीसगढ़ एटीएस ने तोड़ा-रायपुर में रह रहे सिमी के छत्तीसगढ़ चीफ उमेर सिद्दीकी, एक नाबालिग समेत स्लीपर सेल से जुड़े 17 सिमी कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की थी। दरअसल, भोपाल पुलिस के एनकाउंटर में मारे गए सिमी के आतंकी शेख मुजीब का रायपुर से गहरा नाता रहा। यहीं से उसने देश के कई हिस्सों में हुए बम धमाकों के लिए विस्फोटकों की सप्लाई की थी। शेख मुजीब ने ही फरार सिमी आतंकियों के रहने का इंतजाम रायपुर में कराया था। प्रतिबंधित संगठन सिमी की गतिविधियां रायपुर समेत अन्य जिलों में लंबे अर्से तक रही। वहीं, 12 अक्टूबर 2019 को सिमी के सदस्य अजहर को भी गिरफ्तार किया गया था।

मध्याह्न भोजन रसोइया महासंघ ने अरुण साव को लिखा पत्र

■ घोषणा पत्र में शामिल 50 फीसदी वेतन वृद्धि के वादे को पूरा करने की उठाई मांग

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मध्यान भोजन रसोइया महासंघ ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव को पत्र लिखा है। इस पत्र के माध्यम से विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान घोषित 'मोदी की गारंटी' के तहत रसोइयों के मानदेय में 50 प्रतिशत वृद्धि की मांग की गई है। महासंघ ने यह भी बताया कि पिछले 8 वर्षों से इस दर में कोई वृद्धि नहीं की गई है। सरकार से अपील की है कि आगामी 2025 बजट सत्र में रसोइयों के न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि की जाए। पत्र में लिखा कि प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रो के मैदानी (ग्रामीण) व वन (ग्रामीण) क्षेत्र के भु भाग में स्थित समस्त शासकीय शालाओं में 87500 रसोईयों से छात्रों के भोजन निर्माण का कार्य लिया जाता है। हम सब रसोईया सरकार से मोदी की गारंटी विधानसभा चुनावी घोषणा पत्र 2023 में किये गए 50त्न वेतन वृद्धि के वादे को जल्द से जल्द पूर्ण करने की मांग करते है। हमें वेतन वृद्धि प्रदान करने के लिए सरकार को केंद्र सरकार से भी आर्थिक मदद के लिए मांग नहीं करनी पड़ेगी। यदि सरकार वर्तमान श्रम आयुक्त दर में न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि कर देती है। न्यूनतम मजदूरी श्रम आयुक्त दर में वृद्धि का नियम है, जिसे पिछली सरकार ने लागू नहीं किया, 8 वर्ष लगभग हो चुका है। हर 5 वर्ष में पिछली भाजपा सरकार नियमानुसार वृद्धि कर देती थी।

शराब घोटाला मामला: अनवर ढेबर की याचिका पर 23 मई को सुनवाई

■ 8 डिस्टलरी संचालकों को आरोपी बनाने की मांग

■ इधर, कवासी लखमा की भी बड़ी रिमांड

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले में जेल में बंद अनवर ढेबर द्वारा आठ डिस्टलरी संचालकों को आरोपी बनाए जाने की मांग की थी। इस आवेदन पर अब 23 मई को सुनवाई होगी। अनवर ढेबर का आरोप है कि ईओडब्लू ने एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए उन्हें झूठे प्रकरण में फंसाया है। विशेष न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मामले की सुनवाई को 14 दिन के लिए टाल दिया है।

इन डिस्टलरी संचालकों को आरोपी बनाए जाने की है मांग-अनवर ढेबर ने अपनी याचिका में जिन 8 डिस्टलरी संचालकों को घोटाले में शामिल बताते हुए आरोपी बनाने की मांग की है, उनमें वेलकम डिस्टलरी, भाटिया वाइन मर्चेंट, छत्तीसगढ़ डिस्टलरी, मैसर्स नेक्स्ट जेनरेशन, दिशिता वेंचर्स, ओम साई बेवरेज, सिद्धार्थ सिंघानिया और मैसर्स टाप सिक्योरिटी डिस्टलरी के संचालक शामिल हैं। विशेष न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद सुनवाई को 14 दिन के लिए आगे बढ़ा दिया है।

कवासी लखमा की रिमांड भी बढ़ी-इसके साथ ही शराब मामले में जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री एवं सुकमा विधायक कवासी लखमा की न्यायिक रिमांड को भी 23 मई तक के लिए आगे बढ़ा दिया गया है।

एसीबी-ईओडब्ल्यू ने 4 अफसरों को किया गिरफ्तार

■ डीएमएफ घोटाले में बड़ी कार्रवाई

■ 13 मई तक रिमांड पर भेजे गए, करोड़ों के गबन का आरोप

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में डीएमएफ घोटाला मामले में एसीबी/ईओडब्ल्यू ने बड़ी कार्रवाई की है। ईओडब्ल्यू ने शनिवार को 4 अफसरों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। न्यायालय ने 13 मई तक यानि चार दिन के लिए चारों आरोपी पत्थलगांव जनपद सीईओ वीरेंद्र कुमार राठौर, रिटायर्ड जनपद सीईओ बीएस राज, डीएमएफ नोडल अधिकारी भरोसा राम ठाकुर और जनपद सीईओ राधेश्याम मिर्जा को पुलिस रिमांड पर भेजा है। बता दें कि इन अधिकारियों पर डीएमएफ फंड के करोड़ों रुपये के गबन का आरोप है। एसीबी/ईओडब्ल्यू ने इन अफसरों को

किया गिरफ्तार

भरोसा राम ठाकुर - तत्कालीन नोडल अधिकारी, डीएमएफ, जिला कोरबा

भूनेश्वर सिंह राज -तत्कालीन जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला कोरबा

राधेश्याम मिर्झा - तत्कालीन जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला कोरबा

वीरेंद्र कुमार राठौर -तत्कालीन जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला कोरबा।

एमडीएफ फंड के दुरुपयोग और फर्जीवाड़े के गंभीर आरोप : इन अधिकारियों पर डीएमएफ फंड के दुरुपयोग, वित्तीय अनियमितताओं और फर्जीवाड़े के गंभीर आरोप लगे हैं। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि डीएमएफ के तहत खनिज क्षेत्र के विकास के लिए स्वीकृत योजनाओं में भारी वित्तीय घोटाला किया गया, जिसमें ठेके देने में पारदर्शिता नहीं बरती गई और कई योजनाएं कागज़ों में ही पूर्ण दिखा दी गई. ब्यूरो ने प्रारंभिक जांच के बाद संबंधित दस्तावेजों, बैंक लेन-देन और फर्जी भुगतान की पुख्ता जानकारी जुटाकर इन अधिकारियों के खिलाफ ठोस साक्ष्य एकत्र किए। इन पर डीएमएफ फंड के करोड़ों रुपये के गबन का आरोप है।

पूछताछ में बड़े खुलासे होने की संभावना-पुलिस रिमांड के दौरान इन अफसरों से पूछताछ में और भी बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है। यह आशंका है कि इस घोटाले में अन्य अधिकारी, ठेकेदार और नेता भी शामिल हो सकते हैं। जांच एजेंसियां अब इन सभी संभावित संदिग्धों की भूमिका की जांच में जुटी है।

जांच और कार्रवाई...

भारतमाला परियोजना घोटाला : मुआवजा राशि में गबन करने का मामला

जमीन दलाल हरमीत सिंह 14 मई तक न्यायिक हिरासत में

ईओडब्ल्यू की जांच जारी

रायपुर /नवप्रदेश। भारतमाला परियोजना से जुड़े 48 करोड़ रुपये के घोटाले में फंसे जमीन दलाल हरमीत सिंह खनूजा को 14 मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने पूछताछ पूरी होने के बाद शुक्रवार को उन्हें विशेष न्यायालय में पेश किया, जहां अदालत ने उसे जेल भेजने की मांग को स्वीकार कर लिया।

ईओडब्ल्यू ने की थी बड़ी कार्रवाई

बता दें कि 25 अप्रैल को ईओडब्ल्यू ने घोटाले की जांच के तहत प्रदेशभर में 20 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापों के अगले ही दिन यानी 26 अप्रैल को जमीन दलाल हरमीत सिंह खनूजा, केदार तिवारी, उसकी पत्नी उमा तिवारी और विजय जैन को गिरफ्तार कर 1 मई तक रिमांड पर लिया गया था।

पहले से जेल में हैं बाकी आरोपी

हरमीत सिंह को छोड़ अन्य तीनों आरोपियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका था। अब पूछताछ पूरी होने के बाद हरमीत सिंह को भी 14 मई तक के लिए जेल भेज दिया गया है। ईओडब्ल्यू के मुताबिक मामले की जांच अब भी जारी है।

क्या है भारतमाला परियोजना का मुआवजा घोटाला?

छत्तीसगढ़ में भारतमाला परियोजना के तहत राजधानी रायपुर से विशाखपट्टनम तक 950 किमी.सड़क निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना में रायपुर से विशाखापटनम तक फोरलेन सड़क और दुर्ग से आरंग तक सिक्स लेन सड़क बनना प्रस्तावित है। इस सड़क के निर्माण के लिए सरकार ने कई किसानों की जमींने अधिग्रहित की हैं। इसके एवज में उन्हें मुआवजा दिया जाना है, लेकिन कई किसानों को अब भी मुआवजा नहीं मिल सका है। विधानसभा बजट सत्र 2025 के दूसरे दिन नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने इस मुद्दे को उठाया था, जिसके बाद इस मामले में जांच का फैसला लिया गया।

और नाम आ सकते हैं सामने

ईओडब्ल्यू इस घोटाले में शामिल अन्य व्यक्तियों की तलाश कर रही है. जांच के दौरान और भी बड़े नाम सामने आ सकते हैं तथा घोटाले से जुड़े नए खुलासों की संभावना जताई जा रही है।

मेयर मीनल ने महावीर नगर नाला के भीतर से पेड़ हटाने दिए निर्देश

■ नालो, नालियों पर बनाये अवैध पाटो को तोडकर सफाई करवाने महापौर के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल ने आज जोन 10 कार्यालय पहुंचकर निगम जलकार्य विभाग अध्यक्ष संतोष सीमा साहू, एमआईसी सदस्य डॉ. अनामिका सिंह, जोन 10 जोन अध्यक्ष सचिन बी मेघानी, पार्षद गायत्री नौरंगे पिंकी, विनय पंकज निर्मलकर, मनोज जांगडे, सुषमा तिलक साहू, विनय प्रताप सिंह ध्रुव, जोन कमिष्नर विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता आषीष शुक्ला, दिनेष सिन्हा, सहायक अभियंता योगेश यदु, सुषील अहीर सहित उपअभियंताओं, अन्य संबंधित जोन अधिकारियों की उपस्थित में जोन के कार्यो की समीक्षा बैठक लेकर जनहित में आवष्यक निर्देष दिये।

महापौर मीनल चैबे ने जोन कमिष्नर एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी को मानसून की पहली बारिष के पूर्व जोन 10 के सभी 7 वार्डो के सभी बडे नालो की 2-3 बार अच्छी तरह पूर्ण सघन सफाई गंदे पानी का सुगम निकास प्रबंधन करने प्राथमिकता से करवाने के निर्देष दिये है।

सुनो भाई उधो

छत्तीसगढ़ मं सुशासन तिहार

परमानंद वर्मा

मोर संग चलव रे, मोर संग चलव गा।
मोर संग चलव जी,मोर संग चलव ना।।
गिरे परे हपटे मन,परे डरे मनखे मन।
मोर संग चलव ना,मोर संग चलव जी।।
मंय लहरी हंव, मोर लहर मं,फरव, फूलव,
हरिया लव।महानदी अउ अरपा, पइरी,
बइठ के जीव थिरा लव।।कहा जाहू बड़
दूर हे गंगा,पापी इहें तरव रे,
मोर संग चलव ना। मोर संग चलव रे,
मोर संग चलव गा।
- लक्ष्मण मस्तूरिया

तब बीस सूत्रीय कार्यक्रम चला था गरीबी उन्मूलन व उनकी छोटी बड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए, तब भय व आतंक का माहौल था। समस्याओं का कितना निराकरण हुआ, जग जाहिर है।

आज छत्तीसगढ़ का मुखिया विष्णुदेव साय भी लगभग उसी तरह का कार्यक्रम सुशासन तिहार लेकर आया है।

जिला स्तर से लेकर ग्रामीण स्तर तक मंत्री, नेता, अधिकारी ओर पारटी कार्यकर्तागण समस्याओं को ले लेकर आ रहे सभी लोगों का मौके पर निराकरण कर रहें हैं। श्री साय का इस मामले में सख्त निर्देश है। जनता भी खुशहाल दिख रही है। छत्तीसगढ़ी में पढ़िए यह आलेख।

कोतवाल गांव-गांव मं हांका पारत गली-गली मं काहत जात हे दू दिन के तिहार माने बर हटवारा बाजार चौक अउ भाटापारा मं सकलावत जाहौ हो...!

झाड़ू कोतवाल अउ बिसालदास दूनो संझा बिहनिया इही बुता करत हे। कोनो के समझ मं नइ आवत हे के ये कोतवाल मन का बात के हांका पारत हे? बिसाल दास कोतवाल तो भोभला हे ओकर सबो दांत झरगे हे, का बोलत हे, का काहत हे 'अपन समझे खुदा बाचे कस हाल हे। एक तो सियानी उमर, ऊपर ले भोभला, जेकर समझ नइ आवत रिहिसे तेमन पूछथे- का बात हे कोतवाल, तोर बोली कांही समझ नइ आवत हे जी?

तम्बाखू रगड़त एक तीर मं जिहां आधा दरजन लइका-सियान मन बइठे रहिथे तेन मेर जाके अपनो बइठ जाथे। रगड़े तमाखू ला एक फांका मारिस तहां ले कहिथे- का पूछथौ गा?

ओमन कहिथे- तंय का तिहार... तिहार... के हांका पारत हस, का तिहार होवइया हे जी?

झाड़ू कोतवाल घला ओतके बेर ओकर करा आ जथे तब उही हर बताथे- अरे तुमन अखबार, टीवी अउ मोबाइल मं नइ देखे, पढ़े अउ सुने हौ का?

- का बात ला कोतवाल?

- अरे छत्तीसगढ़ हा सुशासन तिहार मनाय के ऐलान करे हे, एमा छोटे-बड़े सबो दाई-माई, बहिनी अउ ददा-भाई मन ला शामिल होना हे।

- हरेली, तीजा, पोरा, राखी, देवारी अउ दशहरा, होली, रामनवमी सबो तिहार ला तो मना डरेन, फेर ये कोन से नवा तिहार उदगरे हे? अइसन तिहार न तो मनाय हन कभू अउ न देखे-सुने हन, ये कहां के नवा तिहार हे?

बिसाल दास कोतवाल कहिथे- अतेक ला हमन नइ जानन ददा हो, सरपंच साहेब हांका पारे ले किहिसे तब ये दे हांका ला पारत हन, बाकी का तिहार हे, तेला सरपंच करा जाके दरियाप कर लौ भई?

सालिग राम नांव के एक पढ़इया लइका पूछथे- तब तिहार म जइसे नवा-नवा कपड़ा सिलवाथन, आनी-बानी के घर-घर रोटी-पीठा बनथे तइसने इहू तिहार मं मिलही ना?

भोलाराम पूछथे- कस झाड़ू कोतवाल, होली मं जइसे फाग गीत गांथन, कहूं-कहूं ले नचइया घला बुलवाथन, देवारी मं मोहरी,दफड़ा, निशान, कुड़कू बाजा बाजथे, तइसने इहू तिहार मं बाजही ना?

बरातू, भगेला, रामरतन, चंदू,फिरंता, मेहत्तर, सदाराम सब एक उमर के संगवारी हो... हो... काहत उठगे अउ उही तीर नाचे-गाये ले धर लीन, अब मजा आही रे, वाह तिहार मं, अच्छा-अच्छा खाये-पीये ल मिलही। बिसालदास ओकर मन के नचई-कुदई मं पानी फेर दीस अउ बताथे- अरे कहां के बुज्जेरी हो, जइसन सोचत हौ तइसन तिहार नोहय, ये सरकारी तिहार हे अउ एमा सब कानून-कायदा के काम होही, समझेव।

बरातू कहिथे- का के हे, तिहार मं कानून-कायदा के सरकारी काम होही, तंय पागल तो नइ होगे हस, भांग-धतूरा तो नइ खाले हस? तिहार मं कभू कोनो काम-बुता होथे कोतवाल बबा, सब काम ले छुट्टी होथे, मौज-मस्ती मनाथे, समझे?

बिसाल दास बताथे- सब समझथौं बेटा, फेर जइसन तुमन समझथौ ना वइसन तिहार नोहय?

तब कइसन तिहार हे बबा? अतके बेर सरपंच गजानंद परसाद उही मेर आगे अउ पूछथे- कइसे सकलाय हौ जी, का बात के चरचा होवत हे?

झाड़ू कोतवाल सरपंच के आघू मं आके खड़ा हो जथे अउ सबो बात ला फोर के बताथे।

सरपंच बताथे- अच्छा... अच्छा "सुशासन तिहार" के बात ला ले के चरचा होवत हे। तब ओहर ये तिहार के आयोजन के बारे मं सबो झन ला जानकारी देवत बताथे- छत्तीसगढ़ सरकार के मुखिया विष्णुदेव साय बहुत विचारवान अउ संवेदनशील मुख्यमंत्री हे। ओहर छत्तीसगढ़ के जनता ला समस्या मुक्त करे खातिर ये उदीम रचे हे। ओकर सोच हे- मोर परदेस के जनता ला कोनो बात, समस्या ला लेके तकलीफउठाये ले झन परय तेकरे सेती ये यज्ञ के रचना करे गे हे जेमा सबो समस्या ला सदा-सदा बर आहुति दे जाही।

सरपंच कहिथे- पूरा परदेस मं ये महायज्ञ रचे गे हे जेला 'सुशासन तिहार÷ के संज्ञा दे गे हे। सब जिला, तहसील, नगर निगम, नगर पालिका अउ ग्राम पंचायत के मुखिया मन करा समस्या ला ले के पहुंचौ अउ उहां के मुखिया पदाधिकारी अउ अधिकारी मन ओ सबे समस्या के निराकरण करत जाही। काम मं कोनो प्रकार के बाधा मान लो आवत हे या समझ नइ परत हे तब हमर सरकार के पारटी के कार्यकर्ता मन मदद करही।

सरपंच गजानंद पूछथे- मोर बात सबके समझ मं अइस ते नइ आवत हे तेला बतावौ, मंय अउ बने ढंग ले समझाहौं। बारातू, भगेला, रामनाथ समेत जतका सियान अउ लइका मन कहिथे- वाह, बहुत बढ़िया बात बताय सरपंच, ये तो बहुत बड़े महायज्ञ हे, वाजिब मं सुशासन तिहार हे। जइसन तंय बतावत हस तेकर हिसाब ले तो वाजिब मं सुशासन नहीं सुराज तिहार हे। जय हो, अइसन सोच वाले हमर परदेस के मुखिया के जेकर मन मं जनता बर उदार विचार हे। तब एक झन थुकेल नाव के सियान कहिथे- इही ला कहिथे- 'परहित सरिस धरम नही भाई।

मेरी मां

लखनऊ कांग्रेस में जाने के लिए मेरी बड़ी इच्छा थी। दादीजी और पिताजी तो विरोध करते रहे, किंतु माताजी ने मुझे खर्च दे ही दिया। उसी समय शाहजहांपुर में सेवा-समिति का आरंभ हुआ था। मैं बड़े उत्साह के साथ सेवा समिति में सहयोग देता था। पिताजी और दादीजी को मेरे इस प्रकार के कार्य अच्छे न लगते थे, किंतु माताजी मेरा उत्साह भंग न होने देती थीं, जिसके कारण उन्हें अक्सर पिताजी की डांट-फटकार तथा दंड सहन करना पड़ता था। वास्तव में, मेरी माताजी देवी हैं। मुझमें जो कुछ जीवन तथा साहस आया, वह मेरी माताजी तथा गुरुदेव श्री सोमदेव जी की कृपाओं का ही परिणाम है। दादीजी और पिताजी मेरे विवाह के लिए बहुत अनुरोध करते, किंतु माताजी यही कहतीं कि शिक्षा पा चुकने के बाद ही विवाह करना उचित होगा। माताजी के प्रोत्साहन तथा सद्व्यवहार ने मेरे जीवन में वह दृढ़ता उत्पन्न की कि किसी आपत्ति तथा संकट के आने पर भी मैंने अपने संकल्प को न त्यागा। एक समय मेरे पिताजी दीवानी मुकदमे में किसी पर दावा करके वकील से कह गए थे कि जो काम हो वह मुझसे करा लें। कुछ आवश्यकता पड़ने पर वकील साहब ने मुझे बुला भेजा और कहा कि मैं पिताजी के हस्ताक्षर वकालतनामे पर कर दूँ। मैंने तुरंत उत्तर दिया कि यह तो धर्म विरुद्ध होगा, इस प्रकार का पाप मैं कदापि नहीं कर सकता। वकील साहब ने बहुत समझाया कि मुकदमा खारिज हो जाएगा। किंतु मुझ पर कुछ भी प्रभाव न हुआ, न मैंने हस्ताक्षर किए। अपने जीवन में हमेशा सत्य का आचरण करता था, चाहे कुछ हो जाए, सत्य बात कह देता था। ग्यारह वर्ष की उम्र में माताजी विवाह कर शाहजहाँपुर आई थीं। उस समय वह नितांत अशिक्षित एक ग्रामीण कन्या के समान थीं। शाहजहाँपुर आने के थोड़े दिनों बाद दादीजी ने अपनी छोटी बहन को बुला लिया। उन्होंने माताजी को गृहकार्य की शिक्षा दी। थोड़े दिनों में माताजी ने घर के सब काम-काज को समझ लिया और भोजनादि का ठीक-ठीक प्रबंध करने लगीं। मेरे जन्म होने के पांच या सात वर्ष बाद उन्होंने हिंदी पढ़ना आरंभ किया। पढ़ने का शौक उन्हें खुद ही पैदा हुआ था। मुहल्ले की सखी-सहेली जो घर पर आया करती थीं, उन्हीं में जो शिक्षित थीं, माताजी उनसे अक्षर-बोध करतीं। इस प्रकार घर का सब काम कर चुकने के बाद जो कुछ समय मिल जाता, उसमें पढ़ना-लिखना करती। परिश्रम के फल से थोड़े दिनों में ही वह देवनागरी पुस्तकों का अध्ययन करने लगीं। मेरी बहनों को छोटी आयु में माताजी ही शिक्षा दिया करती थीं। जब से मैंने आर्यसमाज में प्रवेश किया, माताजी से खूब वार्तालाप होता। उस समय की अपेक्षा अब उनके विचार भी कुछ उदार हो गए हैं। यदि मुझे ऐसी माता न मिलतीं तो मैं भी अति साधारण मनुष्यों की भांति संसार-चक्र में फंसकर जीवन निर्वाह करता। शिक्षादि के अतिरिक्त क्रांतिकारी जीवन में भी उन्होंने मेरी वैसी ही सहायता की है, जैसी मेजिनी को उनकी माता ने की थी। माताजी का सबसे बड़ा आदेश मेरे लिए यही था कि किसी की प्राणहानि न हो। उनका कहना था कि अपने शत्रु को भी कभी प्राणदंड न देना। उनके इस आदेश की पूर्ति करने के लिए मुझे मजबूरन दो-एक बार अपनी प्रतिज्ञा भंग करनी पड़ी थी। जन्मदात्री जननी। इस जीवन में तो तुम्हारा ऋण उतारने का प्रयत्न करने का भी अवसर न मिला। इस जन्म में तो क्या यदि मैं अनेक जन्मों में भी सारे जीवन प्रयत्न करूं तो भी तुमसे उऋण नहीं हो सकता। जिस प्रेम तथा दृढ़ता के साथ तुमने इस तुच्छ जीवन का सुधार किया है, वह अवर्णनीय है। मुझे जीवन की प्रत्येक घटना का स्मरण है कि तुमने जिस प्रकार अपनी देववाणी का उपदेश करके मेरा सुधार किया है। तुम्हारी दया से ही मैं देश-सेवा में संलग्न हो सका। धार्मिक जीवन में भी तुम्हारे ही प्रोत्साहन ने सहायता दी। जो कुछ शिक्षा मैंने ग्रहण की उसका भी श्रेय तुम्हीं को है। जिस मनोहर रूप से तुम मुझे उपदेश करती थीं, उसका स्मरण कर तुम्हारी मंगलमयी मूर्ति का ध्यान आ जाता है और मस्तक झुक जाता है। तुम्हें यदि मुझे ताड़ना भी देनी हुई, तो बड़े स्नेह से हर बात को समझा दिया। यदि मैंने धृष्टतापूर्ण उत्तर दिया तब तुमने प्रेम भरे शब्दों में यही कहा कि तुम्हें जो अच्छा लगे, वह करो, किंतु ऐसा करना ठीक नहीं, इसका परिणाम अच्छा न होगा। जीवनदात्री! तुमने इस शरीर को जन्म देकर केवल पालन-पोषण ही नहीं किया बल्कि आत्मिक, धार्मिक तथा सामाजिक उन्नति में तुम्हीं मेरी सदैव सहायक रहीं। जन्म-जन्मांतर परमात्मा ऐसी ही माता दी महान से महान संकट में भी तुमने मुझे अधीर नहीं होने दिया। सदैव अपनी प्रेम भरी वाणी को सुनाते हुए मुझे सांत्वना देती रहीं। तुम्हारी दया की छाया में मैंने अपने जीवन भर में कोई कष्ट अनुभव न किया। इस संसार में मेरी किसी भी भोग-विलास तथा ऐश्वर्य की इच्छा नहीं। केवल एक इच्छा है, वह यह कि एक बार श्रद्धापूर्वक तुम्हारे चरणों की सेवा करके अपने जीवन को सफल बना लेता। किंतु यह इच्छा पूर्ण होती नहीं दिखाई देती और तुम्हें मेरी मृत्यु की दुखभरी खबर सुनाई जाएगी। माँ! मुझे विश्वास है कि तुम यह समझ कर धैर्य धारण करोगी कि तुम्हारा पुत्र माताओं की माता या भारत माता की सेवा में अपने जीवन को बलि-देवी की भेंट कर गया और उसने तुम्हारी कोख कलंकित न की, अपनी प्रतिज्ञा पर दृढ़ रहा। जब स्वाधीन भारत का इतिहास लिखा जाएगा तो उसके किसी पृष्ठ पर उज्ज्वल अक्षरों में तुम्हारा भी नाम लिखा जाएगा। गुरु गोबिंद सिंह जी की धर्मपत्नी ने जब अपने पुत्रों की मृत्यु की खबर सुनी तो बहुत प्रसन्न हुई थीं और गुरु के नाम पर धर्म-रक्षार्थ अपने पुत्रों के बलिदान पर मिठाई बाँटी थी। जन्मदात्री ! वर दो कि अंतिम समय भी मेरा हृदय किसी प्रकार विचलित न हो और तुम्हारे चरण कमलों को प्रणाम कर मैं परमात्मा का स्मरण करता हुआ शरीर त्याग करूँ। – *रामप्रसाद बिस्मिल*

व्यंग्य रचना : श्वान गति उत्तम गति

डॉ. किशोर अग्रवाल

एक रसूखदार कुत्ता मर गया, सारे परिवार को बहुत भारी दुख दे गया, फैमिली का सदस्य जो था। फैमिली भी रसूखदार थी, अतः कई लोग मिजाजपुर्सी को आए । कुत्ते के बड़े फोटो पर माल्यार्पण की होड़ लग गई। मीडिया ने बड़ा भारी कवरेज किया। यूं तो इस रसूखदार परिवार के समाचार मिलते न थे पर उनके कुत्ते की मौत पर मानों प्रेस वालों को स्वतंत्रता मिल गई । कुत्ते की मौत को अच्छी तरह सेलिब्रेट किया गया। आजकल हर चीज सेलिब्रेट करने का जमाना जो है । कुत्ते के बाल्यकाल से लेकर मरने के दिन तक की कई तस्वीरें प्रकाशित की गई । कुत्ते का इतिहास बताया गया कि कैसे छोटा सा पप्पू एक महान डॉगी बन गया। वह मर्सिडीज बेंज से नीचे की गाड़ी में बैठना पसंद ना करता था। मालिक की विदेश यात्रा में उनके निजी जेट में यात्रा किया करता था। मालकिन उसे बेटा कहती थी, उसके लिए उसके खरबपति मालिक रो रहे थे। वह परिवार के हर खास मौकों के फोटोग्रॉफ्स का हिस्सा हुआ करता था। विधि विधान से उसका दाह संस्कार किया गया और मृतक भोज का आयोजन भी हुआ। यह समाचार पढ़कर अखबार एक और रखते हुए एक डॉग लवर ने डॉग स्पा में चेहरे पर मॉस्क लगाए अपने कुत्ते की ओर अफसोस भरी नजरों से देखा, कुत्ते की आंखों में उपेक्षा का भाव देखकर मालिक ने कहा "सब की किस्मत एक जैसी नहीं होती यार। फिर भी तुम्हारी भरसक देखरेख तो हम भी कर ही रहे हैं। देखो तुम्हें स्पॉ में मसॉज का वादा किया था तो ले आए ना ?" स्पॉ के मसॉजर ने कुत्ते की नाक के पास वैक्स लगाकर मालिश की। कानों से मुलायम ईयर बड्स के जरिए वैक्स निकाला। पंजों की धीरे-धीरे हल्की मसाज की। उन में मुलायमियत से पॉ आइल लगाया। नेल्स साफ किये, फिर अपने हाथों की कलाइयों में मधुर ध्वनि वाले लकड़ी के घुंघरूओं का बेल्ट बांधकर कुत्ते की संपूर्ण बॉडी की मसाज की। एक मुलायम तौलिए से आहिस्ते से ढक कर कुत्ते को बेड पर लिटाया। वह आनंद से खर्राटे लेने लगा। इससे डॉग लवर को बड़ा संतोष हुआ और डॉग मसाजर को भी , जो इन्हीं सेवाओ के बदले मिलने वाले पैसों से अपने पोलियो ग्रस्त बच्चे की मालिश का तेल खरीदने वाला था । शाम का समय हो गया था गली मोहल्ले में बच्चे बाहर निकल आए थे। नंग धड़ंग बच्चे , नंगे पैरों गिरते पड़ते खेलने में व्यस्त थे। कॉलोनी में यही समय पालतू कुत्तों के घूमने का समय हुआ करता है । सभी कुत्तों के मालिकों ने उनकी देखरेख के लिए डॉग सर्वर रखे हुए थे। पूर्वी भारत से आए लड़के लड़कियां प्लेसमेंट एजेंसी के जरिए यह सर्विसेज दे दिया करते थे। रस्सी के एक सिरे पर कुत्ता और दूसरे पर डॉग सर्वर होता, डाक सर्वर के आदमी होने का पता उसके मोबाइल फोन से लग जाया करता है अन्यथा पार्क में घूमते ये एक जैसे ही लगा करते हैं । कुत्ते प्रायः गार्डन में पूप करने आया करते हैं जो या तो लिट एरिया में करते हैं या अगर टहलते हुए तबीयत हो जाती तो हरी घास पर कर दिया करते हैं , जिसको एक सैंडविच टोस्टर जैसे यंत्र से ये डॉग सर्वर उठाकर जतन से एक बैग में इज्जत से रख लेते हैं । उन्हें नाक भौं सिकोड़ने की इजाजत नही होती। डॉग की हैसियत से उसके मालिक की हैसियत का पता लगता है अतः सभी मालिकों को अपने-अपने कुत्तों को खूब सजा सवांर कर रखना पड़ता है । ऐसे ही डॉग हैंडलर्स को भी अच्छे कपड़े पहनने को दिए जाते हैं । जाड़ों में कुत्ते बेहतरीन सूट में या जैकेट में घूमने निकलते हैं । उनके चमचमाते चमड़े के पट्टे सुंदर डोरियों या चैन से जुड़े होते हैं । दिनचर्या में वह अपने हैंडलर के साथ सुबह सैर पर निकलकर दिन की शुरुआत करते हैं। वापसी पर ब्रेड ,दूध ,आमलेट या एकाध पीस मीट का नाश्ता करते हैं । शैंपू करवा कर नहाते हैं और धूप में अपनी स्पेशल कॉट पर फैल कर धूप का आनंद लेते हैं। खाने के स्टील के खास बॉउल में पैडिग्री जैसी चीजों का आनंद उठाते हैं । उनके डॉग बिस्किट और डॉग बोन विशेष ब्रांड के खरीदे जाते हैं । उनके गद्दे तकिये स्पेशल डॉग शॉप से खरीदे जाते हैं । उनके दांत साफकरने के विशेष ब्रश आते हैं जो हैंडलर उंगलियों पर पहनकर उनका मंजन करते हैं । शरीर पर मालिश के अलग-अलग किस्म के दस्तानों को पहन कर मालिश की जाती है । आजकल तो बड़े शहरों में डॉग के मनोरंजन के लिए फिल्म के शो भी किए जाते हैं और उनके बाल काटने हेतु डॉग सैलून अलग से बनवाए गए हैं। डॉग शो की तैयारी बहुत विशेष होती हैं तब इनका इतराना देखते ही बनता है । सज संवरकर लड़कियों के ब्यूटी कॉन्टेस्ट की तरह जब ये इतराकर चलते हैं तो सारा माहौल तालियों से गूंज जाया करता है । दूसरी ओर झुग्गियां नंग धड़ंग बच्चे, टटरों की आड़ में नहाती औरतें, चावल उबालते गरीब, जांगर पेरते मजदूर, नदियों में प्लास्टिक की पन्नियां खाती गाएं नजर आती हैं। ढाबों में काम करते हुए बच्चे हैं , जिन्हें न तन भर कपड़ा है ना पेट भर अनाज । ऐसे इंसानी जन्म का क्या फायदा? ऐसे में मन दुआ मांगता है "अगले जनम मोहे डॉगी ही कीजो"

ममता का सागर त्याग की मूरत

उमा मेहता त्रिवेदी

मां, यह केवल एक शब्द नहीं, बल्कि एक ऐसा एहसास है जो अपने भीतर स्नेह, सुरक्षा, और निस्वार्थ प्रेम का पूरा ब्रह्मांड समेटे हुए है। माँ वह पहली हस्ती है जिसे हम इस दुनिया में आकर देखते हैं, और वह आखिरी सहारा होती है जब दुनिया हमसे रूठ जाती है। उसकी गोद वह पहली पाठशाला है जहाँ हम बोलना, चलना, और इस जीवन के अनमोल सबक सीखते हैं। माँ का प्यार किसी बंधन या सीमा में नहीं बंधा होता। वह अपने बच्चों के लिए हर मुश्किल सह लेती है, हर दर्द मुस्कुराकर झेल जाती है। उसकी रातों की नींद उड़ जाती है ताकि उसके बच्चे चैन से सो सकें। उसकी भूख मिट जाती है ताकि उसके बच्चे भरपेट भोजन कर सकें। वह खुद फटेहाल कपड़े पहन लेती है ताकि उसके बच्चों के तन पर सुंदर वस्त्र हों। माँ तो बस माँ है, त्याग और समर्पण की जीती-जागती तस्वीर। माँ की ममता की छाया में बच्चे हमेशा सुरक्षित महसूस करते हैं। उसकी एक हल्की सी थपकी सारे डर दूर कर देती है, उसकी एक मीठी मुस्कान सारे गम भुला देती है। मां का आंचल वह शीतल छाया है, जहां हर बच्चा अपनी सारी परेशानियां भूलकर शांति का अनुभव करता है। माँ सिर्फ जन्मदात्री ही नहीं होती, वह हमारी पहली गुरु, हमारी सबसे अच्छी दोस्त, और हमारी सबसे बड़ी समर्थक भी होती है। वह हमें सही राह दिखाती है, गलतियों पर प्यार से समझाती है, और हमेशा हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। उसकी सीखें हमारे जीवन की नींव बनती हैं और हमें एक बेहतर इंसान बनाती हैं। मां का स्थान हमारे जीवन में अद्वितीय और अतुलनीय है। उसका कोई विकल्प नहीं, कोई मुकाबला नहीं। वह अनमोल है, वह अमूल्य है। हमें हमेशा अपनी मां का सम्मान करना चाहिए, उनसे प्यार करना चाहिए, और उनकी सेवा करनी चाहिए। क्योंकि माँ ही वह शक्ति है जो हमें इस दुनिया में लाई है और हमेशा हमारा साथ देती रहेगी। मां, सच में, इस दुनिया का सबसे खूबसूरत और पवित्र रिश्ता है।

QUIZ TIME

1) भारत में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस किस दिन मनाया जाता है?

2) लोकपाल में कितने सदस्य होते हैं?

3) सोनोब्वाय का प्राथमिक कार्य क्या है?

4) ब्रिटेन का वह गवर्नर कौन है जिसने भारत में डाक टिकट शुरू किया था?

5) सबसे बुजुर्ग टेस्ट क्रिकेटर रॉन ड्रेपर का 25 फरवरी 2025 को निधन हो गया? वह किस देश से संबंधित है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 16 जनवरी (2) 8 (3) पानी के अंदर की आवाजों पर नजर रखने के लिए (4) लॉर्ड डलहौजी (5) साउथ अफ्रीका

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं :
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (पटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सुनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गरिया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

ऊपर से नीचे
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 043 का हल

स्वा	द		सा	म	ना		कैं	दी
व		ख	ल	ना	य	क		बा
लं	प	ट		ना	क	क	ट	ना
बी		प				ड़ी		प
	अ	ट	प	टा			शा	न
स	ह		यो			र	ति	
ह	म		द	र	ब	द	र	
म	क	र		सी	ल			
त		क्षा		द	वा	खा	ना	

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:46, सूर्यास्त : 07:00, चन्द्रोदय : 17:04, चन्द्रास्त : 28:19, अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : ग्रीष्म, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (सिद्धार्थी), मास : वैशाख, पक्ष : शुक्ल, तिथि : चतुर्दशी, नक्षत्र : स्वाती, योग : व्यतीपात,प्रथम करण : तैतिल (17:29 तक), द्वितीय करण : गर (पूर्ण रात्रि)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : तुला (13:42 से), मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मेष (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:46 से 12:41, अमृत काल : 20:01 से 21:50, सर्वार्थ सिद्धि योग : 27:15 से 29:26, रवियोग : 05:27 से 27:15, विजय मुहूर्त : 14:29 से 15:23, गोधूलि मुहूर्त : 18:59 से 19:20,सायाह्न सन्ध्या : 19:00 से 20:03, निशिता मुहूर्त : 23:52 से 24:34, राहुकाल : 16:30 से 18:00, राहुवास : पूर्व, यमगण्ड : 13:55 से 15:37, दुर्मुहूर्त : 05:27 से 06:21, होमाहुति : चन्द्र, दिशा शूल : पूर्व,अग्निवास : आकाश, चन्द्र वास : दक्षिण (पश्चिम 13:42 से), शिववास : नन्दी पर (17:29 से भोजन में)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन भागदौड़ लगी रहेगी दिन के आरंभ से ही आकस्मिक यात्रा की योजना बनेगी इसके अंत समय पर टलने की संभावना भी है।

वृषः आज के दिन आपको उतार चढ़ाव का सामना करना पड़ेगा आपका स्वभाव आज संतोषी ही रहेगा फिर भी आकस्मिक आने वाले क्रोध पर नियंत्रण रखना आवश्यक है।

मिथुनः आज आप प्रत्येक कार्य बुद्धि विवेक से करेंगे लेकिन पूर्व में बरती अनियमितता के कारण आज शत्रु पक्ष प्रबल रहेंगे।

कर्कः आज का दिन आपके लिये प्रतिकूल रहेगा दिन के आरंभ से ही किसी से कहासुनी की संभावना रहेगी।

सिंहः आज के दिन आपके मन मे उधेड़ बुन लगी रहेगी जो करना चाहेंगे उसे नही कर पाएंगे उल्टे जिस का को करने से चिढ़ते है मजबूरी में वही करना पड़ेगा।

कन्याः आज का दिन साधारण रहेगा दिन के पूर्वार्ध में स्वास्थ्य ठीक रहने पर भी आलस्य के कारण कार्यो में विलंब होगा।

तुलाः मन मे चंचलता बढ़ने के कारण आज आपका स्वभाव पल पल में बदलेगा किसी भी कार्य मे अनिर्णय की स्थिति बाधा डालेगी।

वृश्चिकः आज का दिन विपरीत फलदायक है स्वभाव की मनमानी आज किसी न किसी रूप में हानि कराएगी।

धनुः आज का दिन लाभदायक रहेगा लेकिन ध्यान रहे आपका व्यवहार होने वाले लाभ को कम या अधिक करने में महत्तवपूर्ण भूमिका रखेगा।

मकरः आज का दिन शुभफलदायक रहेगा। भागदौड़ आज किसी न किसी काम से लगी रहेगी लेकिन इसका सफल परिणाम दिन भर उत्साहित रखेगा।

कुंभः आज का दिन आपके लिये मिश्रित फलदायक रहेगा। सेहत कुछ समय के लिये नरम रहेगी।

मीनः आज का दिन सेहत को लेकर परेशान रहेंगे।

अधिकारी-कर्मचारी पैसा मांगे तो फौरन करें शिकायत, तत्काल कार्यवाही होगी : चंद्राकर

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। सुशासन तिहार के अंतर्गत तीसरे चरण के समाधान शिविर में विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि अधिकारी, कर्मचारी किसी भी काम के लिए पैसा मांगे तो फौरन शिक़ायत करें। उनके खिलाफ तत्काल कार्यवाही की जाएगी। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 5 मई से गांव-गांव का दौरा कर रहे हैं। जनता से सीधा संवाद कर रहे हैं। चंद्राकर ने एकेच गोठ, एकेच बानी, बूंद-बूंद बचाबो पानी थीम के तहत जल संरक्षण और बाल विवाह की रोकथाम को लेकर उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलाई। ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दाऊ उत्तम सिंह साव शासकीय महाविद्यालय परिसर मचांदुर में ललित ने कहा कि जनता की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करना है। वर्तमान सरकार ने जो वादे किये थे, उसे पूरा कर दिखाया है। विधायक ने कहा कि हमारी सरकार जनता के द्वार पर पहुंच रही है। उनकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। सरकार की नीतियां पूरी तरह से ग्रामीण और गरीब वर्ग के हित में हैं।

विधायक ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। ग्रामीण भूमिहीन श्रमिकों को सालाना 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत चल रहे सर्वे का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पात्रता के आधार पर सभी को आवास उपलब्ध कराया जाएगा। कोई भी गरीब अब मकान से वंचित नहीं रहेगा।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर विरेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे, रूपेश पाण्डेय, एसडीएम हरवंश मिरी, जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू, मंडल अध्यक्ष शीतला सिंह राजपूत, सरपंच मचांदुर युगलकिशोर साहू, सरपंच जनपद सदस्य बिन्दु देशलहरे, सरपंच युगल किशोर साहू, उपसरपंच दुष्यंत कुमार साहू सहित अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

घुसपैठियों–अप्रवासियों की तलाश में पुलिस ने किया अभियान तेज

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध के बीच दुर्ग जिले में पुलिस लगातार घुसपैठियों और अवैध अप्रवासियों की तलाश कर रही है। शनिवार को सुबह शारदापारा, छावनी, खुर्सीपार और जोन-3 में घर-घर जाकर 589 लोगों के दस्तावेजों की जांच की। 154 लोगों के फिंगर प्रिंट लेकर उनका डाटाबेस तैयार किया गया।

जानकारी के अनुसार भिलाई में पश्चिम बंगाल, किशनगंज बिहार, झारखण्ड से आकर लोग किराये के मकान में रहते हैं। इनकी जांच पड़ताल की जा रही है। एडिशनल एसपी अभिषेक झा ने बताया कि सीएसपी और एएसपी के नेतृत्व में अप्रवासियों की जांच के लिए कई टीमें बनाई गई हैं। शारदापारा छावनी एरिया में भिलाई नगर के नगर पुलिस अधीक्षक सत्य प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में टीम ने करीब 200 व्यक्तियों के आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों की जांच की। 70 व्यक्तियों के फिंगर प्रिंट लिए गए।

खुर्सीपार में छावनी के नगर पुलिस अधीक्षक हरीश पाटिल और जोन-3 खुर्सीपार में डीएसपी हेम प्रकाश नायक के नेतृत्व में टीम जांच करने पहुंची। इस दौरान 389 नागरिकों के आधार कार्ड और दस्तावेजों की जांच की गई। जांच के दौरान 74 व्यक्तियों के फिंगर प्रिन्ट लिए गए।

अपनी पहचान छिपाकर किराए का मकान लेकर रहने वाले अवैध अप्रवासियों की जानकारी भी पुलिस ले रही है। कई लोगों के भिलाई स्टील प्लांट और अन्य औद्योगिक इकाईयों में ठेका श्रमिक के रूप में काम करने की खबरों को क्रास चेक किया जा रहा है। ऐसे व्यक्तियों की पहचान के लिए उनके आधार कार्ड, राशन कार्ड, परिचय पत्र चेक किये गए। कुल 589 व्यक्तियों की जांच कर 154 व्यक्तियों के फिंगर प्रिंट लिए गए।

न्यूज गैलरी

अभा क्षत्रिय महासभा ने विस अध्यक्ष का किया सम्मान

भिलाई। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के युवा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष दया सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का सम्मान किया। महाराणा प्रताप के शौर्य, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का स्मरण कर डॉ. रमन सिंह को प्रतीक स्वरूप एक शौर्य तलवार भेंट की। कार्यक्रम के दौरान डॉ. रमन सिंह की पत्नी वीणा सिंह का भी सम्मान किया गया। दया सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल राजपूत समाज ही नहीं, बल्कि पूरे भारतवर्ष के लिए प्रेरणा हैं और ऐसे अवसरों पर समाज के वरिष्ठों का सम्मान करना हमारी परंपरा है। डॉ. रमन ने महाराणा प्रताप की वीरता को नमन करते हुए युवा पीढ़ी से उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अजीत सिंह, शैलेन सिंह, संजय सिंह राठौर, माधव सिंह, सुनील सिंह, अतीन्द्र सिंह, राजेश सिंह आदि उपस्थित थे।

बैतुलमाल कमेटी भिलाई का सालाना जलसा और ईद मिलन आज

भिलाई। इस्पात नगरी के सामाजिक संगठन बैतुलमाल कमेटी भिलाई का सालाना जलसा और ईद मिलन 11 मई को रात 8:30 बजे से जामा मस्जिद सेक्टर-6 के कम्युनिटी हॉल में होगा। इस दौरान डॉ. एजाजुद्दीन ग्रुप डायरेक्टर (फार्मेसी) रुगंटा कॉलेज, भिलाई होंगे। जलसे की सदारत विख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आरए सिद्दीकी होंगे। डॉ. एसए रिज़वी, डॉ. एसजे रिज़वी, डॉ. एसएम इक़बाल, डॉ. ताबिश अख्तर, मोहम्मद नदीम ख़ान (जीएम बीएसपी), मिर्जा आसिम बेग (सदर- भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट) के साथ शहर की तमाम मस्जिदों के इमाम खास तौर पर मौजूद रहेंगे। कमेटी के प्रेसिडेंट हाजी हमीदुल्लाह सिद्दिकी और जनरल सेक्रेटरी हाजी एम अरमान बेग ने यह जानकारी दी।

एविएशन और हॉस्पिटैलिटी में करियर की काफी संभावनाएं

कुम्हारी। विद्यार्थियों को एविएशन और हॉस्पिटैलिटी उद्योग में करियर संभावनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट और करियर काउंसलिंग सेल और वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में फ्लेज इंस्टीट्यूट ऑफ एविएशन एंड हॉस्पिटैलिटी के सहयोग से स्व. बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय, कुम्हारी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। फ्लेज इंस्टीट्यूट ऑफ एविएशन एंड हॉस्पिटैलिटी की निदेशिका रीत शारदा शुक्ला ने इन क्षेत्रों में कुशल पेशेवरों की बढ़ती मांग पर प्रकाश डाला। उन्होंने केबिन क्रू, एयरपोर्ट प्रबंधन, हॉस्पिटैलिटी सेवाओं और एविएशन संचालन सहित विभिन्न करियर मार्गों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्या डॉ. सोनिता सत्संगी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में एविएशन और हॉस्पिटैलिटी के कई अवसर होने के बावजूद छत्तीसगढ़ के छात्रों का इस क्षेत्र में योगदान कम है। कार्यक्रम का संचालन अर्चना उरांव, सहायक प्राध्यापिका द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. पदमा सोमनाथे द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

सैनिकों के सम्मान में गली-गली तिरंगा यात्रा निकालेंगे भाजपा कार्यकर्ता

अपने सैनिकों की सुरक्षा, शक्ति-हौंसला और उनके परिजनों का मनोबल बढ़ाने रोज करें प्रार्थना : सांसद बघेल

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। भारत पाक युद्ध के दौरान सैनिकों की सुरक्षा और उनके परिजनों का मनोबल बढ़ाने के लिये सभी नागरिक रोज पूजा के दौरान भगवान से प्रार्थना करें। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रार्थना में बड़ी ताकत होती है।

हम युद्ध के मैदान में लडऩे नहीं जा सकते, लेकिन अपने देश की सुरक्षा के लिए प्रार्थना जरूर कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पार्टी ने भारत माता और वीर सैनिकों के सम्मान में गली-गली में हर जगह तिरंगा यात्रा निकालने का कार्यक्रम तय किया है। तिरंगा यात्रा हर जगह पूरे शान और सम्मान के साथ निकाली जाएगी।

भाजपा के अंजोरा और अण्डा मंडल के कार्यकर्ता सम्मेलन में बोलते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान से युद्ध लडऩे की नौबत आने पर वो सब कर दिखाया है, जैसा कोई देश सोच भी नहीं सकता। दुनिया के बड़े-बड़े देश भारत की सफलता से आश्चर्यचकित है।

दुश्मन देश हमला नहीं कर पा रहा है। देश की तीनों सेना के सैनिक अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए आगे बढ़ रहे हैं।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं बोर्ड की परीक्षा में टॉप टेन में स्थान हासिल करने वाली नगपुरा की छात्रा वैष्णवी देवांगन का सम्मान भी किया गया। वैष्णवी के पिता गोपाल देवांगन बिजनेसमैन और माता धनेश्वरी देवांगन गृहिणी हैं। वैष्णवी प्रारम्भ से ही मेधावी छात्रा रही है।

कार्यकर्ता सम्मेलन में दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व मंत्री रमशिला साहू, जागेश्वर साहू, जिला भाजपा दुर्ग के अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विमल चोपड़ा, कुलेश्वरी देवांगन, हेमंत सिंह, गिरीश साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

गर्व के साथ निकालना है तिरंगा यात्रा

सांसद विजय बघेल ने अंडा के कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी के तिरंगा यात्रा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि भारत हमेशा शांति का पक्षधर रहा है। भारत आज पाकिस्तान के आतंकवादी अड्डों पर चौतरफा हमला कर ध्वस्त कर रहा है। हम सब प्रार्थना करें कि भारत देश की एकता, एकजुटता और अखंडता व समृद्धि हमेशा बनी रहे। संगठनात्मक बैठक में दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के विधायक ललित चन्द्राकर, पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू, पूर्व कैबिनेट मंत्री जागेश्वर साहू, प्रीतपाल बेलचंदन, एक राष्ट्र-एक चुनाव, दीपक चोपड़ा, श्रद्धा साहू जिला जनपद सदस्य, अजीत चंद्राकर, अजय चौहान, तिलक चंद्राकर, योगेश चंद्राकर, राजेश चंद्राकर, गब्बर साहू, गिरीश साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दोबारा अतिक्रमण न होने देने निगम ने बनाई निगरानी टीम

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। हफ्ते भर पहले इंदिरा मार्केट दुर्ग एरिया से शासकीय जमीन पर कपड़ा व जूता-चप्पल के दुकानदारों को हटाया गया था। दोबारा अतिक्रमण न होने देने के लिये यहां नगर निगम ने निगरानी टीम गठित कर दी है। समिति द्वारा समय-समय पर महापौर अलका बाघमार, निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल को रिपोर्ट दी जाएगी। 2018 में कपड़ा व जूता-चप्पल दुकानदारों को इंदिरा मार्केट दुर्ग लाइन से हटाया गया था। उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेश पर प्रभावित दुकानदारों को शीतला सुपर मार्केट के पास जमीन आबंटित की गई थी। हटाए गए दुकानदारों ने वहां व्यवसाय करने से इंकार कर दिया था। कुछ दिनों के बाद इंदिरा मार्केट दुर्ग में अतिक्रमण कर दोबारा दुकान शुरू कर दी। हाल ही में मार्केट के व्यापारियों की शिकायत पर महापौर अलका बाघमार और जिला प्रशासन के निर्देश पर प्रशासन, पुलिस बल और नगर निगम की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर अतिक्रमण हटा दिया।

हाई कोर्ट ने दिया आदेश

दुकानदारों के प्रकरण में उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा 7 मई 2025 को आदेश दिया गया कि याचिकाकर्ताओं को अपनी शिकायत के संबंध में प्रतिवादी प्राधिकारियों के समक्ष जाने की सलाह दी गई है। संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया है कि याचिकाकर्ता के शिकायत पर कानून के अनुसार व्यावसायिक तरीके से निराकरण करे। उच्च न्यायालय बिलासपुर में नगर निगम दुर्ग की ओर से अधिवक्ता धीरज वानखेड़े द्वारा पैरवी किया गया।

विधायक ने अफसरों से मांगी 27 करोड़ के विकास कार्यों की प्रोग्रेस रिपोर्ट

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। विधायक गजेंद्र यादव ने आज नगर निगम के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए राज्य शासन द्वारा स्वीकृत 27 करोड़ की राशि का हिसाब मांगा। गजेंद्र ने नगर निगम दुर्ग क्षेत्र में 2023-24 और 2024-25 में स्वीकृत विकास कार्यों को समय पर पूरा करने कहा। बैठक में महापौर अलका बाघमार, निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल सहित निगम के सभी इंजीनियरों की मौजूदगी में छोटे-बड़े कार्यों की बारी-बारी से समीक्षा की गई। मल्टीलेवल पार्किंग, नालंदा परिसर, सामाजिक भवन, पालिका बाजार सहित बड़े कार्यों में अधिकारियों को दायित्व सौंपने कहा गया। बैठक में सभी वार्डों में आवश्यकतानुसार सड़क सीमेंटीकरण और नाली निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर बारिश पूर्व काम पूरा करने के निर्देश दिये गए। मुख्यमंत्री की घोषणा और विधायक निधि के प्रगतिरत और अप्रारंभ कार्यों की जानकारी भी ली। बैठक में राज्य शासन से स्वीकृत लगभग 27 करोड़ के कार्यों की प्रोग्रेस रिपोर्ट मांगते हुए सभी कार्य पूर्ण जल्द पूरा करने कहा। इंदिरा मार्केट में पार्किंग की बढ़ती समस्या से निजात पाने मल्टीलेवल पार्किंग का डीपीआर शीघ्र तैयार कर शासन को भेजने कहा गया। विधायक ने भवन निर्माण, जॉगिंग ट्रैक, मुक्तिधाम निर्माण की जानकारी मांगी।

प्रमुख तालाबों का होगा सौंदर्यीकरण

विधायक गजेंद्र ने शहर के सभी प्रमुख तालाबों का सौंदर्यीकरण करने और उद्यानों के विस्तार का काम पूरा करने प्रस्ताव बनाने कहा, ताकि तालाब में आम नागरिक निस्तारी कर सकें। इंदिरा मार्केट के सब्जी मंडी में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या दूर करने के निर्देश दिये। डीएमएफफंड से स्वीकृत कार्य और मुख्यमंत्री की घोषणा के कार्यों में आने वाली रुकावटों को दूर कर समस्या का निदान करने कहा।

बोरसीभांठा में बनेगा ऑक्सीजोन, गजेन्द्र ने किया निरीक्षण

शहर में हरियाली का दायरा बढ़ाने के साथ ही सघन वृक्षारोपण करने के लिये ऑक्सीजोन बनाया जाएगा। विधायक गजेन्द्र यादव ने डीएफओ के साथ स्थल निरीक्षण किया। बोरसीभांठा में खाली भूमि पर हरियाली बढ़ाने वृहद स्तर पर पौधारोपण करने की तैयारियां करने के निर्देश दिए। नगर सेनानी कार्यालय परिसर में भी पौधरोपण किया जायेगा। डीएफओ दीपेश कपिल ने वन विभाग की नर्सरी में तैयार किये जा रहे पौधों की जानकारी दी। पौधों का वितरण बरसात के दौरान कर दिया जाएगा। विभाग की ओर से भी पौधे रोपे जाएंगे। बोरसी भांठा में लगभग 10 एकड़ और नगर सेना कार्यालय परिसर में लगभग 3 एकड़ रिक्त भूमि पर ऑक्सीजोन बनाया जाएगा। हजारों की संख्या में छायादार और फलदार पौधे लगाए जाएंगे।

भिलाई के रजनीश ने नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के बॉक्सिंग अकादमी के प्रशिक्षणार्थी मास्टर राजनीश यादव ने नई दिल्ली में 30 अप्रैल से 5 मई तक आयोजित स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) द्वारा संचालित अंडर-19 राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 46-49 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र और छत्तीसगढ़ राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। भिलाई कैम्पस का प्रतिनिधित्व कर रही सात सदस्यीय बाल मुक्केबाजों की टीम में से मास्टर रजनीश यादव ने पांच मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद इस भार वर्ग में यह पहला स्वर्ण पदक है। इस सफलता पर कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन), पवन कुमार ने सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र सामूहिक की ओर से युवा मुक्केबाज राजनीश को बधाई दी है। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक विजय शर्मा, उप महाप्रबंधक व पूर्व ओलंपियन मुक्केबाज राजेन्द्र प्रसाद, उप महाप्रबंधक राजीव कुमार, उप प्रबंधक (ईडी एचआर सचिवालय) डेनिस क्रिस्टी भी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने युवा मुक्केबाज रजनीश को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

प्रावीण्य सूची के विद्यार्थियों को कलेक्टर ने दी बधाई

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा 10 वीं व 12 वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग के कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत, पाटन का 99 प्रतिशत व पिनकापार 99 प्रतिशत और 12 वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 85 प्रतिशत रहा। प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग के कक्षा 10 वीं के छात्र बिट्टू कुशवाहा पिता कमलेश कुशवाहा (कृषक) ग्राम-नमारीकला चांदो, जिला-बलरामपुर ने 97.83 प्रतिशत अंकों के साथ प्रावीण्य सूची में 9 वां स्थान प्राप्त किया। प्रयास आवासीय विद्यालय की छात्रा कु. भूमिका साहू पिता मनोज कुमार (कृषक) व माता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ग्राम-मातेखेड़ा छुरिया राजनांदगांव निवासी का 97.66 प्रतिशत के साथ प्रावीण्य सूची में 10वां स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर अध्यापन और परीक्षा की तैयारी के लिये हेमन्त कुमार सिन्हा सहायक आयुक्त के मार्गदर्शन में आशीष गुप्ता प्रशासकीय अधिकारी के नियंत्रण और कोचिंग के लिये चयनित संस्था के सहयोग से विद्यार्थी उच्च अंक प्राप्त करने में सफल हुए हैं। कलेक्टर अभिजीत सिंह व सहायक आयुक्त व प्रशासकीय अधिकारी ने सभी छात्र / छात्राओं और विद्यालय परिवार को उत्कृष्ट परिणाम के लिये बधाई दी है।

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202505100900024 /ब/121/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम खुडमड़ी प.ह.नं. 15 तह पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक ओंकार प्रसाद अवधिया पिता रघुनाथ अवधिया निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम खुडमुड़ी प.ह.न. 15 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 47/1, 51/1, 55/4, 56/2 रकबा 0.5614, 0.54, 0.0715, 0.0611 हे. भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक ओंकार प्रसाद अवधिया पिता रघुनाथ अवधिया निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्त भूमि का आवेदक को द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदान किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 22.05.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद्मुद्रा से आज दिनांक 05.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

जयंती समारोह..

विधायक, महापौर ने महाराणा प्रताप की वीरता को किया याद

महाराणा प्रताप की शोभा यात्रा में जुटे राजपूत समाज के लोग

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। राजपूत (क्षत्रिय) चेतना विकास संघ द्वारा वीर महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर जोश के साथ महाराणा प्रताप की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में महाराणा प्रताप के तैल चित्र को सुसज्जित रथ पर विराजमान किया गया। शोभायात्रा में सुसज्जित रथ के अलावा झांकियां, घोड़े-बग्गी, धुमाल व शौर्य प्रदर्शन प्रमुख आकर्षण का केन्द्र रहे। शहीद चौक से निकली शोभायात्रा अग्रसेन चौक, हरनाबांधा, पोलसायपारा, फरिश्ता कॉम्पलेक्स, इंदिरा मार्केट, पटेल चौक पहुंची, जहां शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा के दौरान सामाजिक-धार्मिक संगठनों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। शोभायात्रा में जय महाराणा व जय राजपूताना के जयकारे गुंजायमान होते रहे। इससे पहले कार्यक्रम में दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अलका बाघमार अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर राजपूत (क्षत्रिय) चेतना विकास संघ अध्यक्ष जगरूप सिंह परिहार, संरक्षक गोपाल सिंह पवार, अजय सिंह, शिवेन्द्र परिहार, क्षत्रिय कल्याण महासभा भिलाई अध्यक्ष अजीत सिंह, राजपूत महासभा रहटादाह उपसमिति जवाहर नगर अध्यक्ष हरनारायण सिंह, पूर्व सभापति राजकुमार नारायणी, एमआईसी मेंबर शेखर चंद्राकर, नीलेश अग्रवाल, पार्षद नीलम सिंह, मनीषा सोनी, पूर्व एल्डरमैन रीता सिंह मंचासीन रहे। राजपूत (क्षत्रिय) चेतना विकास संघ अध्यक्ष जगरूप सिंह परिहार ने स्वागत भाषण में संस्था के कार्यों व गतिविधियों से अवगत कराया। कार्यक्रम में शहर विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि महाराणा प्रताप ऐसे योद्धा थे, जिन्होंने अपने साथ दलितों, भीलों और वंचितों को रखा और उन सैनिकों के दम पर अकबर की मुगल सैनिकों के छक्के छुड़ा दिए। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि राजपूत समाज हमेशा से योद्धा रहा है। महाराणा प्रताप ऐसे राजा थे, जिन्होंने अपनी वीरता से अकबर के पसीने छुड़ा दिए थे। महापौर अलका बाघमार ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में समाज को उत्कृष्ट योगदान देने वाले स्वजातीय बंधुओं का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर रामनिवास सिंह, नरसिंह ठाकुर, शिवभान सिंह भदोरिया, कमलेश सिंह, प्रांजल सिंह, अरविंद सिंह, हनी सिंह, करणी सेना अध्यक्ष अभिषेक सिंह, आयुष सिंह, अनिकेत सिंह, सीमांत सिंह, वीरेंद्र सिंह, नरेंद्र चंदेल, राय सिंह ढिकोला, विनोद बैस उपस्थित थे।

सांस्कृतिक कला भवन और शिवनाथ तट पर ओपन मंच निर्माण की मांग

- **छग मंच ने विधायक और महापौर से मांग पूरी करने किया अनुरोध**

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग ने शहर में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये शहर के गायन कलाकारों के लिए सर्वसुविधायुक्त सांस्कृतिक कला भवन का निर्माण कराने की मांग की है। छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी ने शहर विधायक गजेन्द्र यादव और महापौर अल्का बाघमार से मांग करते हुए कहा कि गीत-संगीत से जुड़े कलाकारों के लिए आयोजन और अभ्यास के लिये कोई जगह उपलब्ध नहीं है। सर्वसुविधायुक्त सांस्कृतिक कला भवन निर्माण होने पर कलाकारों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

छत्तीसगढ़ मंच ने शिवनाथ तट व ठगड़ा बांध में ओपन मंच निर्माण कराने की मांग भी की गई है।

मांग करने वालों में छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग के संरक्षक चंद्रिका दत्त चंद्राकर, रमन सिंह, उपाध्यक्ष दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष गुलाब चौहान, सहसचिव ललित वर्मा, त्रिलोक सोनी, सदस्य यूनुस चौहान, संजय खंडेलवाल, हरीश सोनी, जवाहर सिंह, बाबू भाई, गुरमीत सिंग भाटिया, मदन डोंगरे, मोहन सिन्हा शामिल हैं।

आम-सूचना

सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार रामकृपाल शुक्ला (RAM KRIPAL SHUKLA) पिता श्री श्याम सुन्दर शुक्ला, निवासी क्वा. नं.-2/बी, सड़क नं. 27. सेक्टर-08 भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का है। मेरे पक्षकार का वास्तविक एवं सही नाम रामकृपाल शुक्ला (RAM KRIPAL SHUKLA) है। उसके आधार कार्ड, पहचान पत्र आदि में उसका नाम रामकृपाल शुक्ला (RAM KRIPAL SHUKLA) दर्ज है। वह अपराध अनुसंधान विभाग, पुलिस मुख्यालय, रायपुर में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ है। मेरे पक्षकार के सेवापुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर उसका नाम रामकृपाल दर्ज है जिसमें उसका उपनाम शुक्ला दर्ज नही है। मेरा पक्षकार अपने सेवा पुस्तिका में अपना पूर्ण नाम रामकृपाल शुक्ला (RAM KRIPAL SHUKLA) दर्ज करवाना चाहता है। रामकृपाल एवं रामकृपाल शुक्ला उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात् रामकृपाल शुक्ला का नाम है। मेरे पक्षकार ने अपना नाम रामकृपाल शुक्ला कर लिया है। जिसके संबंध में दिनांक 09.05.2025 को श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. के समक्ष एक शपथपत्र भी निष्पादित करवा चुका है एवं भविष्य में अपने समस्त शासकीय अशासकीय दस्तावेजों में अपना वास्तविक एवं सही नाम रामकृपाल शुक्ला (RAM KRIPAL SHUKLA) दर्ज करवाना चाहता है तथा छ.ग. गजट प्रकाशन में भी नाम सुधार हेतु प्रकाशन करवाना चाहता है। भविष्य में मेरा पक्षकार अपने सही नाम रामकृपाल शुक्ला (RAM KRIPAL SHUKLA) के नाम से जाना, पहचाना, लिखी, पढ़ा, समझा एवं सम्बोधित किया जावेगा। अत: यह आम सूचना मेरे पक्षकार के निर्देश पर मेरे द्वारा जारी किया गया है।

दीपक महलवार
अधिवक्ता-जिला न्यायालय
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9301912012

खाद्य मंत्री बघेल ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

ग्रामीणों को मिली योजनाओं की सौगात

संबलपुर में जिलें का 9 वां समाधान शिविर सम्पन्न

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत आज नवागढ़ विकासखंड के ग्राम संबलपुर में 9 वें समाधान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के खाद्य मंत्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मंत्री श्री बघेल ने इस अवसर पर क्षेत्र के स्कूली मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। किसानों को किसान किताबें, कृषि स्प्रे यंत्र तथा मछली पालकों को आईसबॉक्स का वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लाभार्थी महिलाओं को पासबुक सौंपी गईं।

हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान संबलपुर में आयोजित इस समाधान शिविर में क्लस्टर संबलपुर के साथ-साथ धनौरा, कंवराकांपा, गोढीकला, तेन्दुवा, मुडपार, बेलटुकरी एवं पेण्ड्री गांवों के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। ग्रामीणों ने शिविर स्थल पर समाधान पेटी में अपनी समस्याएं, मांगें एवं शिकायतें दर्ज कराईं, जिनका निराकरण मौके पर ही विभागीय अधिकारियों द्वारा किया गया। साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी उपस्थित जनता के साथ साझा की गई। अपने संबोधन में खाद्य मंत्री श्री बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए पक्के आवास निर्माण के संकल्प को तेजी से पूरा कर रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रथम कैबिनेट बैठक में ही 18 लाख गरीब परिवारों को आवास स्वीकृत किए गए हैं तथा आवास प्लस योजना की पात्रता नियमों में ढील देकर अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ पहुंचाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, बोनस वितरण तथा महतारी वंदन योजना के माध्यम से माताओं-बहनों को आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है। साथ ही रामलला दर्शन योजना एवं मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत प्रदेशवासियों को तीर्थ यात्रा का अवसर प्रदान किया जा रहा है। बघेल ने ग्रामीणजनों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी समस्या, मांग या शिकायत को समाधान शिविर में निःसंकोच दर्ज कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में हितग्राहियों से किसी भी प्रकार की अवैध वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शिकायत मिलने पर दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।समाधान शिविर में अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दिव्या पोटाई, अजय साहू सहित पंच, सरपंच, जनप्रतिनिधिगण एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सुशासन तिहार अंतर्गत भोथीडीह में लगा समाधान शिविर

मौके पर ही मिला बी वन

भाटापारा/नवप्रदेश। सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत शुक्रवार को भाटापारा विकासखंड के ग्राम पंचायत भोथीडीह में लोक समाधान शिविर का आयोजन किया गया।समाधान शिविर प्रातः 10.30 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक चला,जिसमें प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर मौके पर त्रुटि सुधार कर बी वन, फौती नामांतरण कर बी वन की नकल सहित

किसान पुस्तिका का वितरण भी किया गया। उपरोक्त संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को विकासखण्ड भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत भोथीडीह में लोक समाधान शिविर का आयोजन किया गया,इस शिविर में ग्राम पंचायत गुड़ाघाट, खपरी स, कोनी, भोथीडीह, मोपकी, निपनिया, पथरिया और सिलवा के ग्रामवासी शामिल हुए।समाधान शिविर में आए आवेदनों का निपटारा तहसीलदार प्रेमा मिंज ने करते हुए मौके पर ही फौती नामांतरण कर बी वन की नकल,त्रुटि सुधार कर बी वन की नकल,सीमांकन की प्रतिलिपि सहित किसानों को किसान पुस्तिका का वितरण भी किया गया।इस अवसर पर सभी विभाग के विकासखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे और प्राप्त आवेदनो का निराकरण कर विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सविता प्रदीप अनंत,जिला पंचायत सदस्य अमर मंडावी,सरपंच अनूप साहु, निपनिया सरपंच नरेश नेताम,नायब तहसीलदार अभिषेक अग्रवाल,जनपद पंचायत सीईओ हिमांशु वर्मा सहित ग्राम सचिव मनीष दुबे,सरपंच मनोज शर्मा सहित विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधिगण और ग्रामीण जन उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

मुंह पर सेलो टेप लपटा मिला युवक की लाश, हत्या की आशंका

महासमुंद/नवप्रदेश। टोंगोपानी-कसेकेरा मार्ग के पहाड़ के पीछे अमरिया नाला के पास एक अज्ञात युवक की लाश मिली है। लाश की शिनाख्त नहीं हो पाई है। मृतक युवक के चेहरे और मुंह पर चिपके हुए टेप तथा हाथ को भी बांधे जाने से यह मामला प्रथम दृष्टया हत्या का मामला समझा जा रहा है। घटना स्थल पर फोरेंसिक टीम के आला अधिकारी ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। ग्रामीणों के मुताबिक हत्या कर फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस का कहना है जांच के बाद ही सही स्थिति की स्पष्ट हो पाएंगी।

कैट की नई बॉडी को नांदगांव की व्यापारियों ने रायपुर पहुंच कर दी बधाई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कैट की नई टीम की गठन होने पर राजनांदगांव के व्यापारियों ने रायपुर पहुंचकर नए पदाधिकारी सहित पूरे कार्यकारिणी को बधाई दी है। कल शुक्रवार को राजनांदगांव के व्यापारी गण अनिल बरडिया, राजू डागा, आलोक बिंदल, संजय तेजवानी, गुरमुख दास वाधवा, शरद अग्रवाल, अमित खंडेलवाल, सूरज खंडेलवाल, योगेश खत्री, रोहित मखीजा, राजकुमार बाफ्ना, भागचंद गढ़िया आदि ने रायपुर पहुंचकर कैट की टीम में के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन बनने पर अमर परवानी को बधाई दी इसी के साथ प्रदेश के नई कार्यकारिणी को बधाई देकर वे स - कुशल लौट आए हैं।

छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस आगामी तीन दिन तक मेरठ स्टेशन तक जाएगी

भाटापारा/नवप्रदेश। मौजूदा सुरक्षा स्थिति को ध्यान में रखते रेल बोर्ड,नई दिल्ली के द्वारा पंजाब राज्य में जाने वाली कुल 28 ट्रेनों को बीच रास्ते में समाप्त की जा रही है ! इसी प्रकार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली 18237/18238 कोरबा - अमृतसर - कोरबा छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को भी मेरठ स्टेशन में समाप्त की जा रही है ! दिनांक 10, 11 एवं 12 मई, 2025 को कोरबा से चलने वाली 18237 कोरबा - अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को मेरठ रेलवे स्टेशन में समाप्त होगी ! इसी प्रकार विपरीत दिशा से चलने वाली 18238 अमृतसर - कोरबा छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को दिनांक 12,13 एवं 14 मई, 2025 को अमृतसर के स्थान यह गाड़ी मेरठ स्टेशन से कोरबा के लिए रवाना होगी!

नवागढ़ में गूंजा शौर्य का जयघोष

महाराणा प्रताप चौक का भव्य लोकार्पण

नवागढ़/नवप्रदेश। नगर के इतिहास में एक गौरवपूर्ण अध्याय जुड़ गया, जब शुक्रवार की शाम महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर नगर के मध्य स्थित नवनिर्मित महाराणा प्रताप चौक का भव्य लोकार्पण संपन्न हुआ। विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रतिमा का अनावरण कर नगर को गौरव से भर दिया। इस ऐतिहासिक अवसर पर नगर में शौर्य यात्रा निकाली गई, जिसमें पारंपरिक वेशभूषा में तलवारबाजी व फायरिंग कर क्षत्रियों ने शौर्य प्रदर्शन करते हुए ढोल-नगाड़ों और भगवा ध्वजों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया।

राष्ट्ररक्षा की प्रेरणा आज भी प्रासंगिक – सांसद विजय

सांसद विजय बघेल ने कहा कि आज भले युद्ध की शैली बदल गई है, पर राष्ट्ररक्षा का संकल्प वही है। मोदी जी उसी वीरता से पाकिस्तान को जवाब दे रहे हैं जैसी महाराणा प्रताप ने दिखाई थी।

प्रतिमा अनावरण के सच्चे अधिकारी- विधायक धर्मजीत : विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि डॉ. रमन सिंह ने 15 वर्षों तक छत्तीसगढ़ को महाराणा के आदर्शों पर चलकर नेतृत्व दिया। वे इस प्रतिमा अनावरण के सच्चे अधिकारी हैं। पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने कहा कि यह चौक नवागढ़ के युवाओं को प्रतिदिन प्रेरणा देता रहेगा।

महाराणा का चौक, नवागढ़ का गौरव - डॉ. रमन सिंह

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने अपने ओजस्वी वक्तव्य में कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक योद्धा नहीं थे, वे स्वाभिमान, स्वराज और आत्मबल के प्रतीक हैं। जब पूरा देश मुगलों के सामने झुका, तब वे अकेले जंगलों में संघर्ष करते रहे। आज उनका स्मारक चौक नवागढ़ के युवाओं को साहस, राष्ट्रभक्ति और आत्मबल का संदेश देता रहेगा। उन्होंने कहा कि यह केवल प्रतिमा का अनावरण नहीं, बल्कि एक संकल्प का उद्घोष है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उसी भावना से भारत का नेतृत्व कर रहे हैं—चाहे पाकिस्तान हो या कोई अन्य दुश्मन, अब भारत केवल जवाब नहीं, बल्कि मुंहतोड़ उत्तर देता है। डॉ. सिंह ने भूमि दानकर्ता सुरेश दत्त दुबे और आयोजन समिति का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह चौक आने वाली पीढ़ियों को शौर्य, निष्ठा और सेवा का प्रतीक बनेगा।

शौर्य, सेवा और समाज का संगम : इस भव्य आयोजन में नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न समाजों द्वारा मार्ग में सेवा स्टॉल लगाए गए, जहाँ श्रद्धालुओं को शरबत, फल और शीतल जल प्रदान कर स्वागत किया गया। इस सेवा भाव ने आयोजन को सामाजिक समरसता और सहयोग की मिसाल बना दिया। अंत में समस्त समाज प्रमुखों को शाल व श्रीफल भेंटकर सार्वजनिक सम्मान किया गया।

गणमान्यजनों की गरिमामयी उपस्थिति

इस अवसर पर प्रह्लाद रजक, रामकमल सिंह, वर्षा विक्रम सिंह, सोम सिंह ठाकुर, अराधना सिंह, सुरेश दत्त दुबे, बजरंग सिंह, महेंद्र सिंह, होरी सिंह, वल्लभ सिंह, जवाहर सिंह, राजा ठाकुर, लक्की ठाकुर, प्रमोद ठाकुर, घनश्याम सिंह, राजेश सिंह, पिंटी बैस, बलदाऊ सिंह, गणपत सिंह, पोषण सिंह, सुरेश सिंह, बलभद्र सिंह, भगवत सिंह, मुकेश बिसेन, मिंटू बिसेन, दिनेश सिंह, प्रमोद सिंह, डायमंड सिंह, पृथ्वीराज सिंह, अर्जुन सिंह, नरेंद्र सिंह, अजय सिंह, हुलास भुवाल, निहाल ठाकुर, लाला ठाकुर, पीयूष नरेंद्र ठाकुर, गणेश सिंह, रामकमल सिंह, लोकनाथ सिंह, गजानन सिंहसहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन मौजूद रहे।

विहिप बजरंग दल ने भारत के पराक्रम के लिए भारतीय सेना की करी सराहना

कहा सैन्य पराक्रम अगली पीढ़ी हेतु प्रेरणास्पद

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पहलगाम में हुए आतंकी हमले जिसमें पर्यटकों के हिंदुओं को चिहिंत कर मारा गया था जिसके जवाब एवं आत्मरक्षा में केंद्र सरकार,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भारतीय सेना की जवाबी कार्यवाही एवं ऑपरेशन सिंदूर की विहिप बजरंग दल सराहना करता है, बजरंग दल विभाग सहसंयोजक सुनील सेन ने प्रेस नोट में बताया कि भारत के इस प्रतिउत्तर ने पूरे विश्व को बता दिया कि भारत किसी देश की दखल एवं हमले सहन नहीं करेगा, हमारा देश संस्कृतियों एवं परंपराओं का देश है जहां अतिथि को भगवान की तरह पूजा जाता है। यदि इसकी संस्कृति एवं देशवासियों को कोई हानि पहुंचेगी तो इसका जवाब भी उसी रूप में दिया जाएगा। हमारी आगामी पीढ़ी के लिए यह एक प्रेरणाजन्य है।

देश के प्रत्येक सैनिकों के प्रति हम समस्त बजरंगी कृतज्ञता एवं प्रणाम करते है जो ऐसी परिस्थितियों में हमारे देश को शत्रुओं से बचा रहे है। प्रभु श्रीराम जी से प्रार्थना करते है कि हमारे वीर सैनिक सुरक्षित और विजयी होकर घर लौटें, हिंदू समाज का आशीर्वाद एवं प्यार उन्हें सबसे कठिन समय में मजबूत और सुरक्षित रखेगा। हम अपनी मातृभूमि की सीमाओं पर उनके होने पर गर्व है और हम हमेशा अपने सैन्यबलो के ऋणी रहेंगे।

पीएससी मेंस के लिए आवेदन 5 जून तक

महासमुंद/नवप्रदेश। सीजीपीएससी की मुख्य परीक्षा 26 से 29 जून तक होगी। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अभ्यर्थी 5 जून तक आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन में त्रुटि सुधार 6 से 7 जून तक होगा। सीजीपीएससी ने 9 फरवरी को यह परीक्षा आयोजित की थी। इसमें कुल 3737 अभ्यर्थियों को मेंस की परीक्षा के लिए पात्र घोषित किया गया है। अभ्यर्थी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर मेंस के लिए आवेदन कर सकते हैं।

सुशासन तिहार से प्रदेश में आई प्रशासनिक कसावट : शिव वर्मा

कहा – जनता के कामकाज अब आसानी व शीघ्रता से हो रहे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले सहित प्रदेश में चल रहे तीसरे चरण के सुशासन तिहार से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नीत भाजपा सरकार की सब तरफ वह वही हो रही है यह बात कहते हुए वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार से प्रशासनिक कसावट आ चुकी है। वही जिले सहित प्रदेश की जनता का काम शीघ्रता और आसानी से हो रहे हैं। पिछले 5 साल में कांग्रेस की सत्ता रहने के दौरान जनता के कामकाज में विलंब होता था। जनता को अपने कामकाज के लिए दफ्तरों के चक्कर पर चक्कर लगाने पड़ते थे। आज जाना कल आना करके उन्हे लौटा दिया जाता था। रिश्वतखोरी जमकर हो रही थी जनता को समय और धन बहुत गवाना पढ़ता था विष्णु देव साय के सुशासन में बहुत से कम अपने मोहल्ले अपने गांव के शिविर में तथा घर बैठे होते देख रहे हैं इससे मोदी की गारंटी भी सच हो रही है और विष्णु देव साय के सुशासन का भी सपना पूरा हो रहा है जनता संतुष्टि और सुख अनुभव कर रही है और साथ ही साथ संतुष्टि और सुख अनुभव कर रही है और साथ ही साथ समय और धन की बचत हो रही है। नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष शिव वर्मा ने आगे कहा कि जिले सहित प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के पिछले 15 साल के कार्यकाल से बहुत खुश रही उस अवधि में मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के नेतृत्व और सांसद अभिषेक सिंह के कार्यकाल में जिले सहित प्रदेश में विकास निर्माण कार्यों की मानों बाढ़ आ गई थी।

बुद्ध जयंती पर विधायक डॉ.रमन सिंह एवं सांसद संतोष पाण्डे ,महापौर मधुसूदन यादव ने दी बधाई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधान सभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह तथा सांसद संतोष पाण्डे ने नागरिको को बुद्ध जयंती की शुभकामनाए दी है। उन्होंने अपने संदेश मे कहा कि राजकुमार सिद्धार्थ गौतम का जन्म वैशाख पूर्णिमा को हुआ था. इसी दिन बुद्ध जयंती मनाई जाती है।

ज्ञान प्राप्त कर सिद्धार्थ गौतम गौतम बुद्ध बन गए और बौद्ध धर्म की स्थापना की. बुद्ध पूर्णिमा को वेसाक जयंती या बुद्ध जयंती (बुद्ध पूर्णिमा) के रूप में भी जाना जाता है. बुद्ध जयंती या बुद्ध दिवस बौद्ध त्योहार है, जो दक्षिण, दक्षिण-पूर्व और पूर्वी एशिया के अधिकांश हिस्सों में मनाया जाता है।

विधायक डॉ. सिंह ने कहा कि गौतम बुद्ध के जीवन की तीन महत्वपूर्ण घटना- जन्म, ज्ञान प्राप्त करना और मृत्यु भी इसी दिन घटित हुआ था. इसलिए इस दिन को दुनिया भर के बौद्धों द्वारा तीन बार धन्य उत्सव माना जाता है. यह दिन आध्यात्मिक चिंतन और उत्सव का समय है, जिनमें प्रार्थना सभा, मंदिर के दर्शन और सेवा कार्य किए जाते हैं। उन्होंने बुद्ध पूर्णिमा को एक जुट होकर उत्साह से मनाकर गौतम बुद्ध के बताए मार्गो पर चलने की अपील की है।

सांसद श्री पाण्डे ने बधाई देते हुये कहा कि बुद्ध का दर्शन बौद्ध धर्म के रूप में भी जाना जाता है. यह दुख के अनुभव और इसे दूर करने के तरीके पर आधारित है. यह चार आर्य सत्यों की अवधारणा पर जोर देता है. इसमें दुख की प्रकृति (दुक्खा), इसका कारण, निरोग और निरोग की ओर ले जाने वाला मार्ग (अष्टांग मार्ग) शामिल है. बौद्ध धर्म ज्ञान, दया, धैर्य, उदारता और करुणा जैसे गुणों के महत्व पर भी प्रकाश डालता है। उन्होंने भगवान बुद्ध के इन्ही गुणो को अपनाने की अपील की है।

राजनांदगांव महपौर मधुसुदन यादव ने बुद्ध जयंती की बधाई दते हुए कहा कि भगवान गौतम बुद्ध ने सत्य, अहिंसा ,दया ,करणा, बस शाकाहार के मार्ग पर चलने की सीख दी उन्होंने भगवान गौतम बुद्ध के बताएं मार्ग पर चलकर समाज की उन्नति के लिए कार्य करने की अपील।

पेज 1 का शेष

पाक का दोगलापन फिर...

समझना चाहिए और इस उल्लंघन को रोकने के लिए तुरंत उचित कार्रवाई करनी चाहिए।

विदेश सचिव ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल स्थिति पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं और उन्हें अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सीमाओं के साथ-साथ नियंत्रण रेखा के उल्लंघन की पुनरावृत्ति से भी निपटने के लिए निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा है कि सेनाओं से स्थिति पर नजर रखने और किसी भी दुस्साहस का करारा जवाब देने को कहा गया है।

श्रीनगर में कई विस्फोट, ...

के साथ नियंत्रण रेखा पर 26 स्थानों पर ड्रोन देखे गए, जिन्हें ध्वस्त कर दिया गया। (संबंधित खबरें पेज 2 पर)

जम्मू- कश्मीर में बारामूला, श्रीनगर, अवंतीपोरा, नगरोटा और जम्मू में पाकिस्तान की ओर से आ रहे ड्रोन निष्क्रिय कर दिये गये।

पाक को हमने बहुत ...

करके बताया कि पाकिस्तान की ओर उसकी सेना के डीजीएमओ ने तनाव कम करने के लिए भारतीय सेना के डीजीएमओ से संपर्क किया। इसके बाद भारत अपनी शर्तों पर युद्धविराम के लिए राजी हुआ। दोनों देशों के डीजीएमओ युद्धविराम को लेकर आगे की कार्रवाई के लिए 12 मई को फिर से बातचीत करेंगे।

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल हैंडल से इसका ऐलान किया। इसके कुछ देर बाद पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने भी अपने एक्स हैंडल से एक पोस्ट में इसकी पुष्टि की। भारत और पाकिस्तान के बीच 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी महले के बाद से लगातार तनाव जारी था। इस हमले में आतंकियों ने 26 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद भारत ने 7 मई को पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में जैश, लश्कर और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े 9 आतंकी ठिकानों को एयर स्ट्राइक में तबाह कर दिया था. भारत की जवाबी कार्रवाई में जैश चीफ मौलाना मसूद अजहर के परिवार के 14 लोगों समेत 100 से अधिक आतंकी मारे गए थे। इसके बाद पाकिस्तान ने भारत पर असफल ड्रोन और मिसाइल हमले किए, जिसका उसे मुंहतोड़ जवाब मिला।

राष्ट्रपति ट्रंप ने की मध्यस्थता...

रात से पाकिस्तान ने भारत के 26 शहरों पर हमला किया, जिसे हमारी रक्षा प्रणाली ने विफल कर दिया।

इस बीच भारत ने बड़ा फैसले लेते हुए 32 एयरपोर्ट्स को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है।

भारत और पाकिस्तान के बीच लगातार तनाव जारी है और दोनों देश जंग के मुहाने पर खड़े हैं। बॉर्डर पर भी तनाव जारी है। पाकिस्तान की तरफ से लगातार भारत के कई शहरों पर हमले किए गए, जिसका भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया है. जम्मू-श्रीनगर से लेकर पठानकोट और पोखरण तक पाकिस्तान के ड्रोन हमले की कोशिश को भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया है।

अफगानिस्तान को लेकर ...

यह दावा पूरी तरह निराधार है।

प्रस्तावित 'होलसेल ...

ली गई थी और इसका भू-उपयोग परिवर्तन किया जा चुका था। 'होलसेल कॉरिडोर' को दक्षिण एशिया व देश का सबसे बड़ा थोक व्यावसायिक बाजार बनाने की योजना थी. पूर्ववर्ती सरकार द्वारा होलसेल कॉरिडोर में 540 रुपए वर्गफीट में व्यवसायियों को भू-खंड आवंटित करने तथा इसके निर्माण में अतिरिक्त राशि राज्य सरकार द्वारा खर्च किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया था।

बताया गया है कि पूर्ववर्ती सरकार के इस निर्णय पर वर्तमान भाजपा सरकार सहमत नहीं है और भूखंड आवंटन की प्रक्रिया को भी निरस्त कर दिया गया है। नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण द्वारा नवा रायपुर में नीलामी के जरिए जमीन का आवंटन किए जाने का प्रावधान है। जबकि होलसेल कॉरिडोर के लिए भू-खंडों की दर निर्धारित की गई थी।

अधोसंरचना निर्माण पर 100 करोड़ रुपए होंगे खर्च- नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण की ओर से नवा रायपुर क्षेत्र में सड़क, नाली, बिजली, पेयजल सहित अन्य अधोसंरचना निर्माण का कार्य भी शुरू किया जा रहा है। करीब 100 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न अधोसंरचना निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इनमें 30 करोड़ रुपए सड़क निर्माण पर खर्च होंगे. शेष राशि नाली, बिजली, पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित करने पर व्यय किए जाएंगे।

समर कैम्प के समापन पर आज होगा पुरस्कार वितरण समारोह

भाटापारा/नवप्रेश। भाग्य विधाता भवन में चल रहे बच्चों के समर कैंप के सातवें दिन जूडो कराटे का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही नम्रता के गुण भी बताया गया। व्यक्तित्व विकास विषय पर बताते हुए ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने बताया की जैसा हमारा सोर्स ऑफ इनफॉरमेशन होगा वैसा ही हमारे थॉट, फीलिंग, एटीट्यूड ,बिहेवियर, पर्सनैलिटी होगी। आइस और ईयर यह दो प्रमुख अंग है जिससे हम सारा दिन सोर्स आफ इनफॉरमेशन अपने अंदर ग्रहण करते हैं। हमें हर सूचना को फिल्टर करके पॉजिटिव रूप में ही अंदर डालना होगा तभी हम अपनी एक पावरफुल पॉजिटिव पर्सनैलिटी बना सकते हैं। 3 एस का सिद्धांत जीवन में अपनाना है। आज रविवार को समर कैंप का समापन दिवस होगा जिसमें समर कैंप में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरण किया जाएगा साथ ही मदर्स डे का कार्यक्रम भी शाम 5:30 बजे से भाग्य विधाता भवन में होगा।

समाधान शिविर में मिली जितेन्द्र को राहत, बना निवास प्रमाण पत्र

सभापति जिला पंचायत अंजू बघेल ने हितग्राही को सौंपा प्रमाण पत्र

मूरता में ऑन-द-स्पॉट परीक्षण

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में इन दिनों ÷सुशासन तिहार-2025÷ की गूंज हर गांव-शहर तक पहुंच रही है। इसी अभियान के तहत बेमेतरा जिले में 5 मई से समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। इसी क्रम में 8 मई को नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत मूरता में आयोजित समाधान शिविर में जितेन्द्र मानिकपुरी ने भी अपनी समस्या लेकर दस्तक दी।

जितेन्द्र लंबे समय से निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए परेशान थे। हर बार कोई न कोई कारण आड़े आता और उनका काम अधूरा रह जाता। लेकिन जब उन्होंने सुना कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं, तो वे आशान्वित होकर मूरता शिविर पहुंचे।

राजस्व विभाग के स्टॉल पर जितेन्द्र ने निवास प्रमाण पत्र के लिए आवेदन दिया और सोचा कि हमेशा की तरह बाद में प्रक्रिया चलेगी। लेकिन तभी अधिकारी ने उन्हें रोका और तुरंत उनसे जरूरी जानकारी ली। मोबाइल के जरिए ऑन-द-स्पॉट परीक्षण किया गया और चंद मिनटों में उनका निवास प्रमाण पत्र बनकर तैयार हो गया। सभापति जिला पंचायत अंजु बघेल ने स्वयं जितेन्द्र को प्रमाण पत्र सौंपा। जितेन्द्र की खुशी का ठिकाना नहीं था।

उन्होंने कहा ÷मुझे उम्मीद नहीं थी कि इतने कम समय में मेरा काम पूरा हो जाएगा। मैं राज्य सरकार और जिला प्रशासन का दिल से धन्यवाद करता हूं।÷यह कहानी सुशासन तिहार की सफलता की गवाही देती है, जहां शासन-प्रशासन आम जनता के दरवाजे तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहा है।

बारातियों से भरी बस को ट्रक ने मारी टक्कर महिलाएं बच्चे सहित 17 घायल

खैरागढ़/नवप्रदेश। शनिवार देर शाम को चौथिया जा रही बाराती बस को अनियंत्रित ट्रक ने ठोकर मार दी। दुर्घटना में बस मे सवार 17 लोगों को चोटें आई हैं। सभी चोटिल लोगो को आनन फानन मे सिविल अस्पताल लाकर इलाज किया गया। घटना शनिवार शाम बढ़ईटोला से डोंगरगढ़ मार्ग में खुर्सीपार के पास हुई । जहाँ बारातियों से भरी मोना ट्रेवल्स की बस को ट्रक ने टक्कर मार दी। 40 बारातियों से भरी बस क्रमांक जुरलाकला से खैरा घुमका चौथिया जाने निकली थी, बस जैसे ही खुर्सीपार चौक में पहुंची बढ़ईटोला की ओर से आ रही ट्रक एमएच 34 आरजी 7886 ने टक्कर मार दी। जिससे बस में सवार 17 लोग घायल हो गए घायलों को निजी वाहन से सिविल अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज जारी है। घायलों में महिलाएं और बच्चे ज्यादा शामिल हैं। इसमें जानवी साहू, दीक्षा साहू, पुरब साहू 8 वर्ष, प्रमिला 61 वर्ष, लीला साहू 55 वर्ष, रामसिंग 27 वर्ष, शिक्षा साहू 14 वर्ष, दामनी 17 वर्ष, मासी 17 वर्ष, पिंकी साहू 27 वर्ष ,हुमेश्वरी साहू 45 वर्ष, क्षमा साहू 24 वर्ष,सवित्री साहू 70 वर्ष, लक्षणी साहू उम्र 75 वर्ष आदि शामिल है ।

ग्राम पंचायत आमदी में फिर दिखी सरपंच पति की मनमानी

■ **मोहल्लेवासियों के सहमति बिना तुड़वा दिया कूड़ादन**

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले की ग्राम पंचायत आमदी में सरपंच पति द्वारा पंचायत के कामकाज में हस्तक्षेप और मनमानी का मामला एक बार फिर उजागर हुआ है। इस बार उन्होंने मोहल्लेवासियों की सहमति के बिना चार साल पुराने सार्वजनिक कूड़ादान को तुड़वा दिया, जिससे मोहल्लेवासियों में गहरी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से स्थापित कूड़ादान को बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के हटा दिया गया है। जिससे कचरा निस्तारण में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, चार साल पहले शिक्षक कालोनी के वॉर्ड क्रमांक 09 में सरकारी पैसे से ही मोहल्ले के लिए एक बड़ा कूड़ादान रखा गया था, जहां गांव का सारा कचरा एकत्रित किया जाता था। परंतु हाल ही में उसे अचानक हटा दिया गया और अब मोहल्लेवासियों के पास कचरा फेंकने के लिए कोई निश्चित स्थान नहीं बचा है। इसका नतीजा यह है कि कचरा अब सड़कों पर बिखर रहा है, जिससे न सिर्फ कालोनी की सुंदरता प्रभावित हो रही है बल्कि स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ गए हैं। मोहल्लेवासियों ने कहा कि कूड़ादन हटाने के पहले हमसे कोई राय नहीं ली गई। कूड़ादान हटाने की कोई जरुरत नहीं थी। इससे कालोनी की सफाई व्यवस्था चरमरा जाएगी। मोहल्लेवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि सरपंच पति, जो पेशे से शिक्षक हैं, पंचायत के हर काम में हस्तक्षेप करते हैं और निर्वाचित प्रतिनिधियों की जिम्मेदारियों को दरकिनार कर फैसले लेते हैं। उनका कहना है कि पंचायत का काम केवल निर्वाचित प्रतिनिधि और ग्राम सभा के माध्यम से ही चले, न कि उनके परिजनों के इशारों पर। ज्ञात हो कि इसके पहले भी सरपंच पति ने तिवारी परिवार द्वारा वर्षों पूर्व बनाए गए पूर्वजों के मठ को भी तुड़वा दिया था जिसके बाद पीड़ित परिवार द्वारा पुलिस थाना में सरपंच पति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई थी। मामले में पुलिस कार्यवाही लंबित है। 1 महीने के भीतर सरपंच पति के पंचायत कार्यों में दखल और मनमानी का यह दूसरा मामला सामने आ गया है।

मचेवा खार में प्लॉट खरीदने वालों के साथ धोखा फर्जी दस्तावेजों पर रखी जा रही कॉलोनी की नींव

■ **फर्जी लैंड यूज सर्टिफिकेट के आधार पर कृषि भूमि का डायवर्सन कर अवैध प्लाटिंग करने का मामला**



नवप्रदेश लगातार

महासमुंद/नवप्रदेश। फर्जी लैंड यूज प्रमाणपत्र के आधार पर मचेवा खार महासमुंद स्थित कृषि भूमि का अवैधानिक तरीके से डायवर्सन कर अवैध प्लाटिंग करने का जो आपराधिक षडयंत्र रचा गया है, उसकी परतें उधड़ती जा रही है। और जैसे-जैसे इस आपराधिक षडयंत्र की परतें उधड़ रही हैं, शहर व क्षेत्र में चर्चा का विषय बन रही हैं। क्योंकि इस अवैध प्लाटिंग में महासमुंद शहर ही नहीं, आसपास के गांवों और अन्य ब्लॉकों के लोगों ने भी लाखों रुपए लगाकर प्लाट खरीदे हैं। उन सब में अब चिंता, भय और रोष भी उपज रहा है, क्योंकि उनके साथ छल हुआ है।

लोगों को अब पता चल रहा है कि अपने सपनों का घर बनाने के लिए उन्होंने मचेवा खार महासमुंद में सांई वाटिका से लगी जिस काल्पनिक कॉलोनी में प्लाट खरीदे हैं, उस कॉलोनी की बुनियाद ही फर्जी कागजातों पर रखी गई है। फर्जी लैंड यूज प्रमाणपत्र के आधार पर भूमि का डायवर्सन कराकर शुरुआत में डायवर्टेड प्लाट बेचे गए। बाद में बिना डायवर्सन वाले प्लाट यह कहकर बेचे गए कि उनका भी डायवर्सन हो जाएगा। लेकिन अब उनके प्लॉट का डायवर्सन नहीं हो रहा है। और जिनके प्लाट का डायवर्सन पहले हो चुका है, वह फर्जीवाड़ा के कारण नियम कानूनों के अनुसार निरस्त हो सकता है। भूमाफिया और राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध प्लाटिंग का जो षडयंत्र रचा गया है, उसका खामियाजा उन सभी लोगों को भी भुगतना पड़ सकता है, जो भूमाफिया और उनके दलाल के झांसे में आकर लाखों रुपए में प्लाट खरीदे हैं। ग्राम तथा नगर निवेश महासमुंद के रिकॉर्ड में मचेवा खार महासमुंद स्थित यह भूमि जो अब भी ग्रीन लैंड में दर्ज है, वहां खसरा नंबर 19/3 के 65 टुकड़े कर प्लाट बेचे गए हैं। पूरी तरह अवैधानिक रूप से। जिन लोगों ने यहां अपने खून पसीने की गाढ़ी कमाई से अपने सपनों का आशियाना बनाने का ख्वाब देखा था, वह टूटने लगा है। पूरा मामला स्पष्ट है और जांच से सारी सच्चाई सामने आ जाएगी।

हालांकि जिला प्रशासन द्वारा अब तक जांच कार्यवाही की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है। फिलहाल ऐसी कोई सूचना या जानकारी नहीं है कि जिला प्रशासन द्वारा इस मामले को संज्ञान में लिया गया है। जिला प्रशासन अभी सुशासन तिहार में व्यस्त है। कल 9 मई को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी यहां पहुंचे थे और देर रात तक रहे। इससे जिला प्रशासन के अधिकारियों की व्यस्तता का अंदाजा लगाया जा सकता है। वैसे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पहले ही कह दिया है कि भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

साय सरकार भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रही है। लिहाजा जांच कार्यवाही के लिए जिला प्रशासन को इस बात से भी कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिए कि इस जमीन फर्जीवाड़ा से संबंधित एक शपथ पत्र में भाजपा विधायक के भाई का नाम गवाह के तौर पर सामने आया है।

बोर्ड परीक्षा परिणामों पर आई गिरावट के बाद डीईओ पर गिरी गाज

■ **शिक्षा व्यवस्था में लापरवाही के कारण डीईओ हटाए गए**

■ **मुख्यमंत्री की सख्त चेतावनी के बाद पहली बार हुई कार्रवाई**

महासमुंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जीरो टॉलरेंस नीति और परिणाम आधारित कार्यशैली का असर अब स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने आज महासमुंद जिले में पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी का ट्रांसफर करते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि शिक्षा व्यवस्था में लापरवाही, निष्क्रियता और खराब प्रदर्शन अब किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं है।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार महासमुंद जिले के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी प्राचार्य एम.आर. सावंत को उनके पद से हटाकर कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा विभाग, जगदलपुर में सहायक संचालक के पद पर पदस्थ किया गया है। उनके स्थान पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ (जांजगीर-चांपा) के पद पर कार्यरत प्राचार्य विजय कुमार लहरे को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद बनाया गया है। वहीं भूपेंद्र कुमार कौशिक को जांजगीर चांपा जिले के नवागढ़ विकासखंड का विकासखंड शिक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है।

शुक्रवार को मुख्यमंत्री द्वारा लिए गए समीक्षा बैठक के बाद सामने आया है, जिसमें मुख्यमंत्री श्री साय ने महासमुंद जिले की बोर्ड परीक्षा में खराब परिणामों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की थी। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में महासमुंद में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पष्ट कहा था कि शिक्षा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए सुधार लाने का निर्देश दिया था।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा की गई यह कार्रवाई दर्शाती है कि मुख्यमंत्री साय की सरकार परिणाम आधारित कार्यशैली में विश्वास रखती है और प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए हर आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है।

न्यूज गैलरी

गाली देने मना किया तो कुल्हाड़ी से हमला

महासमुंद/नवप्रदेश। गली में गाली-गलौज करने से मना करने पर युवक ने कुल्हाड़ी से मारा। मामला बागबाहरा थाना क्षेत्र का है। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि बिहाझर निवासी ओमप्रकाश साहू (35) ने शिकायत की है कि 8 मई को उनकी पत्नी बाड़ी में बर्तन धो रही थी तभी चौक में बैठे लक्की यादव और अन्य गाली-गलौज कर रहे थे। उन्होंने मना कर भगाया तो आक्रोशित होकर लक्की यादव घर चला गया और घर से कुल्हाड़ी लेकर आया और मुझ पर अचानक हमला किया। हमले से घुटना और जांघ में गहरी चोट आई है।

विधायक ने किया छात्रा यामिनी निषाद का किया सम्मान

खैरागढ़/नवप्रदेश।हाई स्कूल परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने के बाद जिले में पहला स्थान प्राप्त करने वाली शहर के इतवारी बाजार की छात्रा यामिनी निषाद का विधायक यशोदा वर्मा ने निवास पर सम्मान किया। दसवीं कक्षा में यामिनी ने 97.16 फीसदी अंक प्राप्त कर खैरागढ़ जिला में प्रथम स्थान हासिल किया। विधायक यशोदा वर्मा ने यामिनी निषाद व परिजनों से मुलाकात कर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विधायक वर्मा ने यामिनी कों हर सम्भव मदद करने का आश्वासन देते उज्ज्वल भविष्य की कामना कर बेहतर शिक्षा के लिए प्रेरित किया । जिले मे बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विधायक यशोदा वर्मा ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते कम अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को बेहतर तैयारी करते हुए आने वाले समय पर कड़ी मेहनत करते हुए उत्तीर्ण होने की बात कही ।

शराब पीने-पिलाने की सुविधा देते युवक को पुलिस ने दबोचा

महासमुंद/नवप्रदेश। कोमाखान रेलवे स्टेशन के पास लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराते एक युवक को पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ा है। कोमाखान पुलिस ने बताया कि 8 मई को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने वार्ड 7 दुर्गा चौक कोमाखान निवासी सिद्धार्थ यादव (21) को पकड़ा। आरोपी से 3 नग प्लास्टिक की खाली डिस्पोजल गिलास को पुलिस ने जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

मैनपुर से राजाखरियार मार्ग निर्माण वर्तमान समय की मांग

गरियाबंद/नवप्रदेश। मैनपुर (छत्तीसगढ़) से राजाखरियार (ओडिशा) तक सीधा सड़क मार्ग आज केवल एक विकासात्मक आवश्यकता नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक एकता की मांग बन चुका है। यह मार्ग छत्तीसगढ़ और ओडिशा के सीमावर्ती क्षेत्रों को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण संपर्क सेतु बन सकता है। भौगोलिक एवं सामाजिक दृष्टिकोण से देखें तो मैनपुर और राजाखरियार दोनों क्षेत्रों में गोंड, मुरिया, एवं अन्य जनजातियों की सांस्कृतिक समानता है। दोनों तरफ के लोग पारंपरिक मेलों, व्यापार और पारिवारिक रिश्तों में जुड़े हुए हैं। लेकिन सड़क की अनुपलब्धता से इन संबंधों पर असर पड़ता है और जनजीवन प्रभावित होता है। आर्थिक दृष्टि से यह मार्ग बनने से कृषकों, लघु व्यापारियों, और वन उत्पादों पर निर्भर लोगों को बड़ा बाजार उपलब्ध होगा। छत्तीसगढ़ की सब्जियां, धान और वनोपज सीधे ओडिशा भेजी जा सकेंगी और ओडिशा के हस्तशिल्प और अन्य उत्पाद मैनपुर क्षेत्र में पहुंच सकेंगे। इससे क्षेत्रीय व्यापार को नई गति मिलेगी। प्रशासनिक और सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह मार्ग बहुत महत्वपूर्ण है। सीमा क्षेत्र में सड़क का निर्माण सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत करेगा। आपात स्थिति में प्रशासनिक और मेडिकल सहायता तेज़ी से पहुँचाई जा सकेगी, जिससे जानमाल की रक्षा और शांति व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकेगी। शिक्षा और स्वास्थ्य की बात करें तो राजाखरियार और भवानीपटना जैसे स्थानों में उच्च शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। यदि मैनपुर से सीधा मार्ग होगा तो वहां के ग्रामीण छात्र एवं रोगी इन सुविधाओं तक समय पर पहुंच सकेंगे। पर्यटन की दृष्टि से भी यह मार्ग अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकता है। यह क्षेत्र अरण्य सौंदर्य और प्राचीन जनजातीय संस्कृति से भरपूर है।

बकरकट्टा में 6435 आवेदनों का किया निराकरण

वनांचल ग्राम बकरकट्टा में समाधान शिविर का आयोजन हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से किया लाभान्वित

सुशासन तिहार

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय के अंतिम छोर पर बसे वनांचल ग्राम बकरकट्टा में आयोजित समाधान शिविर में मांगों और समस्याओं से संबंधित कुल 6485 आवेदन में मांग संबंधी 6435 आवेदन और शिकायत से संबंधित 50 आवेदन मिले। जिसमें 6307 आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर मे कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल, जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल सहित प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा बारी बारी से योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि शिविर में विभिन्न स्टालों के अवलोकन के दौरान स्वास्थ्य विभाग से क्षेत्र की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेने से पता चला कि इस क्षेत्र में ज्यादातर महिलाओं के हीमोग्लोबिन मानक स्तर कम है, जो एक चिंताजनक विषय है, जो उनके खानपान में पोषक तत्वों की कमी का परिणाम है। जब भी बीमार होंगे आम लोगों की अपेक्षा आप लोगों की समस्याएं ज्यादा होगी। उन्होंने लोगों से अपने आहार में आयरन युक्त व पौष्टिक भोजन शामिल करने की अपील की ताकि स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सके। क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए संबंधित विभागों को रोजगार मूलक कार्यों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। शिविर में प्राप्त राशन कार्ड, वन अधिकार पत्र व पट्टों से संबंधित आवेदनों के सर्वे कर उन्हें नियमानुसार हल करने के निर्देश दिए ।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन शुरू, अंतिम तिथि 31 जुलाई

महासमुंद/नवप्रदेश। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह पुरस्कार 5 से 18 वर्ष से कम आयु (31 जुलाई 2025 तक) के ऐसे बच्चों को दिया जाएगा। जिन्होंने बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला-संस्कृति और विज्ञान-प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में असाधारण प्रदर्शन किया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने जानकारी दी कि नामांकन पोर्टल के माध्यम से केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। पात्र बच्चों के लिए नामांकन की आयु सीमा 5 से 18 वर्ष तय की गई है। कोई भी व्यक्ति या संस्था ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों को नामांकित कर सकती है। इच्छुक बच्चे स्वयं भी आवेदन कर सकते हैं।

नामांकन के लिए पंजीकरण के दौरान आवेदकों को अपना नाम, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, ईमेल, आधार संख्या सहित अन्य जानकारी देनी होगी। इसके बाद प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 श्रेणी का चयन कर आवेदन भरना होगा।

17 से आर्ट ऑफ लिविंग का प्रज्ञा योगा

महासमुंद/नवप्रदेश। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार महासमुंद द्वारा 17 से 20 मई तक महासमुंद में 8 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए प्रज्ञा योगा (इंस्टीट्यूशन कोर्स) स्वाध्याय भवन महासमुंद में आयोजित किया जा रहा है।

इस कोर्स के लिए नागपुर महाराष्ट्र की वरिष्ठ शिक्षिका नीता चौधरी व योगिता चौधरी आ रही हैं। इस कोर्स में खेल एवं समूह गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को योग, प्राणायाम, ध्यान एवं सुदर्शन क्रिया सिखाया जाएगा। कोर्स के लिए 9673009955 एवं 9826760193 में संपर्क किया जा सकता है।

भालुओं के हमले से युवक गंभीर रूप से जख्मी

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली वन परिक्षेत्र के खोखेपुर के जंगल में बुधु घाटी के पास तेंदूपत्ता तोड़ने गए एक युवक पर तीन भालुओं ने हमला कर दिया। जानकारी के मुताबिक ग्राम अमलीडीह निवासी दशरथ सेठ की गांव में किराना दुकान है। पत्नी, मां व दो बेटों के साथ वह पास के जंगल मे तेंदूपत्ता तोड़ने जाता है। रोजाना की तरह 7 मई को खोखेपुर के जंगलों में बुधु घाटी के पास तेंदूपत्ता तोड़ने गया था। जंगल में अचानक तीन भालुओं ने उन पर हमला कर दिया। भालुओं ने उसे बुरी तरह से नोंचते हुए सिर का ऊपरी हिस्सा, गर्दन व एक आंख को नोंचकर निकाल दिया। हमले में युवक का एक हाथ भी टूट गया है। गंभीर रूप से घायल दशरथ को इलाज के लिए महासमुंद के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सरायपाली रेंजर प्रत्युष टाण्डे ने बताया कि प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है। घायल युवक को इलाज के लिए तात्कालिक सहायता राशि व मुआवजा नियमानुसार दिया जाएगा।

रेडक्रास | *विश्व रेडक्रॉस दिवस पर जिले में विविध कार्यक्रमों का आयोजन संपन्न*

मानवता की सेवा में रेडक्रॉस की भूमिका अहम : डॉ. सियाराम साहू

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष श्री गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में विश्व रेडक्रॉस दिवस पर जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुधा देवी नर्सिंग कॉलेज कवर्धा में व्याख्यान, संगोष्ठी, पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिताओं के माध्यम से मानवता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत रेडक्रॉस सोसाइटी के संस्थापक जान हेनरी डूनाट की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. सियाराम साहू, चेयरमैन भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, डॉ. बीएल राज, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व सचिव रेडक्रॉस सोसायटी, श्री बालाराम साहू, राज्य प्रतिनिधि तथा श्रीमती शीजा, प्रभारी प्राचार्य उपस्थित रहीं।

मुख्य अतिथि डॉ. साहू ने कहा कि विश्व रेडक्रॉस दिवस हर वर्ष 8 मई को मनाया जाता है, जो मानवता, करुणा और सेवा की भावना का प्रतीक है। रेडक्रॉस आपदा, युद्ध, महामारी और संकट की घड़ी में पीड़ितों के लिए आशा की किरण बनती है। उन्होंने कहा कि जो मानव, मानव के काम आए वही सच्ची सेवा है। डॉ. साहू ने रेडक्रॉस के सेवा कार्यों के प्रचार-प्रसार और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने की अपील की।

सीएमएचओ डॉ. बी.एल. राज ने कहा कि रेडक्रॉस दिवस सेवा, साहस और मानवता का प्रतीक है। हेनरी डूनाट द्वारा आरंभ यह आंदोलन आज भी लाखों लोगों को राहत पहुंचा रहा है। उन्होंने युवाओं से निस्वार्थ सेवा भावना के साथ जरूरतमंदों की सहायता करने का आह्वान किया। राज्य प्रतिनिधि बालाराम साहू ने रेडक्रॉस महासचिव द्वारा दिए गए संदेश का वाचन किया और जिले में आयोजित जन जागरूकता कार्यक्रमों, रक्तदान शिविरों, फर्स्ट भागीदारी की। संगोष्ठी में सजल देवांगन, खुशबू और जागृति साहू ने अपने विचार साझा किए।

प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कार और अन्य प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। छात्राओं ने संगोष्ठी में मानवता को जीवित रखने के लिए सेवा, सहानुभूति और सहयोग की भावना से सदैव तत्पर रहने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य शीजा, अमृता हियाल, तरुण खूंटे, पूर्णिमा देवांगन, आभा ठाकुर, सरिता पैकरा, अर्चना खरसन, जी. वनीता, बीरेंद्र बंजारे, शिव ठाकुर सहित नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

कांग्रेस सरकार की शिक्षा नीति का उज्ज्वल परिणाम : इन्द्र साव

■ स्वामी आत्मानंद स्कूल का छात्र बना प्रदेश का गौरव, विधायक इन्द्र साव ने दी बधाई

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, सिमगा के कक्षा दसवीं के मेधावी छात्र लिव्यांश देवांगन ने 99त्र अंक प्राप्त कर प्रदेश में द्वितीय स्थान हासिल किया है। इस उल्लेखनीय सफलता से न केवल उनके माता-पिता और गुरुजन गौरवान्वित हुए हैं, बल्कि पूरे भाटापारा विधानसभा क्षेत्र का नाम भी रोशन हुआ है। इस अवसर पर भाटापारा विधायक इन्द्र साव स्वयं लिव्यांश के निज निवास पहुंचे और उन्हें बुके, मिठाई व कलम भेंट कर शुभकामनाएं दीं। साव ने लिव्यांश को उज्ज्वल भविष्य की बधाई देते हुए कहा कि "लिव्यांश ने प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त कर हमारे क्षेत्र और पूरे प्रदेश को गौरव का अवसर प्रदान किया है। यह सफलता उनके माता-पिता और शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है।" विधायक साव ने स्वामी आत्मानंद स्कूल के समस्त शिक्षकों का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने छात्र की प्रतिभा को सही दिशा दी। उन्होंने आगे की पढ़ाई में हरसंभव सहायता देने का आश्वासन भी लिव्यांश को दिया।

साव ने कहा कि "स्वामी आत्मानंद स्कूल हमारी कांग्रेस सरकार की एक क्रांतिकारी पहल रही है, जो गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का माध्यम बनी है। लिव्यांश की सफलता इस योजना की सार्थकता का प्रतीक है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, पूर्व पार्षद दशरथ चंद्राकर, सत्यजीत शेंडे, जीत नारायण साव, अमरनाथ साहू सहित उनके परिजन और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

विश्व रेडक्रास दिवस पर सीआरसी ठाकुर टोला में रक्तदान शिविर सहित विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी राजनांदगांव डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में विश्व रेडक्रास दिवस एवं विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास एवं सशक्तिकरण समेकित क्षेत्र ठाकुरटोला में स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान दिव्यांगजनों को श्रवण यंत्र, छड़ी ,मोटर चलित साइकिल, घुटने की बेल्ट का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व सचिव भारतीय रेडक्रास सोसायटी राजनांदगांव डॉ. नेतराम नवरतन ने विश्व रेडक्रास दिवस की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने बताया कि भारतीय रेडक्रास सोसायटी का भारत में उदय वर्ष 1918 से 1920 में स्पेनिस फ्लू महामारी के दौरान हुआ था तथा संवैधानिक मान्यता 1920 में मिली थी। उन्होंने कहा कि विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर रेडक्रास के जन्मदाता सर हेनरी ड्यूनेन्टको याद किया जाता है। प्रबंधक सह जिला संगठक प्रदीप शर्मा ने बताया कि विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर सीआरसी के साथ अलावा ब्लड बैंक जिला अस्पताल, ब्लड बैंक शासकीय मेडिकल कॉलेज हास्पिटल पेण्ड्री, बिलासा ब्लड बैंक गुरूद्वारा के सामने, नांदगांव ब्लड बैंक शिवनाथ वाटिका के पास, लाइफ लाइन ब्लड बैंक पावर हाऊस के सामने में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

न्यूज गैलरी

जिला पुलिस ने ली टू व्हीलर विक्रेताओं की बैठक

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) राजेश कुमार झा द्वारा पुलिस कार्यालय बेमेतरा में दुपहिया वाहन विक्रेताओं व उनके प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य - सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं हेलमेट की अनिवार्यता सुनिश्चित करना था। डीएसपी श्री झा ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राहक को दुपहिया वाहन की बिक्री के समय गुणवत्तायुक्त हेलमेट अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए। हेलमेट का शत-प्रतिशत उपयोग - डीएसपी झा ने बताया कि वरिष्ठ कार्यालयों की मंशा है कि हेलमेट का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित किया जाए और इसकी शुरुआत वाहन की खरीद प्रक्रिया से ही की जाए। बैठक में उपस्थित सभी टू व्हीलर शोरूम संचालकों व उनके प्रतिनिधियों ने दिए गए निर्देशों का पूर्णतः पालन करने की सहमति जताई।

स्वच्छता सप्ताह के तहत मोर गांव-स्वच्छ गांव' की थीम पर 12 से मनाया जाएगा

महासमुंद/नवप्रदेश। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत 12 से 18 मई तक स्वच्छता सप्ताह 'मोर गांव-स्वच्छ गांव' थीम पर मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के मिशन संचालक ने उक्ताशय संबंधी पत्र जिला कलेक्टर, सीईओ को जारी किया है। इसका मुख्य उद्देश्य स्वच्छता अभियान में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी प्राप्त करना, गांव के गंदे स्थानों की सफाई, गांव में निर्मित स्वच्छता परिसंपत्तियों की सफाई करते हुए क्रियाशील बनाना, स्वच्छता प्रति लोगों के व्यवहार में परिवर्तन लाना, घर-घर कचरा संग्रहण, सुशासन तिहार के दौरान व्यक्तिगत शौचालय हेतु प्राप्त मांग एवं अन्य आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही कर उसका निराकरण करना, स्वच्छता चौपाल एवं सामूहिक श्रमदान से गांव को स्वच्छ सुंदर बनाना है। सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर 12 मई को ग्राम कोटवार या चौकीदार के माध्यम से कचरा कलेक्शन एवं यूजर्स चार्ज हेतु पूरे गाँव में मुनादी करवाकर पंचायत कार्यालय की साफ-सफाई, 13 मई को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन युक्त ग्राम निर्माण हेतु, महिलाओं तथा किशोरी बालिकाओं के साथ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और स्वच्छाग्रही दीदियों का संवाद आंगनबाड़ी केंद्रों में, 14 मई को स्वच्छता चौपाल/मोहल्ला सभा का आयोजन किया जाएगा। 15 को स्वच्छाग्राहियों द्वारा घर-घर संपर्क कर, 16 को स्कूल, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन, स्वास्थ्य केंद्र, सेग्रीगेशन शेड, सामुदायिक शौचालय, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट, फिकल स्लज मैनेजमेंट यूनिट अन्य शासकीय भवन / संस्थानों के आस-पास की स्वच्छता व्यवस्था का अवलोकन सह निरीक्षण सरपंच, सचिव एवं स्वच्छाग्राही के माध्यम से किया जाएगा। 17 मई को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत निर्मित स्वच्छता परिसंपत्तियों का अवलोकन व निरीक्षण करते हुए उसके सफाई करना एवं उन परसंपत्तियों तक पहुंच युक्त मार्ग तैयार करना, 18 को गांव के प्रमुख स्थलों में ग्रामीणों की मदद से स्वच्छता श्रमदान का आयोजन किया जाएगा। स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत किये जाने वाले गतिविधियों में सरपंच, सचिव, विखं समन्वयक, क्लस्टर समन्वयक, स्वच्छाग्रही, सफाई कर्मचारी की उपस्थिति अनिवार्य है।

परेड का उद्देश्य पुलिस विभाग के अनुशासन और तत्परता का प्रदर्शन करना था

रक्षित केन्द्र में जवानों की एसएसपी ने ली जनरल परेड, टूल किट का किया निरीक्षण

■ जवानों ने टोलीवार परेड और विविध ड्रिलों के माध्यम से अपने अनुशासन और कौशल का किया प्रदर्शन

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। रक्षित केन्द्र बेमेतरा स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में शनिवार को पुलिस जनरल परेड का आयोजन किया गया। इस परेड की सलामी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने ली और परेड का निरीक्षण किया। इस आयोजन में जिले के सभी थाना/चौकी से आए पुलिस अधिकारी और कर्मचारी सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, थाना प्रभारी साजा चंद्रदेव वर्मा, थाना प्रभारी परपोडी उप निरीक्षक डी.एल. सोना, थाना प्रभारी चंदनू उप निरीक्षक राजेन्द्र कश्यप, चौकी खण्डसरा प्रभारी उप निरीक्षक ओंकार साहू, यातायात प्रभारी उप निरीक्षक प्रवासी यादव, पुलिस चौकी मारो प्रभारी सउनि जितेन्द्र कश्यप, सउनि (अ) लुमेश देवांगन, दीपक गर्जेवाल, सउनि विष्णु सप्रे, छन्नू लाल

ध्रुव, जहीर खान सहित रक्षित केन्द्र, यातायात, पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्टाफ एवं थाना/चौकी के प्रभारी व अधिकारी/कर्मचारी परेड़ में शामिल हुये।

परेड का उद्देश्य - इस जनरल परेड का उद्देश्य पुलिस विभाग के अनुशासन, तत्परता और प्रदर्शन को प्रदर्शित करना रहा।

जवानों ने टोलीवार परेड और विविध ड्रिलों के माध्यम से अपने अनुशासन और कौशल का प्रदर्शन किया।

वाहनों, टूल कीट का निरीक्षण - एसएसपी साहू ने शासकीय वाहनों, ड्राइवर टूल किट एवं अन्य संसाधनों का निरीक्षण किया।

उन्होंने वाहनों की वर्तमान स्थिति और रखरखाव पर विशेष ध्यान देने और वाहन शाखा प्रभारी को आवश्यक सुधार हेतु दिशा-निर्देश भी प्रदान किए।

जवानों की सराहना - परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की गई और उन्हें प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने भविष्य में और भी बेहतर कार्य निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

जागरूकता व सजकता - यातायात स्टाफ को सजग रहते हुए नियमों का पालन कराने और आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। एसएसपी ने पुलिस बल को कानून व्यवस्था बनाए रखने, जनता को सुरक्षा प्रदान करने और अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया।

सुशासन तिहार में हिमांशी के चेहरे पर छलकी खुशी...

नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत 20 हजार की मिली राशि

■ मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत हिमांशी को मिला 20 हजार रूपये

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासन की मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना श्रमिकों के लिए बहुत उपयोगी साबित हो रही है। इसकी एक बानगी दिखाई दी, राजनांदगांव विकासखंड के नगर पंचायत घुमका में आयोजित समाधान शिविर में। जहां ग्राम बरबसपुर की हिमांशी वर्मा को मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत 20 हजार रूपए की राशि प्राप्त होने पर उनके चेहरे पर खुशी छलक रही थी। उन्होंने बताया कि उनकी माता श्रीमती धनेश्वरी वर्मा मजदूरी का कार्य करती हैं। उनका श्रम विभाग में पंजीयन होने के कारण 20 हजार रूपए की राशि प्राप्त हो रही है। उन्होंने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बताया कि प्राप्त राशि का उपयोग वे अपनी पढ़ाई के लिए करेंगी। वे अपनी आगे की पढ़ाई जारी रखना चाहती हैं और एलएलबी कर अधिवक्ता बनना चाहती हैं। उन्होंने सुशासन तिहार की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाधान शिविर में जनसामान्य की समस्याओं का निराकरण हो रहा है। उन्होंने नोनी सशक्तिकरण योजना के तहत राशि प्राप्त होने पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना अंतर्गत 3 वर्ष पूर्व पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के प्रथम दो अविवाहित पुत्रियों जिनकी आयु 18 वर्ष से 21 वर्ष एवं कम से कम कक्षा 10वीं उत्तीर्ण होनी चाहिए। इस योजना के तहत 20 हजार रूपए की एकमुश्त सहायता राशि दी जाती है।

एसएसपी की अध्यक्षता में जागरूकता एवं मानसिक स्वास्थ्य पर जोर

■ पुलिस जवानों के लिए स्ट्रेस मैनेजमेंट कार्यशाला का आयोजन

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। कानून व्यवस्था के संधारण के लिए उत्तरदायी तथा समाज के शांति रक्षक कहे जाने वाले पुलिसकर्मी कहीं न कहीं वर्तमान समय में व्यस्ततम ड्यूटी तथा अनियमितता भरी जिन्दगी से तनाव के शिकार हो रहें है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन में रक्षित केन्द्र बेमेतरा में एक दिवसीय स्ट्रेस मैनेजमेंट कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में रायपुर से पधारे मोटिवेशनल वक्ता आदेश सोनी एवं उनकी टीम स्वपलीन, विशाल कश्यप द्वारा जवानों से संवाद कर उन्हें तनाव रहित जीवन शैली, शारीरिक तंदुरुस्ती और स्वच्छता बनाए रखने के उपायों पर मार्गदर्शन दिया गया। इस कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, थाना प्रभारी साजा चंद्रदेव वर्मा, थाना प्रभारी परपोडी उप निरीक्षक डी.एल. सोना, थाना प्रभारी चंदनू उप निरीक्षक राजेन्द्र कश्यप, चौकी खण्डसरा प्रभारी उप निरीक्षक ओंकार साहू, यातायात प्रभारी उप निरीक्षक प्रवासी यादव, पुलिस चौकी मारो प्रभारी सउनि जितेन्द्र कश्यप, सउनि (अ) लुमेश देवांगन, दीपक गर्जेवाल, सउनि विष्णु सप्रे, छन्नू लाल ध्रुव, जहीर खान सहित रक्षित केन्द्र, यातायात, पुलिस

अधीक्षक कार्यालय स्टाफएवं थाना/चौकी के प्रभारी व अधिकारी/कर्मचारी शामिल रहें। उन्होने गौ माता की सेवा और संरक्षण को लेकर गौ माता की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि ÷गौ माता भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं। उनका संरक्षण केवल एक धार्मिक कार्य नहीं, बल्कि हमारे पर्यावरण और समाज के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। गौ माता का संरक्षण हर नागरिक की जिम्मेदारी है। कार्यशाला में जिले के विभिन्न थानों एवं चौकियों से अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए। कार्यशाला में जिले के विभिन्न थानों एवं चौकियों से अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान एसएसपी श्री साहू ने जवानों से संवाद करते हुए कहा कि मानसिक तनाव को दूर रखने के लिए योग, खेल, मनोरंजन जैसी गतिविधियों को दिनचर्या में शामिल करना आवश्यक है।

लंबित पदोन्नति की मांग को लेकर टीचर्स एसोसिएशन ने सौंपा आवेदन

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने क्रमोन्नत वेतनमान देने का जनरल आदेश जारी करने व युक्तियुक्तकरण नियम में संशोधन, लंबित पदोन्नति की मांग को लेकर आवेदन सौंपा है। प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सचिव स्कूल शिक्षा विभाग व डीपीआई ॠतुराज रघुवंशी, सहायक संचालक आशुतोष चावरे, सहायक संचालक अशोक नारायण बंजारा को आवेदन सौंप अपनी मांग रखी।

लक्ष्य प्राप्ति हेतु समय सबसे बड़ी वेल्यू: प्रभा दीदी

भाटापारा/नवप्रदेश। समर कैंप के छठे दिन समय की वैल्यू विषय पर बी.के. प्रभा दीदी ने समय को प्रभु का अनमोल उपहार बताते हुए जीवन में समय को सदुपयोग करने के लिए कहा। साथ ही समय का सही प्रबंधन कर लक्ष्य की प्राप्ति एवं महान बन सकने की बात कही। उन्होंने कहा कि काम को टालने एवं बहाना करने से मंजिल से दूर हो जाएंगे। समय को दोस्त बनाएं उसकी कद्र करें तो वह हमारा कद्र करेगा एवं प्राथमिकता के आधार पर कार्य को करना आवश्यक बताया गया। समय का सदुपयोग करना या व्यर्थ गंवाना हमारे ऊपर निर्भर करता है इसे हम सब को समझने की आवश्यकता है। कार्य कल आज नहीं करें जो भी करना है उसे वर्तमान में ही करें। दूसरे सत्र में बी.के. मंजू दीदी ने शांति विषय

पर विचार व्यक्त करते हुए शांति को अंदर की स्थिति का नाम बताया। आगे कहा कि मन एवं बुद्धि से श्रेष्ठ कार्य करना शांति की स्थिति में ही संभव है।किसी की प्रतिक्रिया एवं विषम परिस्थितियाँ भी बदल दी जा सकती है इसके लिए हमारी दृष्टिकोण सकारात्मक हो। इस कारण भगवान द्वारा दिया गया गिफ्ट विशेषताओं का सदुपयोग करते हुए मन को प्रतिदिन अभ्यास देवें, मैं शांत स्वरूप आत्मा हूं।

मोर मकान मोर आस योजनान्तर्गत लाटरी के माध्यम से 15 मई को आवास आवंटन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर आस अंतर्गत मात्र किफायती दरों में आवास के लागत मूल्य पर वर्षो से किरायेदारों के रूप में निवासरत परिवारों का अब सपना साकार हो रहा है, उन्हें स्वयं का अपना पक्का आवास मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत नगर निगम सीमाक्षेत्र में सुन्दर सुविधायुक्त 1282 बहु मंजिला आवास लखोली, पेण्ड्री,मोहारा, रेवाड़ीह आदि स्थानों में पूर्ण रूप से निर्मित किया है, एवं 648 आवास विभिन्न स्तरो पर निर्माणाधीन है। उक्त आवासों को मोर मकान मोर आस योजना के तहत शासन द्वारा निर्धारित किए गए दरों पर नियमानुसार आबंटित किया जा रहा है। आवास आबंटित करने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया की जा रही है। पूर्व में 167 पात्र हितग्राहियो को आवास का आबंटन किया गया। पात्र आवेदनों में से परियोजना अनुरूप राशि जमा करने पर आवेदकों को लॉटरी में सम्मिलित कर दिनांक 15 मई 2025 दिन गुरूवार को दोपहर 3:30 बजे निगम टॉउनहाल सभागृह में लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटित किये जायेंगें। प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास आबंटन के संबंध में नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विष्वकर्मा ने बताया कि मोर मकान मोर आस योजनान्तर्गत वर्षो से अवासहिन जरूरतमन परिवारो को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके लिए नगर निगम द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया हैं, पात्र आवेदक परियोजना अनुरूप राषि जमा करने के उपरांत आगामी लाटरी में षामिल हो सकते है। आयुक्त विष्वकर्मा ने बताया कि वे आवास जो अभी निर्माणाधीन है उन निर्माणाधीन आवास के लिए लॉटरी के पूर्व निर्धारित प्रति आवास मूल्य का 10 प्रतिशत एवं षेश राशि 10 माह में किस्तों के रूप में देनी होगी।

सुशासन तिहार | समाधान शिविर में हो रहा समस्याओं का निराकरण

शिविर का उद्देश्य छोटी-छोटी समस्याओं के लिए आमजन को कही भटकना ना पड़े : संभागायुक्त

■ 5000 से ज़्यादा आवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण निराकार

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने और ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकासखंड के क्लस्टर ग्राम पंचायत मुरता में सुशासन समाधान शिविर का भव्य आयोजन किया गया। यह शिविर सुशासन तिहार 2025 के तहत किया गया। मुरता सहित 15 ग्राम

पंचायत कामता, रनबोड़, घोघरा, मानिकपुर, मोतिमपुर, अतरगवां, गाडामोर, झाल, गांगपुर, बोरतरा, मोहतरा, हरमुड़ी, भैसामुडा, कौडिया के ग्रामीण शामिल हुए। इन 15 ग्राम पंचायतों से विभिन्न समस्याओं, मांग व शिकायत के 5198 आवेदन प्राप्त हुए। जिनका संबंधित विभाग द्वारा गुणवत्ता पूर्ण निराकरण किया गया। शिविर में अधिकारियों ने किए गए निराकरण की बारी-बारी से माइक के जरिये ग्रामीणों व आवेदन कर्ता को जानकारी दी। अधिकारियों ने विभागीय योजना की भी जानकारी दी। शिविर में संभागायुक्त दुर्ग सत्यनारायण राठौर ने कहा कि राज्य शासन मंशा है कि छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान लिए आमजन को कही भटकना ना पड़े। इसलिए सरकार ने सुसाशन तिहार अंतर्गत पहले आवेदन मंगाए फिर संबंधित विभाग से गुणवत्ता पूर्ण निराकार करवाए और अब किए गए निराकरण की जानकारी इस शिविर में आपके समक्ष संबंधित अधिकारी दे रहे है और विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दे रहे है।इसका लाभ आप सब उठाये। एक आवेदनकर्ता ने शिविर में ही आवेदन दिया। परीक्षण कर शिविर में ही जाती प्रमाण पत्र सौपा।

उन्होंने राठौर ने कहा कि आप इस शिविर में अभी भी आवेदन कर सकते है। जनदर्शन में भी यहां मेरे कार्यालय में भी दे सकते है। आपके आवेदनों का समाधान किया जाएगा। संभागायुक्त ने महिला बाल विकास, कृषि, मत्स्य पालन, खाद्य और स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं और आवेदन में मांग अनुसार हितग्राहियों को सुकन्या योजना में पास बुक, प्रधानमंत्री मातृव, नोनी सुरक्षा प्रमाण पत्र, किसानों को स्प्रे मशीन, मछुआरों को मछली जाल और 70 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड व छड़ी (स्टिक) वितरित की। उन्होंने कहा इस योजना के तहत देश के 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज करा सकते हैं।

नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने दिव्यांग को दिया व्हील चेयर

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के नेतृत्व में नागरिकों की समस्याओं का संवेदनशीलता से निराकरण किया जा रहा है। इसी तारतम्य में अश्वनी शर्मा ने शुक्रवार को जरूरतमंद दिव्यांगजन देवेश पर्यानी को व्हीलचेयर प्रदान की गई। जिससे उनकी दैनिक दिनचर्या में सुविधा सुनिश्चित हो सके। वहीं श्रद्धांजलि योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राही कुटिन सौरा को स्वीकृत सहायता राशि प्रदान की गई। यह कार्य नगर पालिका की जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता और मानवीय संवेदनाओं के प्रति सजग दृष्टिकोण का प्रत्यक्ष उदाहरण है। नगरवासियों की आवश्यकता को सर्वोपरि रखते हुए, प्रशासन द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के साथ पार्षद नंदू वैष्णव, भुवन सिंह ठाकुर, बब्बू मंधान, सतीश साहू, देवेंद्र साहू, गोपी ध्रुव तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफर खान भी उपस्थित थे।

अपनी ढपली अपना राग-झूठी वाहवाही के लिए सरकारी धन का अपव्यय-सुशील

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं पूर्व कृषि ऊपज मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने भाजपा सरकार के द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार को जनता जनार्दन के साथ एक ढकोसला बताते हुए कहा कि चुनाव पूर्व भाजपा द्वारा किए गये झूठे वायदों एवं जन समस्याओं के निराकरण हेतु पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार मनाया जा रहा है ,इस तिहार में ग्रामीण जनता को भ्रमित कर जनपद पंचायत और राजस्व विभाग के अधिकारी रंग बुला रहे है ,समस्याओं के निराकरण की जगह पर सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है,समस्याओं के निराकरण करने में अधिकारी और भाजपा नेताओं की दिलचस्पी दिखाई नहीं दे रही है,सिर्फ अपना स्वागत और झूठी तारीफ करवाकर मुख्यमंत्री का यशोगान अधिकारी कर रहे है। शर्मा ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी के सरपंचों को मंच से दरकिनार किया जा रहे उनके गांव की समस्याओं को दरकिनार किया जा रहा है,जहां जहां भाजपा समर्थित सरपंच जीते है उन्हीं बड़े गांवों में शिविर का आयोजन कर आसपास के लगभग 12 गांवों के ग्रामीणों को समस्याओं के तत्काल निराकरण करने आमंत्रित किया जा रहा है। कांग्रेस के विधायक इंद्र साव और किसी भी कांग्रेसी वरिष्ठ नेताओं को सूचना भी नहीं दी जा रही है ऐसा मनमानी और तानाशाही कर सुशासन तिहार के नाम पर अपनी धपली अपना राग की कहावत को भाजपा सरकार चरितार्थ कर रही है,ये भाजपा सरकार जनता जनार्दन की गाढ़ी कमाई को सरकारी खजाने से करोड़ों रूपये खर्चा कर धनराशि का अपव्यय कर रही है,अधिकारी शिविर के नाम पर भारी पैमाने पर भ्रष्टाचार कर रहे है। लाखों की संख्या में समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदनों का आना सरकार के अधिकारियों और राज्य सरकार की उदासीनता और अकर्मण्यता को प्रदर्शित करता है।

सुशील शर्मा ने आगे कहा कि राज्य में सत्तासीन भाजपा सरकार के मंत्रीगण सहित भाजपा नेताओं के द्वारा गांव गांव में शिविर में जाकर विकास कार्यों की फर्जी घोषणा कर अपनी वाहवाही लूटने में मदमस्त है,जनता जनार्दन के सुविधा के लिये सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं सहित मनरेगा कार्य, निराश्रित,आवास निर्माण, पानी हेतु बोर खनन,जीर्ण शीर्ण सड़को का नव निर्माण,ग्रामीण खिलाड़ियों के लिये स्टेडियम निर्माण, ग्रामीण शिक्षित युवाओं और युवतियों के लिये रोजगार उपलब्ध करने सहित सभी महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिले,पशुओं के लिये चारागाह निर्माण, पुराने तालाबों का सौंदर्यकरण और गहरीकरण करने जैसे ज्वलंत समस्याओं का निराकरण की बात नहीं कर सिर्फ भाजपा के मुख्यमंत्री और नेताओं को महिममंडित करने में शासन के अधिकारी लगे हुए है,भाजपा नेताओं को महिममंडित करने वाले अधिकारी और कर्मचारी इस बात का विशेष ध्यान रखे कि सरकार आती और जाती रहती है/सरकार के द्वारा चलाए जा रहे ढकोसला पूर्ण सुशासन तिहार पूरी तरह असफल है।

पीएम-आशा योजना के तहत किसानों के पंजीयन की तिथि 22 मई तक बढ़ी

■ उपसंचालक कृषि अमित कुमार मोहंती ने किसानों से समय पर पंजीयन कराने की अपील की

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना (पीएम-आशा योजना) के अंतर्गत किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि में वृद्धि की गई है। अब जिले के कृषक 22 मई 2025 तक अपनी फसलों का पंजीयन करवा सकते हैं।

कृषि विभाग के उपसंचालक अमित कुमार मोहंती ने यह जानकारी देते हुए बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली और सोयाबीन तथा रबी विपणन वर्ष 2025-26 में चना, मसूर और सरसों की बुवाई करने वाले किसानों का पंजीयन पूर्व निर्धारित तिथि के स्थान पर अब 8 मई से 22 मई तक किया जा सकेगा। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के संपर्क में रहकर पंजीयन अवश्य कराएं।

पंजीयन के लिए कृषकों को अपने आवेदन पत्र के साथ ऋण पुस्तिका, बी-1, पी-2, आधार कार्ड और बैंक पासबुक की छायाप्रति सेवा सहकारी समितियों में जमा करानी होगी, जिसके बाद किसान पोर्टल पिंद.बह.दपब.पद के माध्यम से उनका पंजीयन किया जाएगा। उप संचालक मोहंती ने बताया कि पंजीकृत किसानों से भारतीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (नेफेड) द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उनकी उपज का उपार्जन किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अरहर के लिए 7,550 रूपए, मूंग के लिए 8,682 रूपए, उड़द के लिए 7,400 रूपए, मूंगफली के लिए 6,743 रूपए, सोयाबीन के लिए 4,892 रूपए, चना के लिए 5,440 रूपए, मसूर के लिए 6,425 रूपए और सरसों के लिए 5,650 रूपए प्रति क्विंटल का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया गया है।

शिसंके में दसवीं व बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित

महासमुंद/नवप्रदेश। छग माशिमं 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में उपासना यादव 93 प्रतिशत, करूणा जोशी 92.8, कमलेश कुमार यादव 88 तथा कुल विद्यार्थियों की संख्या में से 50 प्रतिशत से अधिक बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12वीं में 50 प्रतिशत से अधिक बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। शिशु संस्कार केन्द्र के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पारस चोपड़ा, सचिव शरद मालू, प्रबंधक मनोहर महांती, शाला के प्राचार्य अवनीश वानी, प्रधानाचार्य नैना श्रीवास्तव, सहप्रधानाचार्य भावना गांधी व शाला परिवार के शिक्षक -शिक्षिकाओं ने छात्रों की उज्वल भविष्य की कामना की है।

फेरी लगाने के बहाने चुराई थी जनपद कार्यालय में खड़ी स्कूटी

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर में फेरी लगाने के बहाने जनपद कार्यालय में खड़ी स्कूटी चोरी करने वाले आरोपी को थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है । आरोपी के कब्जे से पुलिस ने चोरी की गई स्कूटी भी बरामद किया है । आरोपी ने 3 अप्रैल को जनपद कार्यालय मे खड़ी स्कूटी सीजी 08 एआर 2272 को चोरी कर ले गया था । पुलिस मे मामला दर्ज होने के बाद लगातार इसकी पतासाजी मे जूटी पुलिस को अज्ञात व्यक्ति द्वारा आमनेर नदी पुल के पास स्कूटी छिपाकर रखने और उसके बेचने का प्रयास करने की जानकारी मिली थी । जहां मौके पर पहुँची पुलिस टीम ने आरोपी के साथ स्कूटी बरामद करने मे सफ्लता पाई । पुलिस को देखकर मौके से भागने का प्रयास कर रहे आरोपी राजुदास 37 वर्ष उत्तरकला, जिला नादिया को घेराबंदी कर पकड़ा । पुलिस ने बताया कि राजनांदगांव मे रहकर फेरी मे कपड़ा बेचने का काम करने वाले आरोपी राजुदास खैरागढ़ मे फेरी लगाकर कपड़ा बेचने के दौरान ही जनपद कार्यालय मे खड़ी स्कूटी पार की थी । स्कूटी जप्त कर आरोपी राजुदास को गिरफ्तार कर पुलिस ने उसे न्यायालय मे पेशकर न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा है ।

भामाशाह जयंती में रक्तदान शिविर पर लोगों का सम्मान

नगरी/नवप्रदेश। दानवीर भामाशाह जयंती में रक्तदान शिविर पर विशेष सहयोग देने के लिए बाबूलाल अन्य लोगों का प्रतीक चिन्ह एवं गुलाल तिलक लगाकर स्वागत सम्मान युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी द्वारा साहू सदन नगरी में किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुनीत राम साहू हृदय साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी पदुमलाल साहू सचिव तहसील साहू समाज नगरी लोमस प्रसाद साहू अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ नगरी कौशल प्रसाद साहू उपाध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ लोचन साहू यशपाल साहू भूपेंद्र साहू अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी योगेश साहू सचिव युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी भुनेश्वरी साहू एवं सामाजिक पदाधिकारी का मौजूद रहे।

सेल्समैन के खिलाफ अधिक दर पर मदिरा विक्रय प्रकरण कायम कर कार्रवाई की गई

सेल्समैन सुपरवाइजर के खिलाफ कार्यवाही

सभी दुकानों में एक जैसा प्रकरण

जिले में शासकीय शराब दुकानों में पदस्थ कर्मचारियों के खिलाफबनाये गए प्रकरण में 1440 रुपये की जगह 1500 लेने का आरोप लगाया गया है। आरोपियों से कब इस मामले में बातचीत की गई तो उन्होंने बताया है कि प्लिानाद तरीके से लोगों को शराब दुकानों में भेजा गया और 1500 रुपये देकर बचे हुए पैसे लिए बिना ही वहां से चले गए। इनकी बात की सुनवाई न हो इसके लिए षडयंत्रपूर्वक दुकानों के सीसीटीवी कैमरे बंद कर दिए गए थे, जिससे सेल्समैन और सुपरवाइजरों की कहीं सुनवाई न हो सके।

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले में आबकारी विभाग के द्वारा शासकीय शराब दुकानों में सेल्समैन और सुपरवाइजरों के खिलाफकार्रवाई की गई है। जिले के चिखली और अर्जुनी के शासकीय शराब दुकानों में सेल्समैन के खिलाफ अधिक दर पर मदिरा विक्रय प्रकरण कायम कर कार्रवाई की गई है। आबकारी अधिकारी यदुनंदन राठौर के तबादले के तुरंत बाद होने वाली इस कार्रवाई ने तमाम तरह के सवालों को खड़ा कर दिया है। विभागीय लोगों की माने तो यह पूरा मामला मदिरा दुकानों में वर्चस्व की लड़ाई को लेकर है। जानकारी के मुताबिक चिखली शासकीय शराब दुकान में जिसके खिलाफ कार्रवाई की गई है, उसने बीते दिनों पूर्व लोकेशन इंचार्ज के खिलाफ जाति सूचक गाली गलौज करने और नौकरी से निकालने की धमकी देने के मामले में शिकायत दर्ज करवाई थी।

शासकीय दुकानों के कर्मचारियों से उगाही के कारण रचा गया षड्यंत्र : विभागीय लोगों के मुताबिक राजनांदगांव जिले की शासकीय शराब की दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों से प्रतिदिन लाखों रुपये की उगाही की जाती रही है। लोकेशन इंचार्ज के खिलाफ शिकायत होने के बाद उसका सभी शासकीय शराब दुकानों में हस्तक्षेप बंद था। पिछले कुछ दिनों से कर्मचारियों से यह उगाही बंद थी। कोचियों को संरक्षण और कर्मचारियों से अवैध तरीके से वसूली के सभी प्रयास असफल हो रहे थे, जिसकी खुंदक निकालने के लिए प्रायोजित तरीके से फर्जी कॉल रिकॉर्डिंग के जरिये आबकारी विभाग के अधिकारी पर आरोप भी लगाया गया। अब आबकारी विभाग में बड़ी फेरबदल होने के बाद अधिकारियों के इधर उधर होने पर शासकीय शराब दुकानों में वर्चस्व कायम करने के लिए एक बार फिर जोर-आजमाइश शुरू हो गई है। इन कार्रवाईयों के माध्यम से कर्मचारियों के मन में खौफपैदा किया जा रहा है कि हर महीने कट नहीं पहुंचाया गया, तो नौकरी से निकाल दिया जाएगा।

जिन कर्मचारियों को दुकानों से निकाला गया है, उनका आरोप है कि उन्होंने प्लेसमेंट कम्पनी के पूर्व लोकेशन इंचार्ज और मौजूदा फील्ड ऑफिसर को हर माह कमीशन देने से इनकार कर दिया था, जिसका बदला लेते हुए षडयंत्रपूर्व फंसाया गया है। पूर्व लोकेशन इंचार्ज कमीशनखोरी करने कोचियों को संरक्षण देने के आरोप में ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है, जिसकी वजह से पूर्व इंचार्ज द्वारा दूसरे के कंधे पर रखकर बन्दूक चलाने का काम किया जाता रहा है। विभागीय फेरबदल के बीच ये अपना उल्लू सीधा करना चाहते हैं।

हमारी तीनों सेना को बैक सपोर्ट देने सरकार हर नागरिक को तैयार करें

■ भारत-पाकिस्तान युद्ध पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य अशोक देवांगन की प्रतिक्रिया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आतंकवाद के मुद्दे पर भारत-पाकिस्तान के बीच शुरू हुए संघर्ष में निर्दोष नागरिकों और सैनिकों की शहादत को नमन करते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक देवांगन ने कहा है कि देश में आस्तीनों के सांपों की पहचान और जल थल नभ इन तीनों सेनाओं के पार्श्व सहयोग बैंक सपोर्ट के लिए हर नागरिक को प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। राज्य सरकार इस मामले में कोई भी कोताही ना बरते।

प्रेस को जारी बयान में श्री देवांगन ने आतंकवाद के मसले पर भारत सरकार और तीनों सेनाओं द्वारा युद्ध की शुरुआत ही पाकिस्तान की कमर तोड़ दिए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि 1947 में विभाजन के बाद से पाकिस्तान अपने नापाक हरकतों से भारत में हिंसा करने और अशांति फैलाने काम करता रहा है अस्थिरता फैलाने लगातार कोशिश अपने सैनिकों और आतंकवादियों के भेष में भी अपने सैनिकों को लुके छुपे भेज कर अस्थिरता फैलाने की कोशिश करता रहा है ऐसी दुष्ट पाकिस्तान को सदा सदा के लिए सबक सबक सिखाया जाना चाहिए। विभाजन के समय से आज तक उनके पापों के बारे में कहा जाए तो इनके पाप का घड़ा भर चुका है और इनके सजा तो यही होनी चाहिए कि इसको पूरी तरह नेस्तनाबूद कर देना चाहिए। उसके दिन इतने बुरे आ गए हैं कि पानी टमाटर प्याज दवाई आदि रोज मरने की जरूरत की चीज के लिए तरसना पड़ रहा है ऐसी स्थिति में भी भारत से युद्ध भारत से युद्ध का दुस्साहस करना पाकिस्तान के सर्वनाश की ओर इशारा कर रही है वैसे भी वहां गृह युद्ध की स्थिति बनी हुई है। वहां पर सबसे बड़े राज्य बलूचिस्तान के लोग स्वतंत्रता का आंदोलन कर रहे हैं वहां की सेना हिंसा के जरिए लगातार दबा रही है ।

पार्षद ने मुख्यमंत्री को पीएम आवास के नियम को सरलीकरण करने सौंपा ज्ञापन

महासमुंद/नवप्रदेश। सुशासन तिहार के अवसर पर एक दिवसीय प्रवास महासमुंद पहुंचे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से वार्ड नंबर 22 के पार्षद चन्द्रशेखर बेलदार ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने अपने वार्ड के निवासियों की समस्याओं को लेकर चर्चा की। पार्षद बेलदार ने मुख्यमंत्री से विशेष रूप से आग्रह किया कि उनके वार्ड के निवासियों को आवास पट्टा प्रदान किया जाए, जिससे वे अपने घरों का मालिकाना हक प्राप्त कर सकें। इसके अतिरिक्त, उन्होंने मुख्यमंत्री से यह भी अनुरोध किया कि जिन निवासियों ने नियमित रूप से टैक्स का भुगतान किया है, उन्हें भी आवास प्रदान किया जाए, ताकि वे भी पीएम आवास योजना का लाभ पा सकें। पार्षद बेलदार ने आवास प्रक्रिया को सरल बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठा सकें। उन्होंने मुख्यमंत्री से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया कि आवास प्रक्रिया में पात्र निवासियों को समय पर आवास मिल सके। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इस ज्ञापन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करें और उनके वार्ड के निवासियों की आवास संबंधी समस्याओं का शीघ्र समाधान करें। इस दौरान कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बिज विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व विधायक विमल चोपड़ा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर सहित अन्य नेतागण, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित थें।

सरकार की तानाशाही फैसले से हजारों स्कूल बंद हो जाएंगे: विनोद

युक्तियुक्तकरण निजी स्कूलों को लाभ पहुंचाने का षडयंत्र

महासमुंद/नवप्रदेश। पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि युक्तियुक्तकरण के नाम पर प्रदेश के शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से चौपट कर निजी स्कूलों को फायदा पहुंचाने का षडयंत्र भाजपा सरकार द्वारा रचा जा रहा है। यह तरीका छत्तीसगढ़ के शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर देगा और इससे हजारों स्कूल बंद हो जाएंगे। छत्तीसगढ़ के इतिहास में यह पहला मौका होगा जब प्रधानपाठक को अतिशेष बनाया जा रहा है। राज्यस्व ग्राम के शालाओं को कम दर्ज संख्या का हवाला देकर बंद किया जाना पूरी तरह से अन्याय है। क्योंकि, शिक्षा और स्वास्थ्य की प्राथमिक व्यवस्था प्रत्येक व्यक्ति और ग्राम के लिए किया जाना सरकार की जिम्मेदारी है। इससे ना केवल शिक्षक अतिशेष होंगे, अपितु संबंधित ग्रामों के बच्चों को शिक्षा से वंचित होना पड़ेगा। अनेक बच्चे ऐसे हैं, जो अधिक दूरी के कारण स्कूल नहीं जा पाते। इस व्यवस्था के तहत स्कूल बंद होने से इन बच्चों की शिक्षा पर अधिक प्रभाव पड़ेगा।

चंद्राकर ने कहा कि युक्तियुक्तकरण के नाम पर लिए गए तानाशाही फैसले से हजारों स्कूल बंद हो जाएंगे। इन स्कूलों के प्रधान पाठक व शिक्षकों को अतिशेष की सूची में डाल दिया जाएगा। वहीं, षडयंत्र पूर्व शिक्षकों की रिक्त पदों को भी खत्म करने का खेल हो रहा है। बिना प्रभावित वर्ग, पालकों के प्रतिनिधि और शिक्षक संघों की राय लिए, मनमानी पूर्ण फैसला एकतरफा थोपा जाना पूरी तरह से अलोकतांत्रिक है। छत्तीसगढ़ में 57 हजार से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त हैं, वर्षो से शिक्षक प्रमोशन की बाट जोह रहे हैं, इस सरकार में शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर कोई पॉलिसी नहीं बनी है और ऐसे में युक्तियुक्तकरण के नाम पर यह सरकार केवल शिक्षकों का भयादोहन करना चाहती है। प्रदेश में हर महीने सैंकड़ों की संख्या में शिक्षक रिटायर हो रहे हैं।

जन्मतिथि से भविष्यफल जानना व रंगों के माध्यम से एकाग्रता बुद्धि परीक्षण

नगरी/नवप्रदेश। सिहावा स्थानीय साहू सदन नगरी में इन दोनों समर क्लास अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी के तत्वाधान में समर क्लास चलाया जा रहा है । जिनमें आज दिनांक 9 /5 /2025 पंचम दिवस पर आज के अतिथि हृदय लाल साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, भुनेश्वर साहू अंकेक्षक तहसील, दिनेश कुमार साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज नगरी, पदुम लाल साहू, लोमश प्रसाद साहू, सुमन आदिल ,संवलू राम साहू थे। भक्ति माता कर्मा के पूजार्चना के पश्चात समर क्लास पंचम दिवस का शुभारंभ हुआ ।

निशा साहू मैडम द्वारा मेडिटेशन क्लास के साथ बौद्धिक परीक्षण से संबंधित रंगो के माध्यम से एकाग्रता बुद्धि परीक्षण गेम के माध्यम से हुआ। मास्टर ट्रेनर कौशल प्रसाद साहू द्वारा लोशुग्रिड अंक ज्योतिष द्वारा सीखे अपना बर्थ चार्ट बनाना। मूलांक ,भाग्यांक ,कुआंक निकाल कर राज योग क्या है रिमेडियल फॅर मिसिंग नंबर। विजन प्लान, बेल प्लान, एक्शन प्लान ,स्वर्ण योग राजयोग नंबरों पर जानकारी विस्तार बतलाया गया। मिसिंग नंबर की पूर्ति कैसे करें । मास्टर ट्रेनर शशि कला बैरागी ने प्राथमिक स्तर के बच्चों को वेस्टेज पेपर से खिलाना व टोपी बनाना सिखाया।

उक्त अवसर पर रवि शंकर साहू ,प्रवीण साहू, निरंजना साहू नेहा साहू ,सागर साहू ,प्रियांशु साहू, प्रतिमा साहू ,महिमा साहू, वैभव साहू चुनेश्वर साहू आदि उपस्थित होकर सीखा। कार्यक्रम का संचालन यशपाल साहू व आभार प्रदर्शन लोचन साहू ने किया।

सूने मकान में चोरी करने वाले 3 चोरों को डोंगरगढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। 5 मई को प्रार्थी सीमन्त लाल सेन पिता विसौहा राम सेन उम्र. 53 साल निवासी वार्ड न0. 21 सांई नगर डोंगरगढ़ अपने घर में ताला लगाकर सहपरिवार शादी कार्यक्रम में दुर्ग गये थे। कि दिनांक. 08.05.2025 के रात्रि में अज्ञात आरोपी द्वारा घर का ताला तोड़कर अन्दर घुंसकर घर में रखे सोने चांदी के जेवरात सहित लेपटापए होम थियेटरए टी0व्ही0ए सेटअप बाक्स व नगदी रकम 20000/ रू0 जुमला किमती. 130000/ रू0 को चोरी कर ले गया। जिसकी रिपोर्ट पर अप0क्र0. 204/2025 धारा. 331;4द्धए 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के गंभीरता को देखते हुये अज्ञात आरोपी एवं चोरी गये माल मशरूका के पता तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम को तत्काल घटना से अवगत कराकर विवेचना हेतु दिशा.निर्देश प्राप्त कर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा अपने पुलिस स्टॉफके साथ अज्ञात आरोपीगण के पता तलाश हेतु जुट गये। अज्ञात आरोपी के पता तलाश हेतु घटना स्थल के आसपास के सीसीटीव्ही कैमरा को खंगाला गया। जिस पर संदेही 01, निखिल गोंड़ निवासी कंडरापारा बजरंग चौक डोंगरगढ़ए 02.श्याम ठाकुर उर्फछोटू निवासी ग्राम बिच्छीटोला हाल बजरंग चौक डोंगरगढ़ एवं 03. श्रवण मटियारा निवासी राम नगर जेल रोड वार्ड न0. 21 डोंगरगढ़ को हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया। तीनों प्रार्थी के घर में चोरी करना स्वीकार किये एवं चोरी के समान को आरोपी श्रवण मटियारा के घर में छुपा कर रखना बताये एवं नगदी रकम को खाने.पीने में खर्च कर देना बताये।

मार्ग दर्शन

अपने करियर के अनुकूल विद्यार्थियों से मित्रता करें, अपने करियर के अनुकूल सिलेबस का गहन अध्ययन करें,- नभ सिंह

विद्यार्थी स्वयं से झूठ ना बोले, अपनी रुचि के अनुसार कैरियर का निर्धारण स्वयं करें

कुरूद/नवप्रदेश। विद्यार्थी स्वयं से झूठ ना बोले, अपनी क्षमताओं को पहचाने और अपने क्षमता के अनुरूप विषय या करियर का चयन करें, ऐसे विद्यार्थियों से मित्रता करें जो उनके करियर के अनुकूल या सहयोगी हो तत्पश्चात अपने करियर के लिए आवश्यक सिलेबस का गहन अध्ययन कर सफलता के लिए एक रोड मैं तैयार करें उक्त मार्गदर्शन निशुल्क शैक्षिक एवं कैरियर मार्गदर्शन शिविर के शुभारंभ अवसर पर प्रबोधन एसडीएम कुरूद एनएस कोसले ने दिया। उन्होंने बच्चों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी बहुत ही सरल और आकर्षक ढंग से उत्तर प्रस्तुत कर विद्यार्थियों एवं उपस्थित पालक तथा शिक्षक समुदाय को प्रभावित किया।

पिछले दो वर्षों के अनुसार इस बार भी वर्ष भी निशुल्क शैक्षिक एवं कैरियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कातलबोड में साहू समाज बांनगर परिक्षेत्र के तत्वाधान में कर्मचारी प्रकोष्ठ बांनगर के निर्देशन में किया जा रहा है।

इस शिविर में परिक्षेत्र के 12 गांव के अतिरिक्त 22 गांव के विद्यार्थी ,प्रतियोगी परीक्षा पीएससी इ.ब्वस स्व.दस्र एसएससी ,प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा ,संगीत प्रशिक्षण , 9वी से 12वीं तक कठिन विषयों का अध्ययन के साथ-साथ करियर गाइडेंस एवं नैतिक शिक्षा हेतु योजनाबद्ध तरीके से निर्धारित कालखंड के अनुरूप अध्यापन कर रहे है।

उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम में बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए अविनाश मिश्रा जिलाधीश धमतरी, रोमा श्रीवास्तव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धमतरी एवं सूरज सिंह परिहार पुलिस अधीक्षक जिला धमतरी से भी समय की स्वीकृति मिल चुकी है।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर प्राचार्य अजय निषाद शाला विकास समिति केअध्यक्ष विकास साहू, सरपंच मिलन साहू ,उपसरपंच संतोष साहू, भुवन सिंह ठाकुर पंच ,रूपेश्वर साहू पंच , कामराय साहू ,भागीरथी साहू ,हर प्रसाद साहू ,बंसी ठाकुर ,रघुवर दीवान, सेवक साहू, तेजनलाल साहू पूर्व सरपंच , चंद्रहास साहू पूर्व अध्यक्ष शाला विकास समिति सहित महिला एवम पुरुष पंचायत प्रतिनिधिगण,विभिन्न ग्रामों के अभिभावक गण , सामाजिक पदाधिकारी एवं परिक्षेत्र के बड़ी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित थे।

माकड़ी विकासखंड के ग्राम काटागांव में लगा समाधान शिविर

■ **शिविर में हितग्राहियों को बांटे गए आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जॉब कार्ड एवं केसीसी**

रायपुर/ नवप्रदेश। सुशासन की सरकार में हर वर्ग का हो रहा कल्याण: विधायक सुश्री उसेण्डी सुशासन की सरकार में हर वर्ग का हो रहा कल्याण: विधायक उसेण्डी सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और योजनाओं के लाभ पहुंचाने हेतु समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में कोंडागांव जिले के विकासखंड माकड़ी के ग्राम काटागांव में सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोंडागांव विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लता उसेंडी ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन की सरकार में राज्य के हर वर्ग का कल्याण हो रहा है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान हो रहा है और गांव गांव में शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। विधायक उसेंडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लखपति दीदी पहल से लेकर महतारी वंदन योजना, किसानों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित कई योजनाएं शुरू की गई। उन्होंने सभी से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने प्रधानमंत्री मुफ्त बिजली घर योजना की जानकारी देते हुए कहा कि हर महीने की बिजली बिल को शून्य करने के साथ अतिरिक्त आय प्राप्त करने के लिए इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदन का निराकरण कर विधायक सुश्री उसेंडी एवं अतिथियों द्वारा हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत सामग्रियों का वितरण किया गया। इसमें समाज कल्याण द्वारा 07 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति, उद्यानिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना अंतर्गत 19 किसानों को लौकी और करेला बीज, कृषि विभाग द्वारा 10 किसानों को धान बीज, 07 हितग्राहियों को राशन कार्ड, मत्स्य पालन विभाग द्वारा 01 मत्स्य पालक को मछली जाल, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 12 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 10 हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड और 08 हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किए गए।

जल संरक्षण की दिलाई शपथ

कार्यक्रम में विधायक सुश्री लता उसेंडी ने समाधान शिविर में उपस्थित लोगों को जल संरक्षण और संचयन की शपथ दिलाई।

■ न्यूज गैलरी

समाधान शिविर में जितेन्द्र की ख्वाहिश हुई पूरी

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के एक छोटे से गांव मूरता में 8 मई की दोपहर कुछ खास थी, गर्मी की तपिश के बीच पंचायत भवन में हलचल थी। लोग आए थे उम्मीद लेकर और प्रशासन आया था समाधान लेकर। इन्हीं चेहरों के बीच खड़े थे श्री जितेन्द्र मानिकपुरी, जिनकी आंखों में वर्षों से रुकी एक साधारण सी ख्वाहिश थी निवास प्रमाण पत्र की।शायद किसी के लिए यह एक सामान्य दस्तावेज हो, पर श्री जितेन्द्र के लिए यह पहचान का पहला कदम था। कई बार कोशिश की, कागज अधूरे निकले, दफ्तर के चक्कर लगे, हर बार निराशा हाथ लगी। लेकिन इस बार मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे सुशासन तिहार के तहत जब ग्राम मूरता में समाधान शिविर लगा, तो वे चुपचाप पहुंच गए। उम्मीद बहुत नहीं थी, लेकिन मन में एक कोना फिर भी भरोसे से भरा था।राजस्व विभाग के स्टॉल पर जैसे ही उन्होंने आवेदन दिया, अधिकारी ने मुस्कराते हुए कहा, यहां देरी नहीं होती, आप तैयार रहिए। मोबाइल पर ऑन-द-स्पॉट जांच हुई, दस्तावेज सत्यापित हुए और कुछ ही मिनटों में उनके हाथ में वह कागज था, जिसका वर्षों इंतजार उन्होंने किया था। सबसे खास पल वह था जब जिला पंचायत सभापति ने स्वयं उनका नाम पुकारा और निवास प्रमाण पत्र सौंपा। उस पल जितेन्द्र की आंखें नम हुई पर चेहरा मुस्कान से भरा था।कभी सोचा नहीं था कि इतनी आसानी से निवास प्रमाण पत्र मिल जाएगा। सरकार वाकई अब हमारे गांव तक पहुंच गई है, यह कहते हुए जितेन्द्र की आवाज में तसल्ली थी और चेहरे पर मुस्कुराहट के साथ संतोष। यह सिर्फ एक प्रमाण पत्र की कहानी नहीं, बल्कि उस बदले हुए छत्तीसगढ़ के तस्वीर की कहानी है, जहां शासन अब केवल राजधानी की इमारतों में नहीं, बल्कि गांव की गलियों में भी महसूस होता है।

कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का 'गांव चलो, बस्ती चलो' दौरा

सूरजपुर/रायपुर नवप्रदेश। 'गांव चलो, बस्ती चलो' अभियान के अंतर्गत कैबिनेट मंत्री और भटगांव विधानसभा की विधायक लक्ष्मी राजवाड़े ने भैयाथान विकासखंड के विभिन्न गांवों का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने नवापारा, शिवप्रसादनगर, सोनपुर, भंवरही और करोंदामुड़ा गांवों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर समाधान की दिशा में कार्यवाही की.मंत्री राजवाड़े ने अधिकारियों की उपस्थिति में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि इन योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए. उन्होंने चौपाल में कहा, ÷कार्यक्रमों में लापरवाही और उदासीनता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी.उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, वनों की रक्षा और अधिक से अधिक वृक्षारोपण का संदेश भी ग्रामीणों को दिया. साथ ही, उन्होंने ग्रामसभा में सक्रिय भागीदारी और जिला स्तर पर लगने वाले शासकीय शिविरों में भाग लेने की अपील की ताकि ग्रामीण योजनाओं का अधिकतम लाभ उठा सकें.

महासमुंद में बोर्ड परीक्षा परिणामों पर सख्त रुख: सीएम ने जताई थी नाराजगी

शिक्षा व्यवस्था में लापरवाही पर मुख्यमंत्री का सख्त रूख, कई अफसरों का तबादला

रायपुर/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की जीरो टॉलरेंस नीति और परिणाम आधारित कार्यशैली का असर अब स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने आज महासमुंद जिले में पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी का स्थानांतरण करते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि शिक्षा व्यवस्था में लापरवाही, निष्क्रियता और खराब प्रदर्शन अब किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं है।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार महासमुंद जिले के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी प्राचार्य श्री एम.आर. सावंत को उनके पद से हटाकर कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा विभाग, जगदलपुर में सहायक संचालक के पद पर पदस्थ किया गया है। उनके स्थान पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ (जांजगीर-चांपा) के पद पर कार्यरत प्राचार्य श्री विजय कुमार लहरे को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद नियुक्त किया गया है। वहीं श्री भूपेंद्र कुमार कौशिक को जांजगीर चांपा जिले के नवागढ़ विकासखंड का विकासखंड शिक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है।यह निर्णय उस समीक्षा बैठक के बाद सामने आया है, जिसमें मुख्यमंत्री श्री साय ने महासमुंद जिले की बोर्ड परीक्षा में खराब परिणामों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की थी। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में महासमुंद में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पष्ट कहा था कि शिक्षा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए सुधार लाने का निर्देश दिया था। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा की गई यह कार्रवाई दर्शाती है कि मुख्यमंत्री श्री साय की सरकार परिणाम आधारित कार्यशैली में विश्वास रखती है और प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए हर आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है।

नेशनल लोक अदालत : 17 हजार से अधिक मामलों का हुआ निराकरण

मुंगेली। रायपुर/ नवप्रदेश। न्यायिक इतिहास में एक और सुनहरा अध्याय जुड़ गया जब वर्ष 2025 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिलेभर में सफलता के साथ संपन्न हुआ। जिला न्यायालय, तहसील न्यायालय और राजस्व न्यायालयों में संयुक्त रूप से आयोजित इस विशेष लोक अदालत में न्याय के द्वार आमजन के लिए सहज और सुलभ बने। परिवार न्यायालय में आपसी सहमति से मामले का निपटारा कर एक परिवार को टूटने से बचाया गया। वहीं पति की सड़क दुर्घटना में मौत मामले में पत्नी को 5 साल बाद मुआवजा मिला। सुबह 10:45 बजे जिला न्यायालय मुंगेली में गिरिजा देवी मेरावी, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा दीप प्रज्वलन कर नेशनल लोक अदालत का विधिवत शुभारंभ किया, जिसमें कुल 17,371 मामलों का समाधान हुआ। 51 लाख से अधिक की राशि पर सहमति इस एक दिवसीय आयोजन में कुल 21,655 प्रकरणों को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया।

राजभवन में आयोजित हुई सर्वधर्म सभा

■ **संकट की घड़ी में हमारी एकता ही देश की सबसे बड़ी ताकत है: सीएम साय**

रायपुर/ नवप्रदेश।वर्तमान में चल रहे तनावपूर्ण परिस्थिति में सभी धर्मों, समाजों एवं सम्प्रदायों के बीच शांति, सौहार्द एवं एकजुटता के उद्देश्य से आज राजभवन के दरबार हॉल में राज्यपाल रमेन डेका की अध्यक्षता में सर्वधर्म सभा आयोजित की गई। सभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर राज्यपाल डेका ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान तनावपूर्ण स्थिति केवल सीमाओं पर युद्ध की चुनौती नहीं है बल्कि यह हमारे समाज की एकजुटता, हमारी संस्कृति की सहिष्णुता और हमारे नागरिकों की जागरूकता की परीक्षा भी है। हमारी यह जिम्मेदारी बनती है कि हम समाज में संयम, शांति और सद्भाव को बनाए रखें।

एकता और संकल्प ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है-डेका

उन्होंने कहा कि जब हमारा राष्ट्र संघर्ष से गुजर रहा हो तो केवल सीमाओं पर तैनात हमारे सैनिक ही नहीं बल्कि देश के हर नागरिक की चेतना, एकता और संकल्प ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। श्री डेका ने कहा कि सदियों से भारत एक ऐसा देश रहा है जिसने विविधताओं को अपनाया है। जहां पूजा की विधियां भले ही भिन्न हो पर मानवता की मूल भावना सभी में एक समान है।

बेमेतरा में पीएम आवास के नाम से 10-10 हजार रुपए की रिश्वत

कलेक्टर को निलंबित क्यों नहीं किया गया-धनंजय सिंह ठाकुर

रायपुर/ नवप्रदेश। बेमेतरा जिला में पीएम आवास के हितग्राहियों से 10-10 हजार रु. रिश्वत लेने के मामले में बेमेतरा जिला कलेक्टर को निलंबित नहीं करने पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कोरबा जिला में सुशासन तिहार के दौरान पीएम आवास के नाम से किसी भी स्तर पर एक रुपया रिश्वत लेने पर कलेक्टर को जिम्मेदार मानते हुए निलंबित करने की चेतावनी दिए थे। लेकिन बेमेतरा जिला में प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों से 10-10 हजार रुपया रिश्वत लिया गया। जांच में दोषी पाये जाने पर तीन अधिकारी नीरा साहू, नारायण साहू, ईश्वरी साहू को सस्पेंड कर दिया गया। लेकिन मुख्यमंत्री के चेतावनी के अनुरूप बेमेतरा कलेक्टर को अभी तक निलंबित क्यों नहीं किया गया? क्या मुख्यमंत्री की चेतावनी सिर्फ हवा हवाई थी? क्या मुख्यमंत्री ने जनता से ताली बजवाने वाहवाही लूटने, मीडिया का हेडलाइन बनाने इस प्रकार बयान दिये थे? क्या उच्च अधिकारी मुख्यमंत्री की घोषणा को गंभीरता से नहीं लेते है? प्रदेश का मुखिया कोई घोषणा कर दे उसका अक्षरशः पालन होता है।प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि सुशासन तिहार ढोंग और ढकोसला साबित हो रहा जब मुख्यमंत्री के सार्वजनिक घोषणा पर अमल नहीं किया जा रहा है, ऐसे में जनता से प्राप्त आवेदन और मांग पत्रों का निराकरण असम्भव है। मुख्यमंत्री का सरकार पर कोई नियंत्रण नहीं है यह प्रदेश की जनता पहले से कह रही है और वह आज सच भी साबित हो रहे जब मुख्यमंत्री के घोषणा का पालन नहीं हो रहा है।प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि जीरो टॉलरेंस की बात करने वाली भाजपा की सरकार में भ्रष्टाचार शिष्टाचार बन चुका है। बिना चाय पानी लेनदेन के किसी भी विभाग में कोई काम नहीं होता है, जनता विभाग के चक्कर लगाकर हताश और परेशान हो चुकी है, यही वजह है कि सुशासन तिहार में 40 लाख से अधिक आवेदन आए हैं और अब तीसरे चरण में भी यह आवेदनों की संख्या बढ़कर एक करोड़ हो जाएगी तो अतिशयोक्ति नहीं है लेकिन उनका निराकरण होगा इसकी कोई गारंटी नहीं है असल में सरकार पूरी तरह से नख दंत विहीन है प्रशासनिक तंत्रों पर सरकार का नियंत्रण नहीं है सरकार कौन चला रहा है यह स्पष्ट नहीं है । मुख्यमंत्री के मंत्रिमंडल में भारी मतभेद है।

अब रायपुर में सेवा देगा ILS हॉस्पिटल्स

रायपुर। पिछले 25 वर्षों से अस्पताल और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में एक विश्वसनीय और प्रतिष्ठित नाम बन चुका आईएलएस हॉस्पिटल्स अब अपने पांचवें मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के माध्यम से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अपनी सेवाएं देने जा रहा है। यह नया और अत्याधुनिक अस्पताल पचपेडी नाका में स्थित है, जो न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे मध्य भारत के लोगों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा।

कांग्रेस ने निकाली जय हिंद मशाल रैली

■ **जय हिन्द मशाल रैली भारतीय सेना के साथ सभी भारतीय नागरिकों की एकजुटता का संकेत**

रायपुर/ नवप्रदेश। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने राजधानी रायपुर में अपने कांग्रेस साथियों एवं रायपुरवासियों सहित हजारों की संख्या में ''जय हिंद मशाल रैली निकालकर सभी भारतीय नागरिकों की एकजुटता का संकेत दिया। मशाल रैली निकलने से पूर्व वहा उपस्थित कांग्रेसजन एवं आमजनों द्वारा सर्वप्रथम पहलगाम में 28 दिवंगत के साथ 10 दिवंगत हुए जवान एवं भारतीय को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

18 लाख आवास पर श्वेत पत्र जारी करे भाजपा सरकार - दीपक बैज

■ **कांग्रेस सरकार ने जिन मकानों की पहली किश्त जारी किया था, भाजपा सरकार सिर्फ उसी को आगे बढ़ा पाई है**

रायपुर/ नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि साय सरकार 18 लाख आवास पर श्वेत पत्र जारी करे। भाजपा सरकार 18 लाख आवास स्वीकृत होने का झूठा दावा करती है, जबकि सच्चाई यह है कि साय सरकार गरीबो को आवास देने के नाम से धोखाधड़ी की है, जो भी आवास बने है और जो बन रहे है वो कांग्रेस सरकार के दौरान स्वीकृत हुए थे। साय सरकार खुद ही संख्या की घोषणा कर अपनी पीठ थपथपा रही है। कांग्रेस मांग करती है कि सरकार के दावों में सच्चाई है तो स्वीकृत आवासहीनों के नाम सार्वजनिक किया जाये।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास के नाम पर भाजपा सरकार भ्रम फैला रही है। विधानसभा चुनाव में वादा किये थे 18 लाख आवासहीनों को आवास देंगे, अब दावा कर रहे है 8 लाख आवासहीनों के खाते में पहली किस्त डाली गयी है जबकि हकीकत यह है कि सरकार के पास अभी तक पात्र हितग्राहियों की न सूची है और न संख्या, जिन लोगों के खाते में पहली किस्त डालने का दावा कर रहे है उन सभी के खाते में पहली किश्त तो कांग्रेस की सरकार ने अक्टूबर में ही जारी कर दिया है। भाजपा सरकार में साहस है तो जिन लोगों के खाते में पैसा डालने का दावा कर रहे है उनकी सूची सार्वजनिक किया जाये।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पीएम आवास योजना 2015 में लागू हुई तब केंद्र और राज्य दोनों जगह बीजेपी की सरकार थी। 2011 के जनगणना को आधार मानकर छत्तीसगढ़ के लिए कल 18 लाख आवास का लक्ष्य तय किया गया था।

सुशासन तिहार | *जनसमस्याओं के निराकरण में आई तेजी, लोगों को मिल रहा लाभ*

समाधान शिविर में मत्स्य कृषकों के आवेदनों का हुआ निराकरण

रायपुर/ नवप्रदेश।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में शासकीय कार्यों में पारदर्शिता लाने तथा शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के साथ आम जनता के समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करने के उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों के समस्याओं का त्वरित समाधान करना और पात्र हितग्राहियों को पारदर्शी ढंग से शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। सुशासन तिहार के पहले चरण में जिले के आम नागरिकों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु समाधान शिविर का शुभारंभ हो चुका है। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा नागरिकों से प्राप्त आवेदनों की आवश्यक जांच कर उनकी मांग को पूरा किया जा रहा है और समस्याओं का निराकरण किया जा रही हैं।

इसी क्रम में मत्स्य पालन विभाग द्वारा मत्स्य कृषकों से विभिन्न मांगों के संबंध में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए मत्स्य पालकों को मछली जाल प्रदाय किया गया है। कोंडागांव जिले के केशकाल विकास खण्ड के ग्राम खालेमुरवेण्ड में आयोजित समाधान शिविर में विधायक श्री नीलकंठ टेकाम ने दो मत्स्य कृषकों श्री घासीराम कोरेटी ग्राम चिपरेल और श्री जागेश कुमार मंडावी ग्राम बंजोड़ा को मछली पकड़ने हेतु मछली पालन विभाग द्वारा जाल का वितरण किया गया।

सोशल जस्टिस एंड लीगल फाउंडेशन के तत्वावधान में 12 को परिचर्चा

रायपुर/ नवप्रदेश।संविधान के हीरक जयंती वर्ष में समस्त छत्तीसगढ़ राज्य आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी फेडेरेशन के नेतृत्व जिसमें छत्तीसगढ़ अजाक्स, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संगठन, सोशल जस्टिस एंड लीगल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में दिनाँक 12/5/2025 को शहीद स्मारक भवन, रायपुर में राज्यस्तरीय परिचर्चा/आमसभा आयोजित किया गया है , जिसमें राज्यभर के अधिकारी कर्मचारी एवं समाजिक संगठनों के प्रांतीय कार्यकारिणी सहित जिला, ब्लाक के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल होंगे। इस आमसभा /परिचर्चा में प्रमुख रूप से सर्व आदिवासी समाज, प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज, गोड समाज,हलबा समाज, कवर समाज, उरांव समाज, गाड़ा समाज, महार समाज, रविदासी समाज, ओबीसी महासभा सहित तमाम अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के सदस्य शामिल होंगे।

न्यूज गैलरी

दावा निपटारे के लिए डेढ़ अरब डॉलर का भुगतान करेगी गूगल

दिल्ली। पैक्सटन ने कहा कि टेक्सास में, बड़ी तकनीकी कंपनियां कानून से ऊपर नहीं हैं। वर्षों तक गूगल ने लोगों की गतिविधियों, निजी सर्च और यहां तक कि उनके वॉइस प्रिंट्स और फेसियल ज्योमेट्री को भी अपने उत्पादों और सेवाओं के लिए इस्तेमाल किया। दिग्गज टेक कंपनी गूगल, अमेरिकी राज्य टेक्सास को 1.4 अरब डॉलर का भुगतान करेगी। यह भुगतान दावे के निपटारे के लिए किया जाएगा। दरअसल टेक्सास ने गूगल के खिलाफ यूजर्स की मंजूरी के बिना उनका डेटा इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया था। टेक्सास के स्टेट अटॉर्नी जनरल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अटॉर्नी जनरल केन पैक्सटन ने बताया कि यह समझौता टेक कंपनियों के लिए एक संदेश है कि हम हमारे अधिकारों और आजादी को बेचकर उन्हें पैसे नहीं कमाने देंगे। पैक्सटन ने कहा कि टेक्सास में, बड़ी तकनीकी कंपनियां कानून से ऊपर नहीं हैं। वर्षों तक गूगल ने लोगों की गतिविधियों, निजी सर्च और यहां तक कि उनके वॉइस प्रिंट्स और फेसियल ज्योमेट्री को भी अपने उत्पादों और सेवाओं के लिए इस्तेमाल किया। यह समझौता टेक्सास द्वारा गूगल के खिलाफ किए गए जियो-लोकेशन, गुप्त सर्च और बायोमीट्रिक डेटा से संबंधित कई दावों का निपटारा करता है। गूगल के प्रवक्ता जोस कास्टानेडा ने कहा कि यह समझौता पुराने दावों की एक श्रृंखला का निपटारा है, जिनमें से कुछ उत्पाद नीतियों से संबंधित हैं जिन्हें कंपनी पहले ही बदल चुकी है। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि समझौते के लिए किसी भी नए उत्पाद परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है। पैक्सटन ने कहा कि 1.4 अरब डॉलर इस प्रकार के डेटा-गोपनीयता उल्लंघनों पर गूगल के साथ समझौते में किसी भी राज्य द्वारा जीती गई सबसे बड़ी राशि है।

इक्विटी म्यूचुअल फंड में चौथे माह भी गिरावट, एसआईपी में रिकॉर्ड 26632 करोड़ का निवेश

नई दिल्ली। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने शुक्रवार को आंकड़े जारी कर बताया, पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव से शेयर बाजार में जारी अस्थिरता के कारण यह गिरावट आई है। पिछले महीने इक्विटी एमएफ में निवेश मार्च के 25,082 करोड़, फरवरी के 29,303 करोड़, जनवरी के 39,688 करोड़ और दिसंबर, 2024 के 41,156 करोड़ रुपये से काफी कम है। इक्विटी म्यूचुअल फंड (एमएफ) में निवेश अप्रैल, 2025 में 3.24 फीसदी घटकर 24,269 करोड़ रुपये रह गया। यह लगातार चौथा महीना है, जब इक्विटी एमएफ में निवेश घटा है। हालांकि, म्यूचुअल फंड योजनाओं में शुद्ध निवेश लगातार 50वें महीने सकारात्मक बना रहा। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने शुक्रवार को आंकड़े जारी कर बताया, पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव से शेयर बाजार में जारी अस्थिरता के कारण यह गिरावट आई है। पिछले महीने इक्विटी एमएफ में निवेश मार्च के 25,082 करोड़, फरवरी के 29,303 करोड़, जनवरी के 39,688 करोड़ और दिसंबर, 2024 के 41,156 करोड़ रुपये से काफी कम है। आंकड़ों के मुताबिक, इक्विटी एमएफ में गिरावट के बावजूद सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) में निवेशकों का आकर्षण बना हुआ है। अप्रैल में एसआईपी के जरिये म्यूचुअल फंड में निवेश मार्च के चार महीने के निचले स्तर से उबरते हुए रिकॉर्ड 26,632 करोड़ रुपये पहुंच गया। मार्च में एसआईपी के जरिये म्यूचुअल फंड में निवेश मामूली घटकर 25,926 करोड़ और फरवरी में 25,999 करोड़ रुपये रहा था।

सभी एटीएम, सीडीएम/एडीडब्ल्यूएम और डिजिटल सेवाएं पूरी तरह से चालू हैं और जनता के उपयोग के लिए उपलब्ध हैं

देश में बिना किसी परेशानी के सामान्य चल रही एटीएम और डिजिटल सेवाएं

नई दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) सहित भारत के शीर्ष बैंकों ने कहा कि उनके एटीएम और डिजिटल सेवाएं पूरी तरह से काम कर रही हैं और सभी ऑपरेशन सामान्य हैं।

बैंकों की ओर से यह प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर चल रही उन फर्जी खबरों के जवाब में की गई है, जिनमें दावा किया गया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच आने वाले दिनों में एटीएम बंद होने की संभावना है। भारतीय स्टेट बैंक ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हमारे सभी एटीएम, सीडीएम/एडीडब्ल्यूएम और डिजिटल सेवाएं पूरी तरह से चालू हैं और जनता के उपयोग के लिए उपलब्ध हैं। इसके साथ ही भारत के सबसे बड़े सरकारी बैंक ने अपने ग्राहकों से कहा कि वे असत्यापित

जानकारी पर भरोसा न करें। वहीं, पंजाब नेशनल बैंक ने भी कहा, हमारी सभी डिजिटल सेवाएं भी सुचारू रूप से चल रही हैं, जिससे आप घर बैठे ही आसानी से बैंकिंग सुविधाओं का फायदा उठा सकते हैं।केनरा बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा और पंजाब एंड सिंध बैंक ने भी इसी तरह के पोस्ट किए हैं।मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शाम को बैंकों और वित्तीय संस्थानों की साइबर सुरक्षा तैयारियों पर समीक्षा बैठक करेंगी।इससे पहले देश की सरकारी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल ने कहा था कि देश में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल,डीजल और एलपीजी मौजूद है और घबराहट में अतिरिक्त खरीदारी न करें।सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में सरकारी तेल विपणन कंपनी ने लिखा, इंडियन ऑयल आपको यह आश्वस्त करना चाहता है कि देशभर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है। हमारी आपूर्ति श्रृंखलाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं, और सभी रिटेल आउटलेट्स पर ईंधन और एलपीजी आसानी से उपलब्ध हैं।

पड़ोसी देश के शेयर बाजार में भी भारी गिरावट देखी गई है

ऑपरेशन सिंदूर' से पाकिस्तान के शेयर बाजार में भी तबाही, रोकी गई ट्रेडिंग

नई दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान में मौजूद आतंकियों के कैंप को 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए तबाह कर दिया। भारत के एक्शन से पाकिस्तानी सरकार और सेना में खलबली मची है। दूसरी तरफ, पाकिस्तान के खिलाफ लगातार जारी भारत के एक्शन से वहां की अर्थव्यवस्था पर भी बड़ा असर देखने को मिल रहा है। यहां तक कि पड़ोसी देश के शेयर बाजार में भी भारी गिरावट देखी गई है।

पाकिस्तानी स्टॉक एक्सचेंजों में गुरुवार को 6 प्रतिशत से अधिक की गिरावट हुई और जिसके कारण ट्रेडिंग को भी रोक दिया गया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से पाकिस्तान के शेयर बाजार में लगातार गिरावट देखी जा रही है। मुख्य सूचकांक कराची स्टॉक एक्सचेंज 100 इंडेक्स (केएसई-100) 22 अप्रैल के बाद से करीब 13 प्रतिशत फिसल चुका है। 22 अप्रैल को केएसई-

100 इंडेक्स 1,18,430 पर था, जो अब गिरकर 1,03,060 पर आ गया है। इसके अलावा, अन्य पाकिस्तानी स्टॉक इंडेक्स केएसई-30 भी अब तक 14.3 प्रतिशत लुढ़क चुका है। पाकिस्तान का शेयर बाजार वहां की अर्थव्यवस्था की बदहाली की तस्वीर दिखा रहा है। पाकिस्तान के पास केवल 15 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार है और देश आर्थिक पतन की कगार पर है। इसके साथ ही, पाकिस्तान अपनी जीडीपी को चलाने के लिए आईएमएफ से भी लोन के लिए गिड़गिड़ा रहा है। आतंकी हमले के बाद से भारत सैन्य के साथ-साथ कई अन्य प्रकार के एक्शन भी पड़ोसी देश पर ले रहा है, जिसमें सिंधु जल समझौता को स्थगित करना शामिल है, जिससे पाकिस्तान को आर्थिक तौर पर काफी चोट पहुंची है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस समझौते को रद्द करने से बड़ी संख्या में पाकिस्तान की इंडस्ट्री को पानी की कमी का सामना करना पड़ सकता है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत ने पड़ोसी देश पर बड़ी सैन्य कार्रवाई की। इसमें 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में आतंकवादी मारे गए हैं। भारतीय सेना के शौर्य से पूरे पाकिस्तान में आतंकवादियों में दहशत का माहौल है।

भारत में एसआईपी इनफ्लो अप्रैल में ऑल-टाइम हाई 26,632 करोड़ पर रहा : एम्फी

मुंबई। भारतीय म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के लिए अप्रैल का महीना ऐतिहासिक रहा। इस दौरान सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) इनफ्लो 26,632 करोड़ रुपए रहा। देश में एसआईपी निवेश का यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। यह जानकारी एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) की ओर से शुक्रवार को दी गई। एम्फी के आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में सक्रिय एसआईपी खातों की संख्या बढ़कर 8.38 करोड़ हो गई है, जो कि मार्च में 8.11 करोड़ थी। यह दिखाता है कि लोग लंबी अवधि के नजरिए से एसआईपी में निवेश कर रहे हैं।अप्रैल में 46 लाख नए एसआईपी खाते खुले हैं, जबकि मार्च में यह आंकड़ा 40.19 लाख था।मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट डायरेक्टर, मैनेजर रिसर्च, हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, निरंतर इनफ्लो निवेशकों के सेंटीमेंट में सुधार को दर्शाता है, जिसे मजबूत कॉर्पोरेट आय, अच्छे मैक्रोइकॉनॉमिक फंडामेंटल और पसंदीदा एसेट क्लास के रूप में इक्विटी की ओर निरंतर झुकाव से समर्थन मिल रहा है।उन्होंने कहा, बीते महीने कोई नया फंड भी लॉन्च नहीं हुआ है जो दिखाता है कि निवेशक मौजूदा फंड्स में ही निवेश कर रहे हैं। यह निवेशकों में भारतीय इक्विटी बाजारों की दीर्घकालिक विकास संभावनाओं में उनके विश्वास का प्रमाण भी है।एसआईपी के साथ एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) अप्रैल में बढ़कर अपने ऑल-टाइम हाई 70 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। इसे पहले मार्च में यह आंकड़ा 65.74 लाख करोड़ रुपए पर था।अप्रैल में लार्जकैप म्यूचुअल फंड्स में 2,671.46 करोड़ रुपए का निवेश हुआ है, जो कि मार्च में 2,479.31 करोड़ रुपए का था।बीते महीने मिडकैप फंडों में 3,313 करोड़ रुपए का निवेश हुआ है जो मार्च में 3,438.87 करोड़ रुपए से मामूली रूप से कम है।स्मॉलकैप फंडों ने लगातार अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और अप्रैल में 3,999.95 करोड़ रुपए जुटाए, जो पिछले महीने के आंकड़े 4,092 करोड़ रुपए से मामूली रूप से कम है।

देश में खाने-पीने की चीजों का पर्याप्त स्टॉक, घबराने की जरूरत नहीं : प्रल्हाद जोशी

नई दिल्ली। वर्तमान हालात को देखते हुए केंद्र सरकार ने खाने-पीने की चीजों को लेकर होड़ न मचाने की सलाह नागरिकों को दी है। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि देश में जरूरी वस्तुओं की कोई कमी नहीं है।नागरिकों से अपील है कि वे घबराएं नहीं और न ही खाद्य सामग्री खरीदने के लिए बाजार में दौड़ लगाएं। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने भरोसा दिलाया है कि देश में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

चावल का मौजूदा स्टॉक 135 लाख मीट्रिक टन के बफर मानक के मुकाबले 356.42 लाख मीट्रिक टन है।इसी तरह, गेहूं का स्टॉक 276 लाख मीट्रिक टन के बफर मानक के मुकाबले 383.32 लाख मीट्रिक टन है, जो जरूरत से कहीं ज्यादा है, जिससे देश भर में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होती है।केंद्रीय मंत्री जोशी ने कहा, मैं सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमारे पास वर्तमान में सामान्य आवश्यकता से कई गुना अधिक स्टॉक है, चाहे वह चावल हो, गेहूं हो या चना, अरहर, मसूर या मूंग जैसी दालें हों। इसकी कोई कमी नहीं है और नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे घबराएं नहीं और न ही खाद्यान्न खरीदने के लिए बाजारों में भागदौड़ करें।इसके अलावा, भारत के पास वर्तमान में लगभग 17 लाख मीट्रिक टन खाद्य तेल का स्टॉक है। घरेलू स्तर पर, सरसों के तेल की उपलब्धता चालू पीक उत्पादन सीजन के दौरान पर्याप्त है, जो खाद्य तेल की सप्लाई को और बढ़ा रहा है।चालू शुगर सीजन की शुरुआत 79 लाख मीट्रिक टन के कैरी-ओवर स्टॉक के साथ हुई।इथेनॉल उत्पादन के लिए 34 लाख मीट्रिक टन के डायवर्जन को ध्यान में रखते हुए, उत्पादन 262 लाख मीट्रिक टन होने का अनुमान है।

पीएमएसबीवाई के कुल नामांकन में 2016 से 443 प्रतिशत की वृद्धि

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के तहत संचयी नामांकन में 2016 से 443 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को इस दुर्घटना बीमा योजना के 10 वर्ष पूरे होने पर एनरॉलमेंट को लेकर जानकारी दी। यह योजना दुर्घटनाओं और जानमाल के नुकसान के मामले में वित्तीय स्थिरता और सस्ती सुरक्षा प्रदान करती है, जिसकी कीमत केवल 20 रुपए प्रति वर्ष है।

वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पीएम सुरक्षा बीमा योजना के साथ अपने प्रियजनों के लिए वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करें! पीएमएसबीवाई के तहत संचयी नामांकन में 443 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो मार्च 2016 में 9.40



करोड़ से बढ़कर अप्रैल 2025 में 51.06 करोड़ हो गई है। केवल 20 रुपए प्रति वर्ष पर सस्ती सुरक्षा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2015 में शुरू की गई प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जनता को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के सरकार के प्रयासों की आधारशिला बन गई है।इस योजना को आधिकारिक तौर पर 9 मई, 2015 को कोलकाता में लॉन्च किया गया था।योजना 18 से 70 वर्ष की आयु के सभी भारतीय निवासियों और एनआरआई को कवर करती है, बशर्ते उनके पास वैध बैंक खाता हो। दुर्भाग्यवश दुर्घटना के कारण आंशिक दिव्यांगता की स्थिति में, यह योजना व्यक्ति के खाते में सीधे 1 लाख रुपए की राशि प्रदान करती है। सड़क दुर्घटना या किसी अन्य दुर्भाग्यपूर्ण घटना के कारण हुई मृत्यु के दुखद मामले में, मृतक के परिवार या वारिस को 2 लाख रुपए की वित्तीय सहायता मिलती है।इस योजना के लिए केवल 20 रुपए का वार्षिक प्रीमियम देना होता है, जो पॉलिसीधारक के खाते से अपने आप कट जाता है।यह 1 जून से 31 मई तक चलने वाली एक साल की कवरेज अवधि प्रदान करता है।यह पॉलिसी सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों के माध्यम से संचालित की जाती है, जिससे यह आम लोगों के लिए सुलभ हो जाती है।मृत्यु या पूर्ण दिव्यांगता की स्थिति में, नामांकित व्यक्ति को 2 लाख रुपए का हक है। पूर्ण दिव्यांगता को दोनों आंखों, हाथों या पैरों की पूर्ण हानि के रूप में परिभाषित किया गया है।

यूको बैंक UCO BANK

अंचल कार्यालय, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल : zoraipur.rec@ucobank.co.in

नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

एक/ अनेक व्यक्तियों को दिए अग्रिम के लिए प्रतिभूति के रूप में बैंक के पास गिरवी रखे हुए निम्नलिखित आभूषणों को सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से विक्रय किया जाना प्रस्तावित है।

क्र.	शाखा एवं पता	ग्राहक का नाम/ खाता संख्या	बकाया राशि ब्याज सहित	कुल वजन (ग्राम में)
01	कोंडागांव	उमेश कुमार सोना 30170610017425	₹ 73,585.00 + अप्रयुक्त ब्याज	20.72 ग्राम
02	कोंडागांव	उमेश कुमार सोना 30170610020050	₹ 47,000.00 + अप्रयुक्त ब्याज	9.70 ग्राम
03	कोंडागांव	मीना सोना 30170610017418	₹ 82,598.00 + अप्रयुक्त ब्याज	22.03 ग्राम
04	बैकुंठपुर	नाजिया परवीन 24800610011775	₹ 2,77,866.00 + अप्रयुक्त ब्याज	61.50 ग्राम
05	बैकुंठपुर	नाजिया परवीन 24800610011966	₹ 1,81,406.00 + अप्रयुक्त ब्याज	42.50 ग्राम

आभूषण बैंक शाखा परिसर में दिनांक 22/05/2025 को अपरान्ह 3.00 बजे निरीक्षण किए जाने के लिए उपलब्ध रहेगा।

नीलामी के माध्यम से आभूषणों का विक्रय बैंक के शाखा परिसर में दिनांक 29/05/2025 को अपरान्ह 12.00 बजे से 01.00 बजे तक किया जाएगा तथा उच्चतम बोलीकर्ता के पक्ष में उक्त आभूषणों का विक्रय किया जाएगा। बैंक द्वारा स्वीकृति दिए जाते ही बोलीकर्ता को बोली की संपूर्ण राशि को जमा करना होगा।

बैंक के पास नीलामी को निरस्त करने और/अथवा स्थगित करने अथवा बोली को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

शाखा प्रबंधक

खेल

रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट में 5 अद्भुत रिकॉर्ड्स, जिन्हें तोड़ पाना असंभव

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने अचानक बुधवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है. रोहित ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर अपने संन्यास की जानकारी दी है. हिटमैन ने 67 मैचों की 116 पारियों में 12 शतक और 18 अर्धशतकों के साथ 4301 रन बनाए हैं. उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 2 विकेट भी हासिल किए हैं. आज उनके टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने के मौके पर हम आपको उनके 5 अद्भुत रिकॉर्ड्स के बारे में बताने वाले हैं। भारत के लिए रोहित शर्मा ने अपना टेस्ट डेब्यू 6 नवंबर 2013 को किया था. उन्होंने अपने टेस्ट डेब्यू पर सेंचुरी लगाई थी. वेस्टइंडीज के खिलाफ कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम पर उन्होंने 301 गेंदों में 177 रनों की शानदार पारी खेली थी. इस पारी के दौरान उन्होंने 23 चौके और 1 छक्का लगाया था. इस मैच को टीम इंडिया ने एक पारी और 51 रनों से जीत लिया। रोहित शर्मा ने साल 2019 में कमाल कर दिखाया जब उन्होंने एक मैच की दोनों पारियों में शतक लगाया. दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विशाखापट्टनम में खेले मैच में रोहित शर्मा ने पहली पारी में 176 और दूसरी पारी में 127 रन बनाए थे. भारत के लिए वो एक मैच की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के नाम टेस्ट क्रिकेट में एक और अद्भुत रिकॉर्ड दर्ज है. वो भारत की ओर से 7वें विकेट के लिए सबसे बड़ी

साझेदारी बनाने वाले खिलाड़ी है. उन्होंने भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के साथ मिलकर 435 गेंदों में 280 रनों की साझेदारी की थी. रोहित ने ये कारनामा वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने डेब्यू टेस्ट मैच में किया था। रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट में लगातार 5 मैचों में 50 रनों का आंकड़ा पार करने का रिकॉर्ड भी बनाया है. उन्होंने 2016 में न्यूजीलैंड के खिलाफ कानपुर टेस्ट की दूसरी पारी में नाबाद 68, कोलकाता में दूसरी पारी के दौरान 82, इंदौर में पहली पारी में नाबाद 51, 2017 में श्रीलंका के खिलाफ नागपुर में नाबाद 102 और दिल्ली में पहली पारी में 65 और दूसरी पारी में नाबाद 50 रन की पारी खेली थी। रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज होने का रिकॉर्ड रखते हैं. उन्होंने 67 मैचों की 116 पारियों में कुल 88 छक्के लगाए हैं. भारत के लिए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग हैं जिन्होंने 90 छक्के लगाए हैं. रोहित उनसे सिर्फ 2 छक्के दूर रह गए।

आईपीएल में 5000 रन बनाने वाले भारत के छठे बल्लेबाज बने

कोलकाता। अजिंक्य रहाणे ने कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेले जा रहे आईपीएल 2025 के 57वें मैच में इतिहास रचते हुए एक खास उपलब्धि हासिल कर ली है. कोलकाता के ईडन गार्डन्स क्रिकेट स्टेडियम में रहाणे ने आईपीएल इतिहास में अपने 5000 रन पूरे कर लिए हैं। अजिंक्य रहाणे ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 31 रन बनाते ही इंडियन प्रीमियर लीग में अपने 5000 रन पूरे कर लिए. इस मैच से पहले उन्होंने 96 आईपीएल मैचों में कुल 4969 रन बनाए हैं. अब वो आईपीएल में 5000 रन बनाने वाले भारत के छठे बल्लेबाज बन गए हैं. उनसे पहले विराट कोहली, रोहित शर्मा, शिखर धवन, सुरेश रैना और महेंद्र सिंह धोनी 5000 के आंकड़े को पार कर पाए हैं. इसके साथ ही वो आईपीएल में 5000 रन बनाने वाले ओवरऑल बल्लेबाजों की लिस्ट में 9वें स्थान पर आ गए हैं।

Office of Municipal Council Kanker, Dist. - Uttar Bastar Kanker (C.G.)

S.No/ 240 /NPP/PWD/2025 KANKER, DATE 10/05/2025

1st E-Tender Call

Online Bids invited from Registered Contractors under CG PWD Details as follows-

No.	System Tender No.	Detail of Work	Contract Amt (In Lacs)	Last date & time for download Tender
1.	168285	CONSTRUCTION OF SAMUDAYIK BHAWAN AT WARD NO. 16 KANKER	34.32	02.06.2025 Till 5.30 PM

Detailed N.I.T. & Terms condition can be viewed and downloaded from http://eproc.cgstate.gov.in

Chief Municipal Officer
Municipal Council Kanker

संक्षिप्त खबरें

विद्युत खंभे की नंबरिंग करेगी पालिका खराबी की स्थिति में होगी पहचान

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर शहर के 30 वार्डों विद्युत खंभे की नंबरिंग की जाएगी। नगर पालिका द्वारा हर पोल पर नंबर लिखा जाएगा। जिससे कोई खराबी की स्थिति में पहचान और मरम्मत में आसानी होगी। इसकी शुरूआत वार्ड 1 से शुरू होकर वार्ड 30 में संपन्न होगी। इससे खंभा या स्ट्रीट लाइट में खराबी होने पर मरम्मत या मेंटेनेंस में आसानी होगी। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि इस व्यवस्था से प्रबंधन व मेंटेनेंस सिस्टम अधिक प्रभावी होगा। निगरानी व्यवस्था में भी सुधार होगी। इसके अलावा पालिका क्षेत्र के अंतर्गत चालू स्ट्रीट लाइटों का भी सर्वे किया जाएगा। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी लाइट सुचारू रुप से काम करे। इस संबंध में गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने विधुत प्रभारी को निर्देश दिए। साथ ही कहा है इसके लिए जोनल टीम गठित कर टीम को रात में नगर के सभी वार्डों में भ्रमण पर भेजें ताकि खराब स्ट्रीट लाइटों को चिन्हित किया जा सके। साथ ही खराब स्ट्रीट लाइटों की जियो टैगिंग कर दूसरे दिन लाइट दुरूस्त करने वाली टीम को सूचित किया जाए।

सत्य साईं मंदिर बैठक आज

नगरी/नवप्रदेश। सत्य साईं सेवा संगठन छत्तीसगढ़ से होते हुए रथ का आगमन नरहरपुर से नगरी 27 मई नगर में आगमन हो रहा है सत्य साईं मंदिर के भक्तों से निवेदन है कि दिन रविवार 4:00 बजे बैठक बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की है

7.830 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल (भा.पु.से.) के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन बाज के तहत मादक पदार्थों की तस्करी पर कड़ी कार्यवाही करते हुए थाना पथरिया पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। अवैध गांजा बिक्री करते हुए आरोपी आनंद किशोर उर्फ गुड्डा यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थाना पथरिया क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 06, आवास पारा निवासी आनंद किशोर यादव (उम्र 47 वर्ष) को गांजा बेचते रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 7.830 किलो ग्राम अवैध गांजा, जिसकी कीमत लगभग ?70,470 है, और एक मोबाइल फोन (मूल्य ?5,000) बरामद किया गया। कुल जब्त सामग्री की कीमत 75,470 आंकी गई है। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 96/2025, धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने आरोपी के घर पर छापा मारा। आरोपी ने गांजा को अपने आंगन में बने बाथरूम में छिपा रखा था। मौके पर गवाहों की मौजूदगी में विधिवत तलाशी और जब्ती की कार्यवाही की गई।

शिवनाथ नदी में डूबे युवक का शव बरामद

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शनिवार की सुबह 7 बजे डोंगरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सांकर दाह स्थित शिवनाथ नदी में एक 15 वर्षीय युवक के डूबने की सूचना मिलने पर एसडीआरएफ की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक के शव को पानी से बाहर निकाल लिया। सूचना कंट्रोल रूम दुर्ग से प्राप्त होते ही जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह के निर्देशन में टीम को तुरंत घटनास्थल पर रवाना किया गया। डीप डाइविंग विशेषज्ञ राजकुमार यादव और नरोत्तम चंदेल ने कठिन प्रयास कर शव को नदी से बाहर निकालकर स्थानीय पुलिस के सुपुर्द किया। मृतक की पहचान देवकुमार चोरिया 15 वर्ष निवासी ग्राम कोचेरा, थाना डौंडी लोहारा, जिला बालोद के रूप में की है।

चक्रवात का चक्कर मौसम का बदला मिजाज

रायपुर/नवप्रदेश। बेमौसम वर्षा होने से ग्रीष्मकालीन धान और नदियों के तटों में लगे ग्रीष्मकालीन फलों को नुकसान पहुंचा है। सरकार द्वारा इसकी क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में समय बेमौसम वर्षा एवं तेज अंधड़ तथा वज्रपात होने के कारण ग्रीष्मकालीन धान की फसल खराब हो रही है। किसानों के अनुसार फिलहाल नहर से पानी नहीं मिल रहा है। लेकिन पानी के स्रोत की सुख रहे हैं।

बच्चा-बच्चा जानता है पीएम और सीएम का नाम

प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के लोकप्रियता की दिखी बानगी, मुख्यमंत्री ने समाधान शिविर के दौरान आंगनबाड़ी का किया औचक निरीक्षण

■ **नन्हें बच्चों के साथ बिताया समय, उन्हें दुलारा और टॉफियां भी बांटी**

गरियाबंद/नवप्रदेश। बच्चा बच्चा जानता है हमारे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का नाम। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के लोकप्रियता की बानगी तब दिखी जब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गरियाबंद जिले के मड़ेली में आयोजित समाधान शिविर के दौरान शनिवार अचानक आंगनबाड़ी निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने बच्चों से पूछा आप जानते हैं हमारे देश के प्रधानमंत्री कौन हैं, सभी ने कहा कि नरेंद्र मोदी। प्रदेश के मुख्यमंत्री का नाम पूछने पर उन्होंने साय का नाम लिया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान नौनिहालों के साथ समय बिताया, उन्हें दुलारा और चॉकलेट भी बांटे। मुख्यमंत्री का नन्ही बालिकाओं ने माथे पर तिलक लगाकर स्वागत किया। छोटे बच्चों के स्वागत से मुख्यमंत्री भाव विभोर हो गए और उन्हें आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि हमारी सरकार बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने और संवारने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। श्री साय ने अधिकारियों से कहा कि पूरे प्रदेश में आंगनबाड़ियों के माध्यम से संचालित योजनाओं का लाभ हमारे नौनिहालों मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छे पोषण आहार के साथ साथ सुंदर परिवेश भी उपलब्ध कराना होगा ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो। हमारे बच्चों की परवरिश जितनी अच्छी होगी, हमारे देश के भविष्य की नींव उतनी अधिक मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध होगा। उन्होंने आंगनबाड़ियों में गर्भवती माता तथा बच्चों को दिए जाने वाले पूरक पोषण आहार और अन्य गतिविधियों के बारे में भी जानकारी ली।

इस दौरान मड़ेली आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 03 की कार्यकर्ता उर्वशी नंदे ने बताया कि 15 बच्चे नियमित रूप से आंगनबाड़ी आते है और प्रतिदिन मेनू अनुसार उन्हें नाश्ता और भोजन दिया जा रहा है।

श्रीमती नंदे ने बताया कि प्रतिदिन पूरक पोषण आहार वितरण करने के साथ गर्म भोजन भी बच्चों को दिया जाता है।

मुख्यमंत्री ने दी 45 साल से अधूरी पड़ी पिपरछेड़ी सिंचाई परियोजना को पूरा करने की मंजूरी

■ **दस से अधिक गांवों के पांच हज़ार से अधिक किसानों को मिलेगा लाभ**

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के सुदूर मड़ेली और आसपास के 10 से अधिक गांवों के निवासियों का 45 साल का इंतज़ार आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खत्म कर दिया। मुख्यमंत्री ने आज मड़ेली के सुशासन समाधान शिविर में इलाक़े की 45 साल से अधूरी पड़ी पीपरछेड़ी सिंचाई परियोजना को पूरा करने की मंज़ूरी दे दी। इस योजना को पूरा करने के लिए क्षेत्र के किसानों ने सुशासन तिहार के दौरान आवेदन दिया था और आज मुख्यमंत्री के मडेली पहुंचने पर समक्ष में भी उनसे इसकी स्वीकृति की मांग की। मुख्यमंत्री ने लोगों की भावनाओं और इलाके के विकास के लिए इस योजना को पूरा करने की स्वीकृति दी। मीडिया से बात करते हुए जब साय ने इसकी घोषणा की तो उपस्थित लोगों ने ख़ुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री जिंदाबाद के नारे लगाए और श्री साय का आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि गरियाबंद जिले (तत्कालीन रायपुर जिला) के पीपरछेड़ी गांव में घुनघुट्टी नाला पर बांध बनाकर पानी रोकने और किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की योजना 1977 में शुरू हुई थी। परंतु 1980 में वन अधिनियम लागू होने के बाद तत्कालीन समय में वन एवं पर्यावरणीय अनुमति नहीं मिलने के कारण इसका काम 1980 में बंद कर दिया गया था। तब से यह परियोजना अधूरी पड़ी थी। तत्कालीन कई सरकारें आई पर इसके लिए वन और पर्यावरणीय अनुमति पर किसी ने ध्यान नहीं दिया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस पर ध्यान केंद्रित किया और परियोजना की पर्यावरणीय अनुमति के लिए केंद्र सरकार स्तर पर प्रयास शुरू किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने इस परियोजना के महत्व को समझ कर इसको पूरा करने के लिए वन और पर्यावरणीय स्वीकृति दे दी ।

मुख्यमंत्री ने किडनी पीड़ित अतुल चंद्राकर से कहा-इलाज हम कराएंगे

■ **जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण**

महासमुंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सुशासन तिहार के तृतीय चरण के तहत आज जिला महासमुंद दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जिला अस्पताल सह मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया और मरीजों से मुलाक़ात कर उनका हाल-चाल पूछा। मुख्यमंत्री ने यहां मेल वार्ड में भर्ती मरीजों से सीधे बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने मरीजों को बेहतर इलाज और सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। निरीक्षण के दौरान वे मेल वार्ड में भर्ती 60 वर्षीय मरीज गंगाराम से भी मिले और उनकी तबीयत के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि वे कमजोरी के कारण अस्पताल में भर्ती हुए थे, लेकिन चार दिन के उपचार के पश्चात अब बेहतर महसूस कर रहा हूं। उन्होंने यहां की व्यवस्था, उपचार और चिकित्सकों के व्यवहार की भी सराहना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने डायलिसिस वार्ड में किडनी पीड़ित मरीजों से मुलाक़ात की और उनके इलाज व स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने किडनी पीड़ित मरीज अतुल चंद्राकर से आत्मीयता के साथ बातचीत की और उनके स्वास्थ्य की कुशलक्षेम पूछा। जब अतुल चंद्राकर ने किडनी ट्रांसप्लांट के संबंध में मदद मांगी तो मुख्यमंत्री ने कहा कि डोनर की व्यवस्था होने के बाद सारा खर्च हम उठाएंगे। उन्होंने भर्ती सभी 6 मरीजों से चर्चा की।

युग पुरुष महाराणा प्रताप की भव्य मूर्ति का किया गया अनावरण

कवर्धा/नवप्रदेश। भारत के शौर्य और स्वाभिमान के प्रतीक, सनातन धर्म रक्षक, युग पुरुष महाराणा प्रताप की 484 वी जयन्ती ग्राम खैरझिटी में मनाई गई। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद श्री संतोष पाण्डेय और पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने विधि-विधान से पूजा अर्चना कर सनातन धर्म के रक्षक, युग पुरुष महाराणा प्रताप की भव्य मूर्ति का अनावरण किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने महाराणा प्रताप की वीरता को याद करते हुए जयघोष के नारे भी लगाए, जो पूरे क्षेत्र में गूंज उठे। अतिथियों ने महाराणा प्रताप के भव्य मूर्ति में दीप प्रज्ज्वलित और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज कबीरधाम जिले के ग्राम खैरझिटी में महाराण प्रताप जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह रमन सिंह के पहुंचने पर राजपूत क्षत्रिय समाज के पदाधिकारियों ने महाराणा प्रताप की स्मृति चिन्ह, शस्त्र भेटकर और पगड़ी पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम में पूर्व संसदीय सचिव श्री सियाराम साहू, कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष श्री सुरेश चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष श्री कैलाश चंद्रवंशी, कवर्धा के युवराज श्री मैकलेश्वर राज सिंह, श्री चंद्रशेखर वर्मा, जिला पंचायत सदस्य डॉ. बीरेन्द्र साहू, श्री रोशन दुबे, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा बघेल, उपाध्यक्ष श्री गणेश तिवारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री अनिल सिंह, पांचो परिक्षेत्र के अध्यक्षगण विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

नवागढ़ में गौ सेवकों की सतर्कता से मवेशी तस्करी का भंडाफोड़

■ **25 मवेशियों से भरा ट्रक पकड़ा, तीन तस्कर गिरफ्तार**

बेरहमी से भरे थे मवेशी

घटना के बाद चालक और हेल्पर ट्रक से कूदकर भागने की कोशिश करने लगे, पर गौ सेवकों ने अद्भुत फुर्ती और साहस दिखाते हुए दोनों को दौड़ाकर पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने कबूल किया कि वे मवेशियों को कत्लखाने ले जा रहे थे। ट्रक में जब गौ सेवकों ने झांका, तो 13 गाय, 2 बैल, 7 बछड़े और 3 बछिया – कुल 25 मवेशी बिना चारा-पानी के ठूंस-ठूंसकर भरे गए थे। यह दृश्य अत्यंत हृदयविदारक था – जानवरों की आंखों में भय और थकावट थी, और उनमें से एक गाय दम घुटने से मर चुकी थी।

नवागढ़/नवप्रदेश। क्षेत्र में मवेशी तस्करी के एक बड़े प्रयास को विफल करते हुए गौ सेवकों ने अपनी सतर्कता और साहस से तीन तस्करों को पकड़वा दिया। नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम गांगपुर में घटित इस घटना में 25 नग मवेशी से भरे ट्रक को जब्त किया गया। जिसमें एक गाय की मौत हो चुकी थी और अन्य मवेशी अमानवीय अवस्था में ठूंसे गए थे। इस पूरी कार्यवाही में नवागढ़ के बजरंग दल संयोजक व गौ सेवक रमेश यादव तथा उनके साथियों की भूमिका निर्णायक रही।

बुधवार की रात लगभग 9 बजे रमेश यादव को मोबाइल पर सूचना मिली कि ग्राम गांगपुर में एक ट्रक में मवेशी भरकर उन्हें कत्लखाने ले जाने की तैयारी की जा रही है। सूचना मिलते ही उन्होंने एक पल की देर किए बिना अन्य गौ सेवकों को जानकारी दी और सभी मिलकर बिना हथियार, बिना संसाधन, सिर्फ साहस और धर्म भावना के बल पर उस दिशा में रवाना हुए।

ग्राम गांगपुर की सीमा में पहुंचने पर एक संदिग्ध ट्रक सामने से आता दिखाई दिया। ट्रक को रोकने की कोशिश की गई, लेकिन चालक ने ट्रक को तेज रफ्तार में भगाकर नवागढ़ की ओर मोड़ दिया। गौ सेवकों ने बिना किसी पुलिस सहयोग के रात के अंधेरे में ट्रक का पीछा शुरू किया। यह पीछा करीब 25 किलोमीटर तक चला, जिसमें ट्रक नवागढ़ से होते हुए बेमेतरा की ओर भागा। ग्राम खपरी तालाब के पास ट्रक का टायर फट गया और वाहन एक पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया।

आरोपियों को पुलिस को सौंपा : इस पूरे घटनाक्रम की सूचना गौ सेवकों ने तत्काल पुलिस को दी। बाद में नवागढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक सहित दोनों आरोपियों को अपने कब्जे में लिया। तीसरे आरोपी की पहचान ग्राम गांगपुर निवासी राजू सतनामी के रूप में हुई, जिसे बाद में गिरफ्तार किया गया।

> हमें मवेशी तस्करी की सूचना मिलते ही टीम को सक्रिय किया गया। गौ सेवकों की सतर्कता और साहस की वजह से ट्रक और आरोपी समय रहते पकड़ में आ गए। वाहन में 25 मवेशी अमानवीय स्थिति में ठूंसे गए थे, जिनमें एक गाय की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। तीनों आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस आगे की जांच कर रही है ताकि मवेशी तस्करी से जुड़े अन्य लोगों तक भी पहुंचा जा सके।
>
> **अलील चंद, थाना प्रभारी नवागढ़**

बजरंग दल का साहस : इस पूरी कार्रवाई में बजरंग दल के संयोजक रमेश यादव के नेतृत्व में स्थानीय गौ सेवकों ने जो साहस और संगठन का परिचय दिया, वह समाज के लिए प्रेरणास्पद है। बिना किसी हथियार, पुलिस सहायता या सुरक्षा व्यवस्था के, इन गौ सेवकों ने अपनी जान की परवाह किए बिना अपराधियों का पीछा किया, उन्हें पकड़ा और दर्जनों मूक पशुओं की जान बचाई।

संस्थागत प्रसव करने में प्रथम स्थान है प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलर गांव

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिला के दूस्थल आदिवासी बहुमूल्य क्षेत्र नगरी विकासखंड में करीब 38000 की जनसंख्या को स्वास्थ्य सुविधा को लाभ प्रदान करने वाला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलर गांव अब संस्थागत प्रसव कराने मे नगरी विकासखंड में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केदो में से सबसे अव्वल रहा । यहां चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जय किशन नाग के नेतृत्व में वर्ष 2024 -25 में कुल 120 संस्थागत प्रसव कराकर नया रिकॉर्ड बनाया गया। विगत 1 वर्ष पहले मातृ मृत्यु दर संख्या 4 थी जिसे इस वर्ष डॉक्टर जय किशन नाग के रणनीति के तहत मितानिन फील्ड स्टाफ डॉक्टर द्वारा नियमित गर्भवती महिलाओं के घर-घर जाकर नियमित स्वास्थ जांच किया गया। जिससे मातृ मृत्यु दर घटकर एक पर आ गई है। वही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलर गांव में प्रसव पूर्व व प्रसव उपरांत महिलाओं को संपूर्ण चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है यहां के अधिकारी कर्मचारी नर्सिंग स्टाफ एवं फील्ड स्टाफ शासन द्वारा संचालित समस्त स्वास्थ्य कर्मियों को सुचारू रूप से क्रियावित कर रहे हैं।

अनुपस्थित करारोपण अधिकारी और सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के सीईओ जिला पंचायत ने दिए निर्देश

■ **जनपद पंचायत नगरी और मगरलोड के कार्यों की समीक्षा की**

धमतरी/नवप्रदेश। जिले के जनपद पंचायत मगरलोड एवं नगरी के सभाकक्ष में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रथम किश्त प्राप्त प्लिंथ स्तर पर लंबित मगरलोड विकासखंड के 1474 आवास एवं नगरी के 2988 आवास कुल 4462 आवासों को 15 दिवस में प्लिंथ स्तर तक प्रगतिपूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री आवास के अंतर्गत स्वीकृत आवासों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के माध्यम से 90 मानव दिवस की मजदूरी का भुगतान हेतु साप्ताहिक मस्टररोल जारी करने एवं आवास के भौतिक पूर्णता के पूर्व संपूर्ण मानव दिवस का भुगतान किये जाने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिये। ग्राम पंचायतों में सेंट्रिंग प्लेट हेतु समूह के माध्यम से खरीदी किया जाना हैं की जानकारी विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन को 15 दिवस के भीतर उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गये। जीपीडीपी कार्ययोजना के संबंध में सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि वर्ष 2025-26 का जीपीडीपी एक सप्ताह के भीतर अपलोड कराना सुनिश्चित करें। सभी करारोपण अधिकारी को निर्देशित किया कि ई-ग्राम स्वराज पोर्टल में सभी एन्ट्री समय-सीमा पर पूर्ण किये जावें। मेरी गांव मेरी पंचायत एप्प का सभी पंचायत सचिव डाऊनलोड करें। टैक्स वसूली की जानकारी भी ई-ग्राम में एंट्री की जावें। सभी पंचायत सचिवों को संपत्ति कर, स्वच्छता कर अनिवार्य रूप से जमा करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिए। वहीं ग्राम संगठन की महत्वपूर्ण बैठक में पंचायत सचिव अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। सुशासन तिहार में आवास, महतारी वंदन, आयुष्मान कार्ड, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत जाब कार्ड संबंधी मांगपत्र का त्वरित निराकरण करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिए।

वहीं सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया कि-मगरलोड विकासखंड के ग्राम पंचायत मोहेरा, सिंगपुर, मोंहदी, बिरझुली, भण्डारवाड़ी तथा नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत बेलरगांव, उमरगांव, घठुला, बिरगुड़ी, छुही, पाईकभाठा, घुटकेल, गढ़डोंगरी (मा.), फरसिया, करैहा, डोंगरडुला, बटनहर्रा, गोरेगांव, माकरदोना के सचिवों को अपने कार्यक्षेत्र में निर्माणाधीन आवासों की सही व स्पष्ट जानकारी नहीं देने के कारण कारण बताओ नोटिस जारी करें। इसी तरह महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में अनुपस्थित विकासखंड मगरलोड एवं नगरी के करारोपण अधिकारी को कारण बताओ नोटिस एवं सचिव का एक दिवस का वेतन कटौती करने का प्रस्ताव जिला कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश दिये।

अवैध धंधे पर लगाम | ग्राम धमकी में कबीरधाम पुलिस की बड़ी कार्यवाही

छापामार कार्रवाई में 15 आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम पुलिस द्वारा जिले में अवैध शराब व मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज दिनांक 08.05.2025 को ग्राम धमकी (पाराधीपारा) में एक बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया गया। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के कुशल निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कवधा कृष्ण कुमार चंद्राकर के नेतृत्व में संपन्न हुई।

विशेष पुलिस दल में थाना सिटी कोतवाली प्रभारी श्री लालजी सिन्हा, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक श्री मनीष मिश्रा, DRG सहित महिला एवं पुरुष पुलिस बल शामिल रहे, जिन्होंने संयुक्त रूप से इस अभियान को योजनाबद्ध ढंग से अंजाम दिया।

प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर आज सुबह लगभग 6:00 बजे ग्राम धमकी स्थित पाराधीपारा क्षेत्र में संदिग्ध मकानों की घेराबंदी कर एक साथ दबिश दी गई। मौके पर 15 आरोपी पुरुषों व महिलाओं को अवैध रूप से महुआ शराब निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय में संलिप्त पाते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

कार्यवाही के दौरान आरोपियों के पास से कच्चा महुआ, तैयार महुआ शराब, प्लास्टिक ड्रम, एल्यूमीनियम बर्तन, पाइप, उबालने की भट्टियाँ तथा अन्य निर्माण संबंधी उपकरण बड़ी मात्रा में बरामद किए गए। जब्त की गई सामग्री एवं शराब का मूल्य आंकलन उपरांत विधिसम्मत कार्यवाही हेतु संलग्न किया जा रहा है। समस्त आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार आरोपियों के नाम

राकेश पारधी पिता राही लाल पारधी, गोकूल पारधी पिता कोमल लाल पारधी , दिनेश पारधी पिता बालाराम पारधी, कुमार लाल पारधी पिता स्व जोधराम पारधी, मुकेश कुमार पारधी पिता कुमार पारधी, राहुल पारधी पिता मनोज पारधी, अश्वनी पारधी पिता आजूराम पारधी, सरोतन पारधी पिता स्व जोधराम पारधी, अश्वन पारधी पिता सन्ता लाल पारधी, पिन्टू पारधी पिता लाला राम पारधी, दिलीप पारधी पिता मीना लाल पारधी, बिशाल पारधी पिता लाला राम पारधी, किशन पारधी पिता मोहन लाल, रोशन पारधी पिता अमर लाल पारधी, सोनू पारधी पिता रामामनुज पारधी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यशवंत धोटे* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com